नई दिल्ली

गुरुवार, 18 दिसंबर 2025

पौष मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 245

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**

अधि. 22.0

न्यून. 11.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 84,559.65 | 120.21 ▼ |
| निफ्टी | 25,815.55 | 40.55 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 1,36,500/- | 600/- ▲ |
| चांदी | 2,05,800/- | 7300/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 90.38 | 55 पैसे ▲ |
| कूड ऑयल 60.17 बैरल | | 2.12% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

# नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल हुई एमएच-60आर हेलीकॉप्टर की दूसरी स्क्वॉड्रन

### गोवा में हंसा नौसैन्य अड्डे पर आयोजित किया गया विशेष समारोह, नौसेनाप्रमुख ने की इसकी अध्यक्षता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ पश्चिमी-सीमा पर बने हुए तनाव के बीच बुधवार को भारतीय नौसेना की रणनीतिक क्षमता में काफी बढ़ोतरी देखने को मिली है। कारण, बल के युद्धक बेड़े में अत्याधुनिक और दुनियाभर में अपनी अचूक मारक क्षमता के लिए मशहूर एमएच-60आर हेलीकॉप्टर की दूसरी स्क्वाड्रन शामिल हो गई है।

इस बाबत गोवा स्थित नौसेना के हंसा अड्डे पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने की। नौसेना ने 17 दिसंबर को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। ज्ञात हो कि नौसेना को यह हेलीकॉप्टर अमेरिका ▶▶ शेष पेज 5 पर






### स्क्वॉड्रन को मिला 'ओस्प्रे' नाम

नौसेना ने बताया कि हेलीकॉप्टर की इस स्क्वाड्रन को आईएनएएस 335 ओस्प्रे नाम दिया है। समारोह को संबोधित करते हुए नौसेनाध्यक्ष ने कहा कि देश के राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए यह आवश्यक है कि हम अपनी समुद्री सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाए। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना एमक्यू 9-बी सी गार्डियन ड्रोन की खरीद की दिशा में भी प्रगति के साथ आगे बढ़ रही है। क्योंकि इनकी मदद से हमारे समुद्री हितों को निरंतर रूप से समुद्री क्षेत्रों में निगरानी और जागरूकता के साथ आगे बढ़ाया जा सकेगा।

### अमेरिका से 2020 में हुआ था समझौता

24 एमएच-60आर हेलीकॉप्टरों की खरीद को लेकर भारत और अमेरिका की सरकारों (जी-टू-जी) के बीच वर्ष 2020 में कुल करीब 15,157 करोड़ का एक समझौता हुआ था। जिसके तहत नौसेना को अब तक करीब 9 से अधिक हेलीकॉप्टर सौंपे जा चुके हैं। जो उसके स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत के अलावा बल के अन्य जंगी युद्धपोतों पर देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा के लिए चौबीसों घंटे मुस्तैदी के साथ तैनात हैं। समझौते के अगले साल 2021 में पहले दो एमएच-60आर हेलीकॉप्टर नौसेना को अमेरिका से मिले थे। 2023 तक छठा हेलीकॉप्टर उसके बेड़े का हिस्सा बन गया। अब तक इन हेलीकॉप्टरों ने मालाबार, सिम्बेक्स, मिलन-24 जैसे युद्धाभ्यासों में भाग लेकर अपनी युद्धक और मारक क्षमता का बखूबी प्रदर्शन किया है।

### दुश्मन की पनडुब्बियों की खैर नहीं

एमएच-60आर हेलीकॉप्टर हर मौसम में हवाई अभियान चलाने में सक्षम है। इसका इस्तेमाल नौसेना द्वारा हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाकर उन्हें नष्ट करने के लिए किया जाएगा। बल की तकनीकी भाषा में इसे एंटी-सबमरीन वारफेयर (एएसडब्ल्यू) और एंटी सरफेस वारफेयर (एएसयूडब्ल्यू) कहा जाता है। इसके अलावा इन्हें बड़े पैमाने पर राहत-बचाव कार्यों, रात्रिकालीन खोज और बचाव अभियानों के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। क्योंकि ये हेलीकॉप्टर नाइट विजन गॉगल्स और फॉरवर्ड लुकिंग इन्फ्रारेड सुविधाओं से लैस हैं। बीते महीने 28 नवंबर को भारत ने अमेरिका के साथ 24 सीहॉक ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### राहुल का केस रायबरेली से लखनऊ में ट्रांसफर



**लखनऊ।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता के मामले में अब लखनऊ की विशेष कोर्ट में सुनवाई होगी। रायबरेली में सुनवाई के मामले में जान से मारने की धमकी मिलने के आरोप लगाकर कर्नाटक के विग्नेश शिशिर ने केस रायबरेली से बाहर ट्रांसफर करने का लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में याचिका दायर की थी।

### आईसीसी रैंकिंग में वरुण ने तोड़ा बुमराह का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। वह आईसीसी टी20 रैंकिंग में अपने देश के सबसे ज्यादा रेटिंग पाने वाले गेंदबाज बनें हैं। रैंकिंग में चक्रवर्ती ने हुए सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की। पहले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नाम सबसे अधिक रेटिंग पाने वाले गेंदबाज का रिकॉर्ड था।

### दोबारा न हों पूर्व सीजेआई पर जूता फेंकने जैसी घटनाएं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन पूर्व सीजेआई बीआर गवई पर अदालत कक्ष में जूता फेंकने के प्रयास जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपाय सुझाने को कहा। घटनाओं की रिपोर्टिंग को लेकर एक एसओपी तैयार करने के सुझाव भी मांगे। सीजेआई सूर्यकांत ने मामले की सुनवाई की।

### इथोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने दिया यह जरूरी संदेश

# विकासशील देशों की आवाज को मजबूत करने के लिए साथ खड़े हों भारत-इथोपिया: पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते मंगलवार को अपनी तीन देशों की राजकीय यात्रा के दूसरे पड़ाव यानी इथोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। अपने भाषण का आगाज उन्होंने भारत के लोगों की तरफ से इथोपियाई जनप्रतिनिधियों (सांसदों) को दोस्ती और सद्भावना की शुभकामनाओं के साथ किया।

पीएम ने कहा कि आज संसद को संबोधित करना और लोकतंत्र के इस मंदिर के जरिए इथोपिया के आम-लोगों, किसानों, उद्यमियों, गर्वित महिलाओं और युवाओं से संवाद करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। जो देश के भविष्य को आकार दे रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बतौर विकासशील देश होने के नाते भारत और इथोपिया को विकासशील देशों की आवाज को मजबूत करने के लिए एक साथ खड़ा होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय लड़ाई को मजबूत बनाने में एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए इथोपिया को धन्यवाद दिया। साथ ही एक ▶▶ शेष पेज 5 पर

**इथोपिया के अदवा विजय स्मारक पर पीएम ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि**



**दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई बैठक से निकले 8 परिणाम दस्तावेज**

**संपन्न हुई पीएम की इथोपिया यात्रा, ओमान पहुंचे**

एक विशेष सम्मान के तौर पर प्रधानमंत्री मोदी को अपनी कार में बैठाकर हवाईअड्डे तक छोड़ने के लिए आए इथोपियाई पीएम डॉ. अली

### 11 वर्षों में कई गुना बढ़े संबंध

अदीस अबाबा में मौजूद अफ्रीकी संघ को अफ्रीकी एकता के सपनों को साकार करने में निभाई गई अहम भूमिका का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2023 में भारत को जी-20 की अपनी अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में समूह में शामिल करने पर गर्व महसूस हुआ। भारत की केंद्र सरकार के 11 वर्षों में भारत-अफ्रीका संबंध कई गुना बढ़े हैं। इस अवधि में दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों और सरकार के प्रमुखों के स्तर पर 100 से अधिक दौरे हुए हैं। इसके अलावा उन्होंने अफ्रीका के विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन में महाद्वीप में 10 लाख प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वंदे मातरम का किया विशेष उल्लेख

प्रधानमंत्री ने दोनों के बीच स्थापित प्राचीन सभ्यतागत संबंधों को याद करते हुए कहा कि भारत-इथोपिया प्राचीन ज्ञान को आधुनिक महत्वाकांक्षा के साथ जोड़ते हैं। भारत का राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और इथोपिया का राष्ट्रगान दोनों अपनी भूमि को माता के रूप में संबोधित करते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने दोनों देशों के साझा संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि 1941 में इथोपिया की मुक्ति के लिए भारतीय सैनिकों ने वहां के सैनिकों के साथ मिलकर लड़ाई में अपना योगदान दिया था। आज इथोपिया के लोगों के बलिदानों का प्रतीक विजय स्मारक को श्रद्धांजलि देना उनके लिए सम्मान की बात है। अफ्रीकी देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित होने के लिए पीएम ने इथोपिया ▶▶ शेष पेज 5 पर

### साझा किए भारत के विकास अनुभव

प्रधानमंत्री मोदी ने इथोपिया के विकास, समृद्धि में भारतीय शिक्षकों और व्यापारियों के योगदान को याद किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के समक्ष डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, खाद्य प्रसंस्करण और नवाचार के साथ ही भारत के विकास के अनुभवों को साझा किया व इथोपिया की प्राथमिकताओं के तहत उसे विकास संबंधी सहायता जारी रखने के लिए अपनी ओर से देश की तत्परता व्यक्त की। वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत में शामिल मानवता की सेवा करने की भारत की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए पीएम ने कहा कि कोरोना महामारी के समय पर इथोपिया को वैक्सीन की आपूर्ति करना भारत के लिए सौभाग्य की बात थी।

### अफ्रीकी देश की संसद में लगाया पौधा

संसद में भाषण देने के बाद पीएम ने इथोपिया के प्रधानमंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक पेड़ मां के नाम और इथोपिया की ग्रीन लेगेसी पहल के तहत एक पौधा लगाया। अपनी एक्स पोस्ट में पीएम ने इसे एक बेहतर भविष्य के लिए साझा प्रतिबद्धता का नाम दिया।

### अपनी विदेश यात्रा के तीसरे और अंतिम पड़ाव ओमान पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

# मस्कट हवाईअड्डे पर हुआ रेड कार्पेट 'वेलकम'




**ओमान के रक्षा मामलों के उप-प्रधानमंत्री ने की पीएम की अगवानी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के तीसरे और अंतिम पड़ाव के रूप में बुधवार को ओमान की राजधानी मस्कट पहुंचे। जहां हवाई अड्डे पर उनका रेड कार्पेट बिछाकर भव्य स्वागत किया गया। ओमान के सैन्य बलों ने पीएम के प्रति विशेष सम्मान प्रदर्शित करते हुए उन्हें गार्ड ऑफ ऑर्नर दिया। अपनी एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री ने ओमान में हुए स्वागत की कुछ शानदार तस्वीरें साझा करते हुए बताया, मैं मस्कट, ओमान की राजधानी पहुंचा हूं। यह भारत के साथ अटूट मित्रता और गहरे ऐतिहासिक संबंधों की भूमि है। मेरी यह यात्रा दोनों देशों के बीच सहयोग के नए मार्ग तलाशने और हमारी आपसी साझेदारी को नई गति प्रदान करने का अवसर प्रदान करती है। विदेश मंत्रालय ने पूर्व में कहा था कि ओमान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री की वहां के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के साथ उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठकें होंगी। जिसमें दोनों ▶▶ शेष पेज 5 पर

### रक्षा मामलों के उप-पीएम के प्रति जताया आभार

एक अन्य पोस्ट में पीएम ने मस्कट हवाई अड्डे पर दिए गए शानदार स्वागत के लिए ओमान के रक्षा मामलों के उप-प्रधानमंत्री सैय्यद शिहाब बिन तारिक अल सईद के प्रति अत्यंत कृतज्ञता व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत और ओमान मित्रता पर उनके साथ विचारों का आदान-प्रदान करते हुए बहुत अच्छी बातचीत हुई है।

### अल्पसंख्यकों पर बढ़ते अत्याचार और बिगड़ते सुरक्षा हालात के बीच भारत का बड़ा एक्शन

विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब कर चरमपंथियों द्वारा ढाका में भारतीय मिशन के आसपास संकट पैदा करने की साजिश का ऐलान करने को लेकर जताई चिंता

# भारत ने बांग्लादेश में अस्थायी तौर पर बंद किया अपना वीजा आवेदन केंद्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में दिनों-दिन हिंदू अल्पसंख्यकों पर बढ़ते अत्याचार और बिगड़ते सुरक्षा हालात के बीच भारत ने एक बड़ा महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को ढाका में मौजूद अपने वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया है। केंद्र ने एक बयान में बताया कि आईवीएसी ने जमुना फ्यूचर पार्क (जेएफपी) स्थित अपने कार्यालय को बांग्लादेश के मौजूदा सुरक्षा हालातों के मद्देनजर फिलहाल अस्थायी तौर पर बंद करने का निर्णय लिया है। सार्वजनिक सूचना के तहत कार्यालय को आज दोपहर दो ▶▶ शेष पेज 5 पर



### उजागर हुई युनूस सरकार की नाकामी

यहां बता दें कि पिछले साल उग्र छात्र आंदोलन की वजह से देश छोड़ने पर मजबूर हुई तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत में शरण लेने के बाद से पड़ोसी देश के जमीनी हालात ठीक नहीं है। हालांकि वहां पर मोहम्मद युनूस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार का गठन किया गया है। जो कि चरमपंथियों तत्वों पर नकेल कसने में असफल साबित हुई है। बीते दिनों इसी अंतरिम सरकार के निर्देश पर बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण (आईसीजे) ने पूर्व प्रधानमंत्री हसीना के खिलाफ छात्र प्रदर्शनों ▶▶ शेष पेज 5 पर

**खारिज की चरमपंथी तत्वों की झूठी कहानी**

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से अपेक्षा जताते हुए कहा है कि वो ढाका में मौजूद भारतीय मिशन और कार्यालयों की सुरक्षा को अपने कूटनीतिक दायित्वों के हिसाब से सुनिश्चित करे। हमने बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब कर सुरक्षा संबंधी अपनी तमाम चिंताओं ▶▶ शेष पेज 5 पर

### म्यूनिख स्थित 'बीएमडब्ल्यू' की फैक्ट्री में राहुल के भारत में उत्पादन कम होने के बयान पर साधा निशाना

# विदेशी धरती पर राहुल गांधी का बयान भारत का अपमान: भाजपा

**'राहुल और जिम्मेदारी' कभी साथ नहीं चल सकते, उन्हें भारत में कोई अच्छाई दिखाई नहीं देती : पात्रा**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी का बार-बार इस प्रकार विदेश जाना और विदेशी धरती से भारत को अपमानित करना तथा भारत के खिलाफ बयान देना, कहीं न कहीं यह दिखाता है कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के मन में भारतवर्ष को लेकर कैसी भावना है। पात्रा ने बुधवार को मीडिया से कहा कि नेता प्रतिपक्ष का एक महत्वपूर्ण दायित्व होता है और विपक्ष के नेता को जिम्मेदाराना व्यवहार करना होता है विशेषकर जब वो विदेश की भूमि पर हों। देश में इस ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पृथ्वीराज चव्हाण का ऑपरेशन सिंदूर पर बयान अत्यंत आपत्तिजनक: संबित

डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत में कांग्रेस पार्टी के एक जाने-माने चेहरे पृथ्वीराज चव्हाण, गांधी परिवार, खासकर राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के काफी नजदीकी माने जाते हैं। बुधवार को पृथ्वीराज चव्हाण का एक बयान सामने आया, उन्होंने कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आरक्षित फ्लैट आवंटित कराने फर्जी दस्तावेज जमा किए

माणिकराव कोकाटे अस्पताल में भर्ती हुए

# अजित पवार गुट के खेल मंत्री माणिकराव को 2 साल की जेल

एजेंसी ▶▶ नासिक

महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। नासिक जिला और सेशंस कोर्ट ने राज्य के खेल मंत्री और अजित पवार गुट की एनसीपी के वरिष्ठ नेता माणिकराव कोकाटे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया।

यह कार्रवाई उस फैसले के एक दिन बाद हुई है, जिसमें कोर्ट ने कोकाटे और उनके भाई विजय कोकाटे को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत फ्लैट घोटाले में



दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। जिला और सेशंस जज पीएम बदर ने एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट रूपाली नरवाडिया को आदेश दिया था कि सजा पर तुरंत अमल किया जाए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया था कि अगर जुर्माना अदा नहीं किया गया तो दोषियों को एक महीने की अतिरिक्त जेल भुगतनी होगी। इसी आदेश के आधार पर गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू की गई है। हालांकि, कोर्ट के फैसले के बाद से ही माणिकराव कोकाटे और उनके भाई पहले नॉट रिचेबल बताए जा रहे थे। अब यह जानकारी सामने आई है कि दोनों किसी निजी अस्पताल में भर्ती हैं। कोकाटे भाइयों पर आरोप है कि उन्होंने नासिक शहर के कनाडा कॉर्नर जैसे ▶▶ शेष पेज 5 पर

## टोल नाकों से गाड़ियां अब 80 की स्पीड से निकलेंगी

हजारों करोड़ का ईंधन भी बचाएंगे और पर्यावरण को बचाने का भी काम करेंगे

# राज्यसभा में बोले गडकरी: अगले साल के अंत तक आएगी नई नीति, नहीं रुकना पड़ेगा टोल नाके पर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय सड़क एवं परिहवन मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा के माध्यम से देश को आश्वस्त किया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित विभिन्न टोल नाकों से गाड़ियां अब 80 की स्पीड से निकलेंगी। न टोल भुगतान के लिए इंतजार करना होगा और न ही जाम की स्थिति पैदा होगी।

इससे पर्यावरण में प्रदूषण से हम बचेंगे ही साथ में हजारों करोड़ रुपये के इंधन की बचत भी की जा सकेगी। उच्चसदन में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी विभिन्न दलों के सांसदों के सवालों का दे रहे थे। उन्होंने बताया कि अगले ▶▶ शेष पेज 5 पर



### दिल्ली से देहरादून अब दो घंटे में पीएम करेंगे नए एनएच का उद्घाटन

मेरठ की आंतरिक सड़कों पर राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले वाहनों का दबाव काफी है क्या केंद्रीय मंत्री मेरठ के आंतरिक सड़कों की बेहतर रखरखाव करने में मदद करेंगे-भाजपा के लक्ष्मीकांत वाजपेयी के सवाल के जवाब में नितिन गडकरी ने कहा कि इसकी जांच करवा कर आपको सूचित करूंगा,लेकिन इतना जरूर बताना चाहूंगा कि अभी दिल्ली से मेरठ केवल ▶▶ शेष पेज 5 पर

### टोल पर हो देरी तो टोल हो माफ

आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने कहा कि जब ये दावा है कि 60 सेकंड अधिकतम समय में गाड़ियां टोल नाका से पार हो रही हैं तो मंत्री जी ये नियम बना दें कि अगर पांच मिनट से ज्यादा टोल प्लाजा पर किसी फास्ट टैग यात्री को लगे तो उनका टोल माफ किया जाएगा! उन्होंने दावा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हर राज्यों को दिये जाएंगे एंबुलेंस के लिए फंड

कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर हो रही दुर्घटनाओं के देरी से एंबुलेंस पहुंचने से हो रही मौतों की संख्या बढ़ी है। इसे रोकने के लिए क्या इंतजाम किये जा रहे हैं? नितिन गडकरी ने कहा कि राज्य सरकारों को प्रति किमी राष्ट्रीय राजमार्ग के हिसाब से केंद्र से एंबुलेंस खरीदने और उसके रखरखाव के लिए फंड जारी करने की नीति पर काम हो रहा है ताकि संबंधित ▶▶ शेष पेज 5 पर

## पांच लोगों को किया गिरफ्तार

# 47 लाख के ऑनलाइन ट्रेडिंग स्कैम का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने 47 लाख के ऑनलाइन ट्रेडिंग स्कैम का भंडाफोड़ किया है। ठगी का यह नेटवर्क चीनी सरगना के इशारे पर चल रहा था। इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। तीन पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके है। इनके पास से मिले बैंकिंग क्रेडेंशियल्स पूरे भारत में एनसीआरपी पोर्टल पर कुल 1167 शिकायतों से जुड़े हुए पाये गये। यह सिंडिकेट डिजिटल अरेस्ट स्कैम में भी शामिल पाया गया है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार इस रैकेट ने भोले-भाले नागरिकों के विश्वास का फायदा उठाकर, डर दिखाकर और मनोवैज्ञानिक प्रेशर का इस्तेमाल करके उनकी मेहनत की कमाई लूटी है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम मनस्वी डोचक, मनीष मेहरा, मनजीत सिंह, सोमबीर और अतुल शर्मा हैं। इनकी गिरफ्तारी से साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के साइबर थाने में दर्ज 47,23,015 की ठगी का मामला सुलझाया गया है। मामले में शिकायतकर्ता पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट थे। उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से स्टॉक ट्रेडिंग योजनाओं को बढ़ावा देने वाले झूठे वादों के साथ आज खरीदें-कल बेचें और आईपीओ रेटिंग के झांसे में फंसाया गया। उनसे दो महीनों में फर्जी वेबसाइट पर निवेश करके धोखा दिया गया था। भुगतान विभिन्न चैनलों के माध्यम से कई व्यक्तिगत बैंक खातों में करवाया गया था। जब पीड़ित ने पैसे निकालने की कोशिश की, तो धोखेबाजों ने उसे धमकाया और पैसे ऐंठ लिये गये। मनी ट्रेल की जांच में पता चला कि ठगी गई 31,45,000 की राशि हर्षिता फर्नीचर्स एंड इंटीरियर्स के नाम पर खोले गये एक करंट अकाउंट में भेजी गई थी। इसके अलावा 23,80,000 (31.45 लाख में से) बुबाई इंस्टेंट शॉप ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए गए। उक्त फर्म का प्रोपराइटर साहिल यादव था और उक्त बैंक अकाउंट पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर आर्यन (सह-आरोपी) के नाम पर रजिस्टर्ड पाया गया, जिसे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। उक्त बैंक अकाउंट का इस्तेमाल धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन को चैनल करने के लिए बनाई गई एक शेल एंटिटी के रूप में किया गया था। ठगों ने धोखाधड़ी के पैसे को निकालने के लिए अलग-अलग बैंकों में सात करंट अकाउंट खोले थे। जांच में उक्त फर्म के अकाउंट से जुड़ी 131 एनसीआरपी शिकायतें भी सामने आई। यह भी पता चला कि आरोपी भोले-भाले निवेशकों को धोखाधड़ी वाली स्टॉक ट्रेडिंग योजनाओं में फंसाने के लिए नोएडा में एक ऑफिस भी चला रहे थे। वे अपने हैंडलर जैक निवासी उत्तम नगर और नोएडा को रिपोर्ट करते थे, जिसे चीन में रहने वाले टॉम से निर्देश मिलते थे। जैक की पहचान आशीष कुमार उर्फ जैक के रूप में हुई।

## आरजू-अनमोल बिश्नोई-हैरी बॉक्सर सिंडीकेट के पांच शूटर दबोचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने आरजू-अनमोल बिश्नोई-हैरी बॉक्सर सिंडीकेट के पांच शूटरों को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी चंडीगढ़, पंजाब और पंचकुला के तीन हाई प्रोफाइल मर्डर केस में वांटेड थे। दिल्ली पुलिस इस गिरफ्तारी को काफी अहम मान रही है।

एडिशनल सीपी पी एस कुशवाहा ने बताया कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के पूर्व सहयोगी इंदरप्रीत सिंह उर्फ पैरी की एक दिसंबर को चंडीगढ़ के सेक्टर-26 में एक क्लब से निकलने के कुछ ही समय बाद हत्या कर दी गई थी। पैरी जब अपनी एसयूवी में बैठा था तभी एक हमलावर ने उस पर करीब से गोली चलाई और अपने साथियों के साथ फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल पैरी को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया था। पुलिस ने इस हत्या के पीछे का कारण गिरोहों के बीच आपसी दुश्मनी होना बताया था। पैरी पहले बिश्नोई गिरोह से जुड़ा हुआ था, लेकिन ऐसा माना जाता है कि वह कनाडा स्थित गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के गिरोह में शामिल हो गया था। चंडीगढ़ के सेक्टर-33 के रहने वाले पैरी के खिलाफ केंद्र शासित प्रदेश और पंजाब में हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, मारपीट, दंगा और शस्त्र अधिनियम के तहत कई आपराधिक मामले दर्ज थे। लॉरेंस बिश्नोई के साथ पैरी का संबंध कॉलेज के दिनों से था, जहां उन्होंने 2010 में पंजाब विश्वविद्यालय के छात्र संगठन के माध्यम से छात्र राजनीति में प्रवेश किया था। दोनों अतीत में एक साथ जेल जा चुके हैं। पैरी की हत्या के तुरंत बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से जिम्मेदारी लेते हुए कहा था कि यह हत्या दुबई में उनके वित्तपोषक की हत्या का बदला लेने के लिए की गई थी।


### इंजीनियरिंग कार्य

**निविदा सूचना सं.: CON/2025/DEC/05; दिनांक: 11-12-2025।** अनुभवी और ख्यातिप्राप्त ठेकेदार (रों)/फर्म (मों) से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा पद्धति के जरिये खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैः- **निविदा सं.: CE/CON/JI/MIS/2025/16। कार्य का नाम:** डीवाई. सीई/कन/जिरीबाम यूनिट के अंतर्गत सेक्सन वांगाइचुंगपाओ (छोड़कर)- खोंगसांग (सहित) के बीच छोटे पुल सं. 44, 46, 54, 60, 61, 62 पर और ऊचे तटबंध की सुरक्षा कार्य और सहायक विभिन्न कार्य और ऊंचे तटबंध के बेंच में माइक्रोपाइल लगाना, सुरक्षा कार्य तथा सुरंग के प्रवेश द्वार पर रिटेनिंग वॉल का प्रावधान तथा छोटे पुल, सुरंग प्रवेश द्वार का विस्तार, भवन निर्माण कार्यो का रखरखाव और खोंगसांग (छोड़कर)- अवांगखुल (सुरंग-19/पी2 तक) सेक्शन में अन्य विविध कार्य डीवाई.सीई/कन-3/इंफाल इकाई के अंतर्गत, जिरीबाम-तुपुल (इंफाल) में नयी बीजी रेलवे लाइन के निर्माण के संबंध में है। **अनुमानित मूल्य:** ₹131,45,73,175.68; ई-निविदाएं **14-01-2026** को **14:30** बजे बंद होगी और **14-01-2026** को **15:30** बजे खुलेगी। निविदा और किसी भी शुद्धिपत्र के विवरणों के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** पर पधारें।

**मुख्य अभियंता/कन/मणिपुर प्रोजेक्ट/मालीगांव**
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
(निर्माण संगठन)
''ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ''


## एक किलो सोना लूटने वाले गिरोह का एक और सदस्य अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



फर्जी इनकम टैक्स रेड कर एक किलो सोने की लूट में शामिल एक और वांछित आरोपी को सेंट्रल रेंज, क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से 130.162 ग्राम चोरी का सोना और अपराध में इस्तेमाल की गई पल्सर बाइक बरामद हुई है।

डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार पकड़े गये आरोपी शख्स का नाम शेख अकरम (49) पुत्र शेख अंसार अली, निवासी 7/138, डीडीए फ्लैट्स, तीसरी मंजिल, मदनगीर, डॉ. अंबेडकर नगर, साउथ दिल्ली के रूप में हुई हैं। 27 नवंबर को इसने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रसाद नगर थाना इलाके के करोल बाग में स्थित एक ज्वेलरी बनाने वाली वर्कशॉप के मालिक को आयकर विभाग की रेड का डर दिखाकर एक किलो सोना जांच के नाम पर लूटा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि पांच से छह अज्ञात व्यक्ति उसकी वर्कशॉप में घुसे, जिनमें एक व्यक्ति ने दिल्ली पुलिस की फर्जी वर्दी पहनी हुई थी और चार अन्य सिविल कपड़ों में इनकम टैक्स अधिकारी बनकर आए थे। आरोपियों ने शिकायतकर्ता और उसके कर्मचारियों के मोबाइल फोन छीन लिए। परिसर की फर्जी तलाशी ली और बाद में 1 किलो 1 ग्राम सोना लेकर फरार हो गये थे। मौके से भागने से पहले उन्होंने वर्कशॉप में लगा सीसीटीवी डीवीआर भी हटा दिया था। जांच के दौरान प्रसाद नगर पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया था, जबकि अकरम फरार चल रहा था।

## बीड़ी को लेकर हुये विवाद में युवक की पीट पीटकर हत्या

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर इलाके में बुधवार को बीड़ी को लेकर हुए विवाद के बाद एक 28 वर्षीय युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम दीपक बताया गया है। हत्या के आरोप में 32 वर्षीय मनोज को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना शशि गार्डन में बस अड्डे के समीप हुई। पुलिस को इस संबंध में रात एक बजकर 24 मिनट पर सूचना मिली। पुलिस पंडित राम प्रसाद बिस्मिल कैंप मेन रोड, शशि गार्डन नजदीक झुग्गी नंबर 248 मौके पर पहुंची और दीपक को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई और कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने पुलिस पूछताछ में बताया कि बहस के दौरान पास ही पड़ी एक लकड़ी का डंडा उठाकर उसने पहले दीपक के सिर पर कई बार-बार वार किए। मृतक के माथे पर कई चोटों और खरोंचों के निशान पाए गए हैं। पुलिस ने हमले में इस्तेमाल खून से सना डंडा बरामद कर लिया है।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **84 BNSS**देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि 1.**सलमान उर्फ सलमी पुत्रः मौसम, पताः** मकान नं. ए–64, जनता कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली, 2.**विजय उर्फ जीत पुत्रः राम करण, पताः** मकान नं. ए–62, जी नं. 2, जनता मजदूर कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली, **FIR No. 199/2017, U/s 323/452/506/34 IPC** थानाः वेलकम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलमान उर्फ सलमी** और **विजय उर्फ जीत** मिल नहीं रहें हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलमान उर्फ सलमी** और **विजय उर्फ जीत** फरार हो गयें हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 199/2017, U/s 323/452/506/34 IPC** थानाः वेलकम, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सलमान उर्फ सलमी** और **विजय उर्फ जीत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं. 19, पहली मंजिल,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, शाहदरा, दिल्ली**

DP/16368/NE/2025
(Court Matter)



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी अर्जुन उर्फ छेदी, पुत्र** श्री. मन बहादुर, **पताः** स्टेट बैंक झुग्गी का ऊपरी हिस्सा, भागीरथ पैलेस, चांदनी चौक, **दिल्ली FIR No. 777/21, U/S: 392/411/34 IPC, पुलिस थानाः कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन उर्फ छेदी,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन उर्फ छेदी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन उर्फ छेदी, FIR No. 777/21, U/S: 392/411/34 IPC, पुलिस थानाः कोतवाली, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सायशा चड्डा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08 (केंद्रीय)**
**केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 272**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/16932/N/2025
(Court Matter)


## यमुना की सफाई के लिए 32 हाई-कैपेसिटी मशीनें होंगी तैनात : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में यमुना की सफाई के लिए सरकार ने 32 अत्याधुनिक और हाई-कैपेसिटी सफाई मशीनों की तैनाती को मंजूरी दी है, ताकि प्रदूषण को उसके स्रोत यानी दिल्ली के नालों पर ही रोका जा सके। ये सभी मशीनें मार्च से ऑपरेशनल होंगी।

मंगलवार को यह जानकारी देते हुए दिल्ली के सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि यमुना पुनर्जीवन अब केवल घोषणाओं पर नहीं, बल्कि कार्रवाई, तकनीक और जवाबदेही पर आधारित होगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य है बिना उपचारित कीचड़, सिल्ट और ठोस कचरे को यमुना में जाने से रोकना, जिसके लिए प्रमुख नालों की बड़े स्तर पर यांत्रिक सफाई की जाएगी। इस अभियान की शुरुआत नजफगढ़ ड्रेन से होगी, जिसे यमुना में प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत माना जाता है। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य प्रमुख नालों और यमुना के चिन्हित हिस्सों में सफाई कार्य किया जाएगा। प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि ये सभी मशीनें डीप डी-सिल्टिंग, कीचड़ निकासी, जलकुंभी और खरपतवार हटाने तथा जलभराव वाले दुर्गम क्षेत्रों की सफाई के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई हैं, जहां पारंपरिक तरीके वर्षों से असफल रहे हैं। इस योजना का पहला चरण दिसंबर में शुरू हो रहा है, जिसके तहत एम्फीबियस मल्टी पर्पज ड्रेजर फिनलैंड से दिसंबर के अंतिम सप्ताह में दिल्ली पहुंचेगा।

### इस बार मशीनें जनवरी से जमीन पर काम करेंगी

मंत्री प्रवेश ने कहा कि सालों तक यमुना सफाई फाइलों और प्रेस बयानों तक सीमित रही। इस बार मशीनें जनवरी से जमीन पर काम करेंगी। यही असली बदलाव है। पिछली लापरवाही पर सीधा प्रहार करते हुए मंत्री प्रवेश ने कहा कि यमुना में प्रदूषण वर्षों की उपेक्षा और पुराने सिस्टम का नतीजा है। हम आधुनिक, हाई-कैपेसिटी मशीनें और सख्त निगरानी लागू कर उस चक्र को तोड़ रहा। उन्होंने बताया कि भारी प्रदूषण भार को देखते हुए नजफगढ़ ड्रेन को सबसे पहले चुना गया है। यहां काम स्थिर होने के बाद मशीनों को अन्य महत्वपूर्ण नालों और यमुना के चिन्हित हिस्सों में तैनात किया जाएगा, ताकि प्रदूषण नदी में पहुंचने से पहले ही रोका जा सके।

### नाले साफ होंगे, प्रदूषण घटेगा, यमुना में दिखेगा सुधार

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि हमारी रणनीति बिल्कुल साफ है। नाले साफ होंगे, प्रदूषण घटेगा और यमुना में दिखाई देने वाला सुधार होगा। इसमें कोई बहाना और कोई ढिलाई नहीं होगी। अधिकारियों के अनुसार, यह योजना राउंड द क्लॉक ऑपरेशन, तेज सिल्ट हटाने और वैज्ञानिक निस्तारण पर आधारित है। एम्फीबियस मशीनें गहरे और दलदली इलाकों में भी काम करेंगी, जबकि हॉपर बार्ज सफाई सामग्री को तेजी से हटाने में मदद करेंगी। दैनिक प्रगति की निगरानी और विभागों के बीच समन्वय की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि यमुना सफाई एक निरंतर, मिशन मोड अभियान बनी रहे, न कि केवल मौसमी गतिविधि। मशीनें, मैनपावर और राजनीतिक इच्छाशक्ति अब एक साथ खड़ी हैं। संदेश स्पष्ट है कि यमुना सफाई अब इरादों से आगे बढ़कर स्थायी कार्रवाई के रास्ते पर आ चुकी है।


### पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड

PEARL
PET POLYETHYLENE TEREPHTHALATE JARS BOTTLES

**CIN No. L25209DL1971PLC005535**
**पंजीकृत कार्यालय :** ए–97/2, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–II, नई दिल्ली – 110020, भारत
**टेलीफोन नंबरः** +91–11–47385300
**ईमेलः** pearl@pearlpet.net, **वेबः** www.pearlpet.net

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध को पुनः जमा करने के लिए विशेष खिडकी खोली जा रही है**

सिक्योरिटीज एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के सर्कुलर नंबर SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97, तारीख 02 जुलाई, 2025 के अनुसार, शेयरहोल्डर्स को सूचित किया जाता है कि ट्रांसफर डीड्स को दोबारा जमा करने की सुविधा के लिए 07 जुलाई, 2025 से 06 जनवरी, 2026 तक छह महीने की अवधि के लिए एक स्पेशल विंडो खोली गई है। यह सुविधा केवल उन ट्रांसफर डीड्स के लिए उपलब्ध है जो 01 अप्रैल, 2019 से पहले जमा की गई थीं और जिन्हें डॉक्यूमेंट्स/प्रोसेस में कमी या किसी अन्य कारण से रिजेक्ट/वापस कर दिया गया था, उन्हें इस अवधि के दौरान गलतियों को सुधारने के बाद दोबारा जमा किया जा सकता है।

योग्य शेयरहोल्डर इस मौके का फायदा उठा सकते हैं और कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए), मास सर्विसेज लिमिटेड को जरूरी डॉक्यूमेंट्स देकर ट्रांसफर के रजिस्ट्रेशन के लिए दोबारा रिक्वेस्ट कर सकते हैं। आप info@masserv.com पर ईमेल कर सकते हैं या उनके ऑफिस टी–34, द्वतीय मंजिल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज – II, नई दिल्ली– 110020, फोन नंबर 011–26387281–83 पर या ज्यादा मदद के लिए कंपनी को pearlsecretarial@pearlpet.net पर लिख सकते हैं।

कृपया ध्यान दें कि ट्रांसफर सिर्फ डीमैट मोड में ही प्रोसेस किया जाएगा और शेयरहोल्डर्स को ट्रांसफर–कम–डीमैट रिक्वेस्ट के लिए बताए गए प्रोसेस को फॉलो करना होगा।

**पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड के लिए**
**हस्ताक्षरकर्ता/–**
**प्राची त्यागी**
**कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी**

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 17 दिसंबर 2025**


### गांधी नगर थाने के हेड कांस्टेबल पर रिश्वत के आरोप में एफआईआर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विजिलेंस यूनिट ने गांधी नगर थाने में तैनात एक हेड कांस्टेबल के खिलाफ रिश्वत लेने के आरोप में केस दर्ज किया है। आरोप है कि हेड कांस्टेबल ने एक मामले में शिकायतकर्ता से जांच बंद करने की बात कहकर रुपयों की मांग की थी। पीड़ित ने उसे दो बार में 35 हजार रुपये भी दिए। सबूत के तौर पर पीड़ित ने रिश्वत लेने के दौरान हेड कांस्टेबल की वीडियो भी जांच टीम को सौंपी। शिकायतकर्ता ने गांधी नगर थाना प्रभारी पर भी रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। फिलहाल हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार नहीं किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही उसे पूछताछ में शामिल किया जाएगा। विजिलेंस यूनिट के अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान गांधी नगर थाने के एसएचओ भी बुलाया जाएगा। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि गांधी नगर थाने में एक शख्स ने वर्ष 2022 में धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र का एक मामला दर्ज करवाया था। केस की जांच जारी थी। आरोप है कि थाने के पुलिसकर्मियों की ओर से उन पर पैसे देने का दबाव बनाया गया। पैसे न देने पर केस की जांच बंद करने की बात कही। पीड़ित ने एसएचओ पर भी पैसे मांगने का आरोप लगाया। थाने के अधिकारियों के कहने पर हेड कांस्टेबल ने उनके घर आकर दो बार में 35 हजार रुपये लिए। मामले की जांच पीड़ित ने शाहदरा जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से की। इसके बाद जांच में हेड कांस्टेबल पर लगे आरोप सही पाए गए। अब मामले की जांच की जा रही है।

### रोहिणी में खुलेगा डीसीएचएफसी का नया कार्यालय : इंद्राज सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्लीवासियों को सस्ता, सरल और पारदर्शी आवास ऋण उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली सहकारी आवास वित्त निगम लिमिटेड (डीसीएचएफसी) का विस्तार होगा। दिल्ली सरकार के सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह इस बाबत डीसीएचएफसी अधिकारियों को विभागीय समीक्षा बैठक में आवश्यक निर्देश दिए हैं। इस क्रम में अगले माह रोहिणी में डीसीएचएफसी का नया कार्यालय खोला जाएगा, जिससे उत्तर-पश्चिम दिल्ली सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। यह सीरी फोर्ट के बाद दिल्ली में डीसीएचएफसी का दूसरा कार्यालय होगा। बैठक में डीसीएचएफसी के लगातार विस्तार के निर्देश भी दिए गए हैं। समीक्षा बैठक में कैबिनेट मंत्री ने निगम के कार्य-प्रदर्शन, ऋण वितरण, वसूली की स्थिति, वित्तीय सुदृढ़ता तथा भविष्य की विस्तार योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक में विस्तार योजनाओं, जन-जागरूकता अभियानों तथा भविष्य की रणनीति के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई।

### नेशनल हेराल्ड मामले पर दिल्ली कांग्रेस का प्रदर्शन लगाए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में न्यायालय द्वारा सुनवाई करने से मना करने के बाद हमलावर हुई कांग्रेस की दिल्ली यूनिट ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में भाजपा मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों के हाथों के बैनरों पर पीएम नरेंद्र मोदी व ईडी आदि के विरोध में नारेबाजी लिखी हुई। प्रदर्शनकारी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन पर एक जुटे हुए और नारेबाजी करते हुए करीब ही स्थित भाजपा मुख्यालय की तरफ बढ़े। लेकिन सुरक्षा के लिहाज से सुरक्षा एजेंसियों ने बेरीकेडिग आदि करके रोकने की कोशिश की। पुलिस द्वारा आगे बढ़ने से रोकने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ तीखी नौंक झौंक भी हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नही मानने के बाद पुलिस ने प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित कई नेताओं को हिरासत में लेकर आईपी स्टेट पुलिस स्टेशन ले गए, जहां बाद में सभी को छोड़ दिया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में यादव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर जांच एजेंसियों ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के खिलाफ फर्जी मामले किए। लेकिन अंत में माननीय न्यायालय ने सुनवाई करने से ही मना कर दिया। उन्होंने कहा कि इससे साबित होता है कि केंद्र सरकारी एजेंसियों का किस हद तक दुरूपयोग कर रही है। यादव ने कहा कि भाजपा राहुल गांधी की आवाज को लगातार दबाने की कोशिश कर रही है।


### उत्तर रेलवे

निविदा सूचना
ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| एन आई टी | 65, 66, 67, 68 & 69- 2025-26-डब्ल्यू-5 | | |
|---|---|---|---|
| **काम का नाम (स्थान के साथ) :** 65. सहायक मंडल अभियंता / हज़रत निजामुद्दीन के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/हज़रत निजामुद्दीन के सेक्शन में रैनी वेल और तुगलकाबाद के बीच MS/CI/DI रैनी वेल पाइपलाइन का दो साल के लिए सालाना मरम्मत/ रखरखाव का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | | | |
| 66. सहायक मंडल अभियंता / हज़रत निजामुद्दीन के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एम/तुग़लकाबाद के अनुभाग में तुग़लकाबाद सेक्शन में रनिंग स्टाफ के लिए पुरानी रनिंग रूम और लॉबी बिल्डिंग को अलग–अलग सुविधाओं के साथ अपग्रेड करने का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति :** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | | | |
| 67. वरिष्ठ मंडल अभियंता पंचम के तहत एसएसई /डब्ल्यू/हज़रत निजामुद्दीन सेक्शन में DSJ में पंप हाउस के साथ ओवरहेड टैंक (450 KL) और अंडरग्राउंड टैंक (225 KL) का निर्माण और पानी सप्लाई सिस्टम में सुधार का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति :** रीइन्फोर्स्ड सीमेंट कंक्रीट ओवर हेड टैंक / RCC फ्रेम वाले स्ट्रक्चर का निर्माण/मरम्मत का कार्य। | | | |
| 68. सहायक मंडल अभियंता / हज़रत निजामुद्दीन के तहत तुगलकाबाद में ट्रैक मशीन डिपो में स्टाफ ऑफिस और संबंधित सुविधाओं के निर्माण के साथ–साथ शेड का प्रावधान का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति :** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | | | |
| 69. सहायक मंडल अभियंता / हज़रत निजामुद्दीन के तहत एसएसई/डब्ल्यू/हज़रत निजामुद्दीन सेक्शन में दिल्ली इंदरपुरी हॉल्ट पर FOB का बचा हुआ काम। **समान कार्य की प्रकृति :** चल रहे ट्रैक में गर्डर, प्लेट गर्डर, FOB आदि के माध्यम से गर्डरों का निर्माण, आपूर्ति, संयोजन, इरेक्शन और लॉन्चिंग/लगाना। | | | |
| काम की अनुमानित लागत (रुपये) | 65. Rs. 14999618.90 | 66. Rs. 19737081.12 | 67. Rs. 32411429.14 |
| | 68. Rs. 40595929.57 | 69. Rs. 37578541.39 | |
| **अग्रिम राशि (रुपये) :** (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः– रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आई आर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा..।) | | | |
| 65. Rs. 225000.00 | 66. Rs. 248700.00 | 67. Rs. 312100.00 | |
| 68. Rs. 353000.00 | 69. Rs. 337900.00 | | |
| काम की समाप्ति अवधि | 65. 18 महीने | 66. 06 महीने | 67. 08 महीने |
| | 68. 12 महीने | 69. 08 महीने | |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 09.01.2026 को 15:00 बजे तक तथा 09.01.2026 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। | | |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | | |

सं. 128-W/280/OET/2025-26/W-V/NIT-65, 66, 67, 68 & 69-2025-26 दिनांकः 16.12.2025 3887/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### निगम प्रशासन से की ऑनलाइन चालान की मांग

# निगम का स्वच्छता चालान ऑनलाइन नहीं होने से लोग परेशान

दया राम ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर काटे जाने वाले चालान की राशि अब तक ऑनलाइन न हो पाने से राजधानी दिल्ली के नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने, कूड़ा फेंकने और अन्य स्वच्छता संबंधी नियम तोड़ने पर चालान तो काटे जा रहे हैं, लेकिन उनकी भुगतान प्रक्रिया अब भी स्पष्ट और सुगम नहीं हो सकी है। दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन कार्यालय में चालान का भुगतान करने के लिए आये नागरिकों ने बताया कि मौके पर चालान काटने के बाद उन्हें कोर्ट में कैश माध्यम से भुगतान करने के लिए कहा जाता है। जबकि देश की केंद्र सरकार ऑनलाइन भुगतान के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन भुगतान का विकल्प न होने के कारण लोगों को निगम कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते हैं। इससे न केवल समय की बर्बादी होती है, बल्कि पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े होते हैं। कुछ नागरिकों ने बताया कि बोर्ड पर चालान की राशि सैकड़ों में होती है लेकिन वसूली हजारों में होती है। वहीं, इस संबंध में डेम्स समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर ने कहा है कि जल्द ही इस दिशा में सुधार के लिए आलाधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी और समाधान निकालने के प्रयार किए जाएंगे।

### अन्य सेवाएं ऑनलाइन हैं तो यह क्यों नहीं

चालान का भुगतान करने वाले लोगों का आरोप है कि ऑनलाइन सिस्टम लागू न होने से मनमानी और भ्रष्टाचार की गुंजाइश बनी रहती है। नागरिकों का कहना है कि जब प्रॉपर्टी टैक्स, पार्किंग शुल्क और अन्य सेवाएं ऑनलाइन हो सकती हैं, तो स्वच्छता चालान की राशि ऑनलाइन क्यों नहीं की जा रही।

### पारदर्शी, ऑनलाइन भुगतान प्रणाली लागू करे निगम प्रशासन

दूर दराज इलाकों से चालान का भुगतान करने के लिए यहां आने वाले नागरिकों की मांग है कि दिल्ली नगर निगम तुरंत स्वच्छता चालान के लिए एक पारदर्शी, आसान और 100 प्रतिशत ऑनलाइन भुगतान प्रणाली लागू करें, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों से निजात मिल सके और स्वच्छता अभियान पर लोगों का भरोसा बना रहे।




## कपिल मिश्रा ने दिल्ली सचिवालय में प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

# 'पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के खाते में 10-10 हजार रुपये भेजेगी दिल्ली सरकार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




प्रदूषण बढ़ने पर लागू ग्रैप तीन के दौरान निर्माण कार्य बंद होने से प्रभावित निर्माण मजदूरों की मदद के लिए दिल्ली सरकार ने गुरुवार को दिल्ली के सभी पंजीकृत निर्माण मजदूरों के खाते में 10-10 हजार भेजने की घोषणा की है। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने दी है।

श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सचिवालय में गुरुवार को प्रेसवार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता द्वारा लिए गए अहम निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रैप के दौरान दिल्ली में निर्माण कार्यों को बंद करने का फैसला लिया गया है जिससे दिहाड़ी पर काम करने वाले निर्माण मजदूरों की आजीविका पर प्रभाव पड़ा है। इस विषय को लेकर सरकार चिंतित है, इसलिए दिल्ली सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए ग्रैप के दौरान बंद रहे निर्माण कार्यों की वजह से श्रमिकों की आय की क्षतिपूर्ति करने का निर्णय लिया है। दिल्ली सरकार ने पंजीकृत और सत्यापित निर्माण मजदूरों को 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने का निर्णय लिया है। मंत्री कपिल मिश्रा ने प्रेसवार्ता में कहा कि निर्माण श्रमिकों के लिए चल रही पंजीकरण प्रक्रिया के अंतर्गत सत्यापन भी लगातार जारी है। इस व्यवस्था में दो चरण शामिल हैं- पहला पंजीकरण और दूसरा सत्यापन। श्रम विभाग पूरी क्षमता और गंभीरता के साथ इस कार्य में जुटा हुआ है। जैसे-जैसे सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होती जाएगी, उसी क्रम में लाभार्थियों के बैंक खातों में सहायता राशि स्थानांतरित कर दी जाएगी।कपिल मिश्रा ने बताया कि वायु गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से 'वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग' (सीएक्यूएम) और पर्यावरण विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप श्रम विभाग ने सभी सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत दिल्ली के सभी सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों में अधिकतम 50 प्रतिशत कर्मचारियों की भौतिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से सीमित की जाएगी जबकि शेष 50 प्रतिशत कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम अनिवार्य होगा। पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि आज जिस तरह की राजनीति की जा रही है, वह देश की राजधानी दिल्ली के लिए उचित नहीं है।

### आवश्यक सेवाओं को रहेगी छूट

मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि यह दिशा-निर्देश आवश्यक सेवाओं पर लागू नहीं होंगे। इनमें अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवाएं, अग्निशमन सेवाएं, जेल प्रशासन, सार्वजनिक परिवहन, विद्युत विभाग, प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विभाग, वन विभाग और जल बोर्ड आदि शामिल हैं। साथ ही उन्होंने अपील की कि सभी संस्थान कार्य समय में लचीलापन अपनाएं, कार पुलिंग को प्रोत्साहित किया जाए और निजी वाहनों के उपयोग को कम से कम किया जाए। इन सभी दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है और अनुपालन न होने की स्थिति में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 15 एवं 16 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।

# दिल्ली में आज से 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' व्यवस्था लागू : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- आदेश पालन के लिए 126 चेकपॉइंट्स पर 580 पुलिसकर्मी और 37 प्रखर वैन और पेट्रोल पंपों व बॉर्डर पर परिवहन विभाग की टीमें रहेगी तैनात

दिल्ली सरकार वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ठोस और समन्वित कदम उठा रही है। इसी कड़ी में आज शुक्रवार से दिल्ली में दिल्ली में 'नो पीयूसी, नो फ्यूल नियम' को सख्ती से लागू हो गया है। इसके साथ ही गैर-बीएस-6 बाहरी राज्यों के वाहनों को दिल्ली की सीमाओं से ही वापस भेजा जाएगा। इस बात की घोषणा दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पेट्रोल पंप डीलर संघ और वरिष्ठ ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद की।

सिरसा ने कहा कि उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बिना वैध पीयूसी प्रमाणपत्र किसी भी वाहन को ईंधन नहीं दिया जाएगा। पेट्रोल पंपों पर एएनपीआर कैमरे, वॉइस अलर्ट और पुलिस सहयोग के साथ यह व्यवस्था लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, यह हम सबकी साझी जिम्मेदारी है। पीयूसी के बिना ईंधन देना प्रतिबंधित है और सभी डीलरों को इसका पालन सुनिश्चित करने में सहयोग देना होगा।बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने जानकारी दी कि 126 चेकपॉइंट्स और बॉर्डर प्वाइंट्स पर 580 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जिनके साथ 37 प्रखर वैन भी होंगी। इसके अलावा परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीमें पेट्रोल पंपों और बॉर्डर चेकपॉइंट्स पर मौजूद रहेंगी ताकि नियमों का प्रभावी पालन हो सके। वहीं नागरिकों से अपील करते हुए सिरसा ने कहा कि यह अभियान किसी को परेशान करने के लिए नहीं है, बल्कि दिल्ली की हवा को सांस लेने लायक बनाने के लिए है। यदि किसी वाहन के पास पीयूसी नहीं है, तो पास के केंद्र से इसे बनवाएं। पेट्रोल पंप स्टाफ या अधिकारियों से सहयोग करें। यह कदम आपके बच्चों के स्वास्थ्य और दिल्ली के भविष्य के लिए है।

पीडब्ल्यूडी ने गड्ढों की निगरानी के लिए स्थायी व्यवस्था भी शुरू की है, जिसमें थर्ड पार्टी एजेंसी द्वारा सर्वे कर 72 घंटे के भीतर मरम्मत सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही एक स्वतंत्र एजेंसी साल भर गड्ढों का डेटा एकत्र कर प्रदूषण नियंत्रण उपायों के जमीनी क्रियान्वयन का ऑडिट करेगी। उन्होंने कहा कि हम केवल नीतियां नहीं बना रहे, बल्कि उन्हें जमीन पर उतार रहे हैं। दिल्ली सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय भी लगातार बनाए हुए है।

## दिल्ली सरकार ने ऊंचे पहाड़ी इलाकों में तैनात सैनिकों को उपलब्ध कराए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर : डॉ. पंकज

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने ऊंचे पहाड़ी इलाके और अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के लिए 25 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और 25 बाई-लेवल पॉजिटिव एयरवे प्रेशर मशीनें उपलब्ध कराई हैं, यहां ऑक्सीजन का लेवल बेहद कम होता है। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी है। डॉ. पंकज ने बताया कि यह मेडिकल उपकरण संबंधित मेडिकल रेजिमेंट के अनुरोध पर दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ऑक्सीजन शाखा के सहयोग से मुहैया कराए गए हैं। दिल्ली सरकार ने यह कदम राष्ट्रीय हित और अत्यंत कठिन हालात में देश की सेवा कर रहे सैनिकों के कल्याण को सर्वोपरि मानते हुए उठाया है। डॉ. पंकज ने कहा कि देश के ऐसे दुर्गम और प्रतिकूल वातावरण में तैनात सैनिकों को हाइपोक्सिया (ऑक्सीजन की कमी से होने वाली समस्या) और उससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा सबसे ज्यादा रहता है।

## डीएमआरसी का दूसरा मेट्रो संग्रहालय जनता के लिए तैयार, सीएम ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने लोगों को नव वर्ष पूर्व ही एक तोहफा देते हुए अपना दूसरा मेट्रो म्यूजियम (संग्रहालय) शुरू किया है। यह आधुनिक मेट्रो संग्रहालय 19 दिसंबर 2025 शुक्रवार से आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। नई दिल्ली स्थित सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर स्थापित अत्याधुनिक दिल्ली मेट्रो संग्रहालय का बुधवार को सीएम रेखा गुप्ता ने औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, व डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली मेट्रो संग्रहालय की सराहना करते हुए कहा कि यह म्यूजियम संग्रहालय केवल हिस्ट्री ही नहीं दिखाते बल्कि वो ऐतिहासिक फैसले भी जीवित रखते है जिन्हें कई विज़न के साथ लेकर आने वाली पीढ़ियों के लिए रास्ते खोले जाते है। सीएम ने कहा कि आज का यह म्यूजियम हमारे बच्चों को दिल्ली मेट्रो के एक्सपर्ट इंजीनियरिंग का उदाहरण दिखाने वाला साबित होगा।

# धूल प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली सरकार का व्यापक अभियान

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सड़क धुलाई और सफ़ाई अभियान में स्वयं भाग लेकर इस मुहिम को दी नई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार राजधानी में धूल प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ज़मीनी स्तर पर व्यापक और तकनीक-आधारित अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने सिविल लाइंस स्थित खैबर पास चौक पर रिंग रोड पर चल रहे सड़क धुलाई और सफ़ाई अभियान में स्वयं भाग लेकर इस मुहिम को नई गति दी। मुख्यमंत्री ने सड़क धुलाई, मैकेनिकल स्वीपिंग और ऑन-ग्राउंड निरीक्षण के ज़रिये यह संदेश स्पष्ट किया कि प्रदूषण नियंत्रण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण के कई कारण हैं—वाहनों का उत्सर्जन, धूल-मिट्टी का उड़ना, खुले में लकड़ी या कचरा जलाना, उद्योगों से निकलने वाला धुआँ और पराली। ये सभी मिलकर हवा में प्रदूषण की मोटी परत बनाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार हर मोर्चे पर एक साथ कार्रवाई कर रही है।

धूल नियंत्रण के तहत राजधानी की प्रमुख सड़कों, विशेषकर रिंग रोड पर, नियमित रूप से सड़क धुलाई, पानी का छिड़काव और मैकेनिकल स्वीपिंग की जा रही है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपील की कि वे भी सार्वजनिक परिवहन, कार-पूलिंग और स्वच्छ विकल्प अपनाकर इस अभियान का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ हवा तभी संभव है जब सरकार और जनता मिलकर जिम्मेदारी निभाएं।

1.) 536 टीमें धूल नियंत्रण के लिए तैनात
2.) 388 एंटी-स्मॉग गन से रोज़ाना 5,000 किमी क्षेत्र कवर
3.) 270 वॉटर स्प्रिंकलर से 2,000 किमी सड़कों पर छिड़काव
4.) रिंग रोड पर 200 वाटर-स्प्रिंकलर वाहन प्रतिदिन सक्रिय
5.)75 मैकेनिकल रोड स्वीपर से 2,600 किमी की दैनिक सफ़ाई



DIP/Shabdarth/Advertorial/0098/25-26

## पीयूसी जाँच अभियान साफ हवा की दिशा में सरकार का अनुशासित कदम




**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राजधानी में वाहन-जनित प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सख़्त और व्यवस्थित पीयूसी की रोजाना, व्यापक स्तर पर जाँच कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि वाहन चालकों में स्वच्छ ईंधन और ज़िम्मेदार परिवहन के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में पीयूसी नियमों के प्रवर्तन को ज़मीनी स्तर पर मज़बूत किया गया है। बिना वैध पीयूसी प्रमाणपत्र चलने वाले वाहनों पर सख़्त कार्रवाई की जा रही है, ताकि सड़कों पर धुआँ उत्सर्जित करने वाले वाहनों पर नियंत्रण किया जा सके।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि पीयूसी जाँच केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि दिल्ली की हवा को स्वच्छ रखने का एक आवश्यक उपकरण है। विशेष प्रवर्तन टीमें सड़कों पर तैनात हैं, जो न केवल दस्तावेज़ों की जाँच कर रही हैं, बल्कि अत्यधिक धुआँ छोड़ने वाले वाहनों पर तुरंत कार्रवाई भी कर रही हैं। ऑटोमेटिक नंबर प्लेट पहचान प्रणाली और ऑन-ग्राउंड निरीक्षण के माध्यम से निगरानी को और प्रभावी बनाया गया है।

इस अभियान का सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। पीयूसी अनुपालन बढ़ा है और नागरिकों में यह समझ विकसित हो रही है कि स्वच्छ हवा की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर वाहन चालक की है। दिल्ली सरकार का स्पष्ट संदेश है—नियमों का पालन कीजिए, स्वच्छ ईंधन अपनाइए और राजधानी की हवा को बेहतर बनाने में सहभागी बनिए।

1.) 2025 में अब तक 41 लाख से अधिक पीयूसी प्रमाणपत्र जारी
2.) बिना वैध पीयूसी के 8 लाख से अधिक चालान
3.) 589 टीमें वाहन प्रदूषण नियंत्रण में तैनात
4.) अत्यधिक धुआँ छोड़ने वाले वाहनों पर विशेष कार्रवाई

## दिल्ली सरकार का औद्योगिक प्रदूषण पर सख्त प्रहार

**नई दिल्ल।** दिल्ली सरकार ने राजधानी की वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए औद्योगिक प्रदूषण के खिलाफ़ निर्णायक और व्यापक अभियान शुरू किया है। वर्षों से पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन कर रही इकाइयों पर अब सख़्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि औद्योगिक विकास और जनस्वास्थ्य के बीच संतुलन बनाते हुए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना।

मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्रों, नॉन-कनफॉर्मिंग इलाकों और पुनर्विकास क्षेत्रों में विस्तृत सर्वे और निरीक्षण किए जा रहे हैं। डीपीसीसी, जिला प्रशासन और स्थानीय निकायों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रदूषण फैलाने वाली किसी भी इकाई चाहे निजी हो या सरकारी के खिलाफ़ तत्काल और निष्पक्ष कार्रवाई की जाए।

सरकार ने निगरानी व्यवस्था को और मज़बूत करते हुए ऑनलाइन एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम को अनिवार्य बनाया है, जिससे औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले उत्सर्जन पर रियल-टाइम नज़र रखी जा सके। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माने, नोटिस, सीलिंग और संचालन बंद करने जैसी कार्रवाइयाँ की जा रही हैं।

यह अभियान केवल दंडात्मक नहीं, बल्कि सुधारात्मक भी है। सरकार उद्योगों को प्रदूषण नियंत्रण तकनीक अपनाने और पर्यावरण-अनुकूल संचालन के लिए प्रोत्साहित कर रही है। दिल्ली सरकार का स्पष्ट संदेश है - रोज़गार और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाते हुए स्वच्छ हवा सुनिश्चित करना।



1.) सभी डीएम को 28 अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र और 27 पुनर्विकास क्षेत्र का 7 दिन में सर्वे करने के निर्देश
2.) 65 विशेष टीमें औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण में तैनात
3.) 1700 से अधिक निरीक्षण, 800+ इकाइयाँ चिन्हित
4.) 9 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना, दर्जनों इकाइयों पर सीलिंग/क्लोज़र
5.) प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों पर नोटिस और सीलिंग

## खबर संक्षेप

### डेढ़ लाख की लूट हथियार दिखाकर डराया



**फरीदाबाद।** सारन थाना क्षेत्र इलाके में मोदी चौक में माचिस और टॉफी की पेमेंट लेकर जा रहे एक सेल्समैन से पल्सर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने हथियार के बल पर करीब डेढ़ लाख रूपए लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। लूट की सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस जांच अधिकारी दुलीचंद ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव फरीदपुर का रहने वाले चमन सेल्समैन का काम करता है।

### कोर्ट का अहलमद होमगार्ड समेत 3 धराए



**फरीदाबाद।** वाहनों के चालान में अपराध की डिग्री और जुर्माना राशि कम करके सरकार को राजस्व को चूना लगाने के मामले में एक होमगार्ड, कोर्ट के एक अहलमद और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस की जांच में 25 चालान ऐसे पाए गए जिनमें गड़बड़ी की गई थी। आरोपी होमगार्ड शुभम ट्रैफिक चालान शाखा में तैनात था, जबकि अहलमद वीरेंद्र जेएमआईसी सरिता सोलंकी की कोर्ट में नियुक्त था।

### डॉक्टरों ने 47 वर्षीय मरीज का पैर कटने से बचाया



**गुरुग्राम।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स के चिकित्सकों ने बोन ट्यूमर से ग्रस्त 47-वर्षीय मरीज के पैर की जटिल रीकंस्ट्रक्शन सर्जरी करके उसे एक नई जिंदगी दी है। चिकित्सकों ने मरीज का पैर कटने से बचा दिया, जिसके चलते उसकी दिनचर्या प्रभावित नहीं होगी। 47-वर्षीय इस मरीज के बाएं घुटने के नजदीक स्थित एक बड़े आकार के ट्यूमर से जब उनकी चलने-फिरने की क्षमता के लिए खतरा पैदा हो गया।

# महापौर दयाल ने शहर में किए 8 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गाजियाबाद

महापौर सुनीता दयाल ने बुधवार को शहर के विभिन्न वार्डों में 8 करोड़ के 15वें वित्त आयोग व अपने कोटे के विकास कार्यो के शिलान्यास किया। इस अवसर पर महापौर ने लोगों से शहर को साफ सुथरा रखने की अपील की। विकास कार्यःउन्होंने वार्ड 89 वैशाली स्थित कंपोजिट विद्यालय का पुनः निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ 55 लाख है।

वार्ड 57 मकनपुर गाँव में तालाब से बाल्मीकि चौक होते हुए एन एच 9 तक सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 84 लाख है। वार्ड 61 वसुंधरा गुर्जर चौक से मेवाड़ कॉलेज होते हुए सेक्टर 1 के कट तक आर सी सी नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 3 करोड़ 34 लाख है। वार्ड 32 मेरठ रोड मेजर आशाराम त्यागी की प्रतिमा से कृष्णा नगर मंगल बाजार रोड तक आर सी सी नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 44 लाख है।

जोन वसुंधरा, इंदिरापुरम व कविनगर को विकास की सौगात



### महापौर निधि के कार्य

- वार्ड 79 इंदिरापुरम अभयखंड 3 में डिवाइन पार्क व्यू अपार्टमेंट मंगलम सोसाइटी गेट 2 से सामुदायिक भवन तक सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 9 लाख है।
- वार्ड 67 राज नगर सेक्टर 7 में मकान न 148 से 157 व 157 से बी 5 व बी 7 से पार्क के साथ महावीर कॉलेज के सामने तक आर सी सी नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 29 लाख है।
- वार्ड 24 पांडव नगर में तोमर जी के मकान से देवीशरण के मकान होते हुए यादव जी के मकान तक सड़क व नाली निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 29 लाख 90 हज़ार है। वार्ड 77 वैशाली सेक्टर 3 में जैन मंदिर वाली क्षतिग्रस्त सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 14 लाख है।

### शिलान्यास कार्यक्रम में कई पार्षद उपस्थित रहे

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान पार्षद राधेश्याम त्यागी,पार्षद हरीश कडाकोटी,पार्षद राजकुमार सिंह,पार्षद नीलम भारद्वाज, पार्षद शिल्पा चौधरी,पार्षद सतेंद्र पाल चौधरी,पार्षद सुभाष सिंह,पार्षद पवन गौतम,पार्षद अजय शर्मा,मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता,मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर,मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी,पूर्व पार्षद महेन्द्र चौधरी,पूर्व पार्षद सलेक त्यागी,पूर्व पार्षद दीपक त्यागी,पूर्व पार्षद मधु सिंह,नीतेश सिन्हा, अमृता सिंह,प्रहलाद दुआ,आर के भारद्वाज, आरती माथुर,चित्रा गर्ग,शेलिजा अग्रवाल, नवीन कुमार,मनोज चौधरी,सुरेन्द्र शर्मा,विरेन्द्र सिंह, व बेग चंद आदि शामिल रहे।

निगम आयुक्त ने वायु प्रदूषण नियंत्रण की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में पेश किया 2026 का एक्शन प्लान

# वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वर्ष 2026 तक ननि को 40 प्रतिशत तक प्रदूषण कम करने का दिया लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए तैयार की गई शहर, विशेष कार्ययोजनाओं के सख्त और प्रभावी जमीनी क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक दिल्ली में आयोजित की गई।

इस बैठक में फरीदाबाद एवं गुरुग्राम नगर निगम आयुक्तों ने अपने-अपने शहरों की वायु प्रदूषण नियंत्रण कार्ययोजनाओं की प्रगति और आगामी योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। इस बैठक में फरीदाबाद से निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा शामिल हुए और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों समक्ष नए साल का एक्शन प्लान पेश करते हुए प्रदूषण को किस तरह कम किया जाएगा विषय की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बैठक में जानकारी साझा करते हुए बताया कि फरीदाबाद में पिछले पांच वर्षों में वायु प्रदूषण को 15 से 20 प्रतिशत तक कम करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए हैं जिसके परिणाम स्वरूप फरीदाबाद को 47 से 19वीं रैंकिंग मिली थी और यह प्रयास निरंतर जारी हैं।

**खास बातें**
- हर महीने निगम द्वारा पेश किए गए एक्शन प्लान की होगी समीक्षा
- दिल्ली में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई



उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 तक फरीदाबाद में प्रदूषण को 40 प्रतिशत तक कम करने का जो लक्ष्य केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा दिया गया है उस दिशा में बेहतर कार्य किया जाएगा। निगम आयुक्त द्वारा दिए गए एक्शन प्लान में मुख्य रूप से रोड नेटवर्क के पूर्ण विकास एवं डोर-टू-डोर कचरा संग्रह व्यवस्था, औद्योगिक इकाइयों द्वारा प्रदूषण मानकों का सख्ती से अनुपालन, सार्वजनिक परिवहन और पार्किंग सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण निर्माण एवं विध्वंस कचरा तथा नगर ठोस अपशिष्ट एवं लीगेसी वेस्ट के प्रभावी प्रबंधन हेतु अवसंरचना का विस्तार, धूल नियंत्रण के लिए सड़कों का किनारों तक पक्काकरण, टाइलिंग, पौधा लगाने और रोड के साथ खाली जगहों पर पौधे उगाने और पौधा वितरण की तारीफ की गई है। मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों, एंटी स्मॉग गन और वॉटर स्प्रिंकलर जैसे विषय रखे गए। निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी दी कि जल्द ही निगम के पास एंटी स्मॉग की संख्या 15 हो जाएगी। इसके अतिरिक्त मशीनरी का सदुपयोग समय पर किया जाए इस पर भी पैनी नजर रखी जाएगी।

**सीवर पानी कनेक्शन हेतु 19 और 20 दिसंबर को भी लगेंगे कैंप**

*फरीदाबाद। नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के दिशा-निर्देशों पर तथा निगम की अतिरिक्त आयुक्त श्रीमती सलोनी शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी 19 और 20 दिसंबर को शहर में विभिन्न स्थानों पर पानी व सीवर कनेक्शन को वैध नियमित कराने के लिए विशेष कैंप आयोजित किए गए। इन कैंपों में संबंधित जोनों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मौके पर ही आवेदन स्वीकार कर नागरिकों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। कैंपों के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर कनेक्शन से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी करने की सुविधा मिली, जिससे आमजन को काफी राहत मिली।*

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ फरीदाबाद के पदाधिकारियों ने उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा

फरीदाबाद। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी पेंशनर्स फेडरेशन के आवाहन पर पेंशन संबंधित वित्त विधेयक 2025 को तुरंत वापस लेने की मांग को लेकर रिटायर्ड कर्मचारी संघ फरीदाबाद द्वारा पेंशनर्स की मांगों को लेकर जिला उपायुक्त कार्यालय फरीदाबाद के समक्ष सुबह 10 बजे से 1 तक जिला प्रधान नवल सिंह की अध्यक्षता में धरना दिया गया एवं नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया। धरने का संचालन जिला सचिव लज्जाराम द्वारा किया गया। रिटायर्ड कर्मचारी संघ फरीदाबाद द्वारा 11 सूत्रीय मांग पत्र प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त की अनुपस्थिति में तहसीलदार सुमेर सिंह को दिया गया। हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज फरीदाबाद के जिला प्रधान एस.एस. बांगा द्वारा भी पेंशनर्स की मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को दिया गया। रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य उपप्रधान यूएम खान एवं श्रीमती आशा शर्मा ने धरने को संबोधित करते हुए बताया कि आठवें वेतन आयोग की नोटिफिकेशन में टर्म आफ रेफरेंस में जो क्लोज डाली गई है। पेंशनर्स चाहते हैं कि जैसे अब तक सभी वेतन आयोग लागू होते आए हैं। जिला के प्रेस प्रवक्ता सत्यपाल नरवत व जिला कैशियर खजान सिंह ने धरने को संबोधित करते हुए बताया कि पेंशनर्स की अन्य मांगे जो लम्बित है। उनमें से कम्युट की गई राशि को 11 महीने में पूरा करनाए कोरोना काल के दौरान रोका गया महंगाई भत्ते का 18 महीने का एरिया, कैशलेस चिकित्सा, मेडिकल भत्ता 3000 प्रति माह, रेलवे हवाई यात्रा में पहले की तरह छूट दी जाए।

मंत्री प्रहलाद जोशी को पत्र लिखकर राइस मिलों की समस्याओं से अवगत कराया

# बैठक में एआई के तहत खरीफ विपणन पायलट प्रोजेक्ट लागू करने की मांग




हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया राइस मिलर्स एसोसिएशन की बैठक में डिजिटल इंडिया के तहत भारतीय खाद्य निगम में आर्टिफ़िश्यल इन्टेलीजेन्सी के तहत खरीफ विपणन पायलट प्रोजेक्ट लागू करने की मांग की गई। एफएआईआरएमए ने प्रहलाद जोशी मंत्री भारत सरकार को भी पत्र लिखकर राइस मिलों की समस्याओं से अवगत कराया।

जिसमें कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इण्डिया के तहत भारतीय खाद्य निगम में एआई के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में स्टडी करने के बाद खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसको लागू किया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संदीप, पुत्रः सत्य प्रकाश, निवासीः झुग्गी नंबर–ए–437, कलेंदर कॉलोनी, विश्वनाथ पुरी, भलस्वा डेयरी, दिल्ली** ने **FIR No.: 1383/2015, U/s: 302/147/148/149/186/353/332/34 IPC, पुलिस थाना हरी नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संदीप** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संदीप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना हरी नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **संदीप** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 21.01.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पूजा तलवार
एएसजे (एफटीसी)–01, पश्चिम जिला, कमरा नंबर 313,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/16881/WD/2025

जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह में होगी ट्रैफिक चालान की कार्यवाही

# नगर आयुक्त ने आईटीएमएस बिल्डिंग का लिया जायजा, 15 दिन में प्रोजेक्ट शुरू करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गाजियाबाद

नगर निगम में पूर्ण हुई बिल्डिंग का नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। आईटीएमएस संचालन के लिए बनी बिल्डिंग में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को भी नए सिरे से स्थापित करने के लिए टीम को निर्देश दिए गए।

एक ही बिल्डिंग में ट्रैफिक मैनेजमेंट के साथ-साथ म्युनिसिपल सर्विसेज की सुविधा शहर को मुहैया कराने की प्लानिंग की जा रही है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा बिल्डिंग में ट्रैफिक मैनेजमेंट हेतु लगाए गए, सर्वर, स्क्रीन तथा डेस्कटॉप की व्यवस्था को देखा गया, नगर आयुक्त द्वारा टीम को 15 दिन के भीतर जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह में ट्रैफिक चालान की कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, व अन्य विभाग की टीम उपस्थित रही। इसके अलावा 350 कैमरा जल्द से जल्द आवश्यक स्थान पर लगाने के निर्देश भी टीम को दिए गए, जन समस्याओं के समाधान को गति देने के लिए नगर आयुक्त द्वारा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम हेतु बनी नई बिल्डिंग में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल रूम को भी व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर संभव हो सके, 311 एप्लीकेशन, कंट्रोल रूम, व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम को भी जनहित में एक ही स्थान पर लाने की प्लानिंग की जा रही है जिसके लिए टीम को निर्देश दिए गए हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **शिल्की पत्नीः** राहुल वर्मा **पताः** मकान नंबर ई–2/38बी/ई–3/40ए, गली नंबर 03, पंडित जोधा राम गली, दयालपुर, दिल्ली ने **CC No. 1381/2019 U/s 138 NI Act थानाः भजनपुरा, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिल्की,** मिल नहीं रही हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिल्की,** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 1381/2019 U/s 138 NI Act थानाः भजनपुरा, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **शिल्की,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
जेएमएफसी–01, कमरा नंबर 73
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/16389/NE/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अजय पुत्रः** अजय शर्मा, **पताः** मकान नंबर 5786/7 न्यू चंद्रावल कमला नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 12/2021 U/s 323/341/34 IPC थानाः रूप नगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 12/2021 U/s 323/341/34 IPC थानाः रूप नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अजय,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री राशि रहेजा
जेएमएफसी–13, कमरा नंबर 33
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/16915/N/2025
(Court Matter)

कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के वाइस चेयरमेन अर्पित चढ्ढा ने किया

# व्यवहार प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में कई यातायात निरीक्षक व पुलिसकर्मी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गाजियाबाद




यातायात पुलिस के लिए व्यवहार प्रशिक्षण का समापन हो गया। इस अवसर पर बुधवार को आईटीएस कॉलेज, मोहननगर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बिहेवियरल ट्रेनिंग प्राप्त किये यातायात कर्मियों एवं यातायात माह नवम्बर के दौरान प्रभावी जनजागरूकता एवं सर्वाधिक प्रवर्तन कार्यवाही करने वाले 03 यातायात निरीक्षक एवं 03 यातायात उपनिरीक्षकों को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी व एडीसीपी यातायात ने बतौर अतिथि भाग लिया। उन्होंने यातायात कर्मियों एवं छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा, अनुशासित व्यवहार तथा नागरिकों के साथ मर्यादित एवं संवेदनशील व्यवहार के संबंध में विस्तार से ब्रीफ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के वाइस चेयरमेन अर्पित चढ्ढा ने स्वागत भाषण करते हुए यातायात पुलिस के कार्यों की सराहना की तथा नागरिकों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार एवं सकारात्मक संवाद के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विगत 01 माह से यातायात पुलिस कर्मियों हेतु चल रहे बिहेवियरल ट्रेनिंग फैसिलिटेशन कार्यक्रम के समापन के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, कानून व्यवस्था/यातायात एवं पुलिस उपायुक्त, यातायात द्वारा इसके अतिरिक्त, अपने दैनिक कर्तव्यों के साथ साथ अन्य प्रकार के सराहनीय कार्य करने वाले 02 यातायात उपनिरीक्षक, 05 मुख्य आरक्षी एवं 04 आरक्षी (यातायात) को भी सम्मानित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जिससे कर्मियों का मनोबल बढ़ सके एवं भविष्य में और अधिक उत्साह के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त-यातायात प्रथम, समस्त यातायात निरीक्षक के साथ साथ लगभग 310 यातायात पुलिस कर्मी, आईटीएस कॉलेज के छात्र–छात्राएं एवं फैकल्टी स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य यातायात पुलिस कर्मियों के व्यवहारिक कौशल को और अधिक सुदृढ़ करना, सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित करना रहा।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | हरियाणा मंत्री मकान नं. 239, सेक्टर–16, चण्डीगढ़ के लैंडस्केपिंग कार्य की विशेष मरम्मत और एक अन्य। | 19.12.2025 29.12.2025 | 11.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 2 | लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में गांव खैरा में राजीव गांधी खेल परिसर की मरम्मत और रखरखाव। | 16.12.2025 23.12.2025 | 9.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में गांव बिर कलवा में राजीव गांधी खेल परिसर की मरम्मत और रखरखाव। | 16.12.2025 23.12.2025 | 12.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | भिवानी में पण्डित नेकीराम शर्मा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण, मौजूदा चौ. बंसीलाल राजकीय हस्पताल भिवानी की मरम्मत (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल)। | 15.12.2025 22.12.2025 | 88.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) हांसी में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण (जीएसटी के बिना)। | 16.12.2025 25.12.2025 | 405.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 206 तक मदें निहित सूची अर्थात लिक्विड नाइट्रोजन गैस सिलेंडर (206 मदों का सिंगल लॉट)* | 18.12.2025 14.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 106 तक मदें निहित सूची (106 मदों का सिंगल लॉट)* | 18.12.2025 14.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 02 तक मदें निहित सूची अर्थात जनरेटर सैट्स (02 मदों का सिंगल लॉट)* | 18.12.2025 14.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | नागरिक उड्डयन, हरियाणा चण्डीगढ़ | महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा, हिसार, हरियाणा (हिसार एयरपोर्ट) में निर्मित स्पेस (हैंगर्स और कार्यालय) के आवंटन हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह। | 17.12.2025 10.01.2026 | ईएमडी 25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | नायसी, राजकीय विद्यालय की तरफ गुरूद्वारा चौक से गली का निर्माण। | 16.12.2025 29.12.2025 | 4.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 11 | सिविल सर्जन नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले में टीबी रोगियों के लिए न्यूट्रीशन सपोर्ट की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 16.12.2025 26.12.2025 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9466991604 dpm.mhn@gmail.com |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गुरुग्राम | गांव दौलताबाद पटौदी में कैप्टन परमजीत अमृत सरोवर का पुनरोद्धार और सौन्दर्यीकरण। | 16.12.2025 23.12.2025 | 29.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7011956200 ascogurugram@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | रबी 2025–26 से पूर्व आरडी 0 से 55822 रोहणा माइनर, आरडी 0 से 9207 ककरोई डिस्टी. की आंतरिक सफाई और खरपतवार निकालना + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.12.2025 | 16.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8571804626 xenrws@rediffmail.com |
| 14 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), एफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 19.12.2025 02.01.2026 | ईएमडी 1.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच–11/2026/280/41275/I/88/7 दि. 17.12.25

# ठंड-कोहरे को लेकर सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, लापरवाही पर एक्शन की चेतावनी, ट्रैवल गाइडलाइन जारी

## रैन बसेरों में हीटर-अलाव की पुख्ता व्यवस्था की जाए

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में बढ़ती शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने स्पष्ट किया है कि कोई भी निराश्रित खुले में सोता नहीं मिलना चाहिए।

रैन बसेरों में हीटर-अलाव की पुख्ता व्यवस्था और एक्सप्रेस-वे पर हादसों को रोकने के लिए पेट्रोलिंग बढ़ाने के आदेश दिए गए हैं।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतलहर को देखते हुए अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी खुले में न सोए और रैन बसेरों में अलाव की व्यवस्था की जाए**



### जरूरतमंदों को कंबल वितरित करें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि अधिकारी खुद फील्ड में उतरकर निरीक्षण करें. निराश्रितों और जरूरतमंदों को रैन बसेरों तक ले जाया जाए और वहां हीटर व अलाव की समुचित व्यवस्था हो। सीएम ने चेतावनी दी है कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगा। इसके अलावा, जरूरतमंदों को लगातार कंबल वितरित करने और सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने के आदेश दिए गए हैं। गौशालाओं में भी गोवंश को ठंड से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम करने को कहा गया है।

### एक्सप्रेस-वे पर क्रेन और एम्बुलेंस 24x7 तैनात रहे, रिफ्लेक्टर लगाएं

सड़कों पर विजिबिलिटी कम होने के कारण सीएम ने ट्रैफिक प्रबंधन पर जोर दिया है। उन्होंने एनएचएआई और स्टेट हाईवे के अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा है। डार्क स्पॉट्स को चिन्हित कर वहां रिफ्लेक्टर लगाने और खराब लाइटों को तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। एक्सप्रेस-वे पर क्रेन और एम्बुलेंस 24x7 तैनात रहेगी और टोल प्लाजा पर लाउडस्पीकर से कोहरे की स्थिति की चेतावनी दी जाएगी। ओवरस्पीडिंग करने वालों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

### फॉग लाइट और लो-बीम हेडलाइट का प्रयोग करें

प्रशासन ने धुंध के दौरान सुरक्षित यात्रा के लिए विशेष गाइडलाइन जारी की है। वाहन चालकों को सलाह दी गई है कि वे गति सीमा कम रखें, फॉग लाइट और लो-बीम हेडलाइट का प्रयोग करें। एक्सप्रेस-वे पर बार-बार लेन बदलने और ओवरटेकिंग से बचने को कहा गया है। वाहन के पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगवाना अनिवार्य होगा। सीएम ने अपील की है कि सुरक्षित यात्रा के लिए जनता सरकारी 'एडवाइजरी' का सख्ती से पालन करे ताकि हादसों से बचा जा सके।

### सीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक की

हादसे के बाद मुख्यमंत्री एक्शन में आए और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राज्य मार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर उन्होंने निर्देश दिए कि घने कोहरे के कारण सड़क पर जरूरत के हिसाब से इंतजाम किए जाएं।

## खबर संक्षेप

### अयोध्या में प्रभु राम को ओढ़ाई गई गर्म रजाई



**अयोध्या।** अयोध्या के कनक भवन मंदिर में सर्दी से भगवान श्रीसीताराम को बचाने के लिए कंबल ओढ़ाया जा रहा है। इसको दिन में भी पैर ढका जा रहा है। अयोध्या में बीती रात से ही घना कोहरा छाया हुआ है। जिसके चलते तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। सुबह का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे आ गया।

### जंगली हाथियों का हमला 5 लोगों की दर्दनाक मौत



**रांची।** झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान जंगली हाथियों के हमले में दो महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। रामगढ़ के सिरका जंगल और रांची के अंगारा इलाके में ये घटनाएं हुईं। वन विभाग की टीमें हाथियों की निगरानी कर रही हैं।

### किशोर ने नौवीं मंजिल से कूदकर दी जान



**लखनऊ।** होमवर्क न करने की डांट पर 14 वर्षीय किशोर ने एनआरआई सिटी की नौवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। उसे पढ़ाने के लिए ट्यूशन टीचर घर आई थीं। उन्होंने होमवर्क पूरा नहीं करने पर नाराजगी जताई थी, जिसके बाद किशोर की दादी ने उसके दिनभर लैपटॉप चलाने की जानकारी दे दी।

## प्रादेशिक सशस्त्र बल के स्थापना दिवस पर सीएम योगी बोले

# उत्तरप्रदेश के आत्मविश्वास का कारण कानून का राज, प्रदेश की छवि बदली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पीएसी के स्थापना दिवस के अवसर पर पीएसी जवानों को संबोधित किया और बीते साढ़े आठ साल में पीएसी को और बेहतर बनाने के लिए किए गए कार्यों का जिक्र किया।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 78 वर्ष से प्रादेशिक सशस्त्र बल (पीएसी) बल का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण का रहा है। उन्होंने जवानों से अपील की कि साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, व्यावसायिक दक्षता व कठिन प्रशिक्षण ही आपकी पहचान बननी चाहिए। सरकार आश्वस्त करती है कि आपके सम्मान व सरकार के स्तर पर मिलने वाली सुविधा-संसाधन में निरंतर वृद्धि होती रहेगी।

यूपी के अंदर आत्मविश्वास का प्रमुख कारण कानून का राज है। कानून का राज सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही सुशासन की गारंटी दे सकता है। सुशासन में ही निवेश सुरक्षित हो सकता है और सुरक्षित निवेश ही युवाओं की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बन सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीपीएसी के स्थापना दिवस समारोह-2025 का शुभारंभ किया। सीएम ने पीएसी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया। सीएम ने 78वर्ष के गौरवशाली इतिहास के लिए पीएसी बल को बधाई दी।

### खास बातें

- 78 वर्ष से पीएसी बल का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण का रहा है
- 46 कंपनियों को पुनर्जीवित करते हुए यूपी के अंदर बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखा
- 480 कुशल खिलाड़ियों की भर्ती हमारी सरकार द्वारा संपन्न की जा चुकी है



### सीएम योगी ने पीएसी के अदम्य साहस को भी गिनाया

सीएम योगी ने पीएसी बल के अदम्य साहस की चर्चा की। 30वीं वाहिनी पीएसी के जवानों ने 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए आतंकी हमले का जवाब दिया और पांचों आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। जुलाई 2005 में श्रीराम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में आतंकी हमले के दौरान सीआरपीएफ, पीएसी और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने सभी आतंकियों को मार गिराया गया था।

### यूपी की बेहतर छवि को देश के सामने रखने मे मिली सफलता

सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने पीएसी की 46 कंपनियों को पुनर्जीवित करते हुए यूपी के अंदर बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखा और आंतरिक सुरक्षा के माध्यम से यूपी की बेहतर छवि को देश के सामने प्रस्तुत करने में सफलता हासिल की। संख्या, क्षमता, प्रशिक्षण, तकनीक के स्तर पर पीएसी की सशक्त बनाने का कार्य निरंतर जारी है।

### हमारी सरकार ने पीएसी में 41,893 आरक्षियों व 698 प्लाटून कमांडर की भर्ती की

सीएम योगी ने कहा कि पीएसी कार्मिकों की व्यावसायिक दक्षता में सुधार के लिए पूर्व में प्रशिक्षित पाठ्यक्रम को अपडेट करते हुए एबीसी आदि ग्रेड सुनिश्चित कर उन्हें बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार ने पीएसी में 41,893 आरक्षियों व 698 प्लाटून कमांडर की भर्ती की। सीधी भर्ती के अंतर्गत प्लाटून कमांडर के पद पर 1648 तथा आरक्षी के पद पर 15131 अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया वर्तमान में प्रचलित है। इसमें 135 प्लाटून कमांडर की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जा चुका है।सेवा के दौरान दिवंगत जवानों के 396 आश्रितों को आरक्षी व 58 आश्रितों को प्लाटून कमांडर के पद पर सेवायोजन प्रदान किया गया। आरक्षी पद हेतु 28 अभ्यर्थियों व प्लाटून कमांडर पर 7 अभ्यर्थियों के सेवायोजन की कार्रवाई वर्तमान में प्रचलित है। पीएसी में पदोन्नति के और अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सशस्त्र पुलिस में 184 निरीक्षकों, 3772 उपनिरीक्षकों के पदों में वृद्धि की गई है। विभागीय प्रोन्नति के अंतर्गत 426 उप निरीक्षक, 4042 मुख्य आरक्षी तथा 13313 आरक्षियों को पदोन्नति दी गई। 352 मुख्य आरक्षी, 1015 आरक्षियों की पदोन्नति कार्रवाई वर्तमान में प्रचलित है।

### खेल के बजट को 70 लाख से बढ़ाकर किया गया 10 करोड़ रुपए

सीएम योगी ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए यूपी में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की छह कंपनियों में 18 टीमें प्रदेश को सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

### संवेदनशील परिस्थितियों में अग्रिम मोर्चा पर कार्य करता है पीएसी बल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में पीएसी बल आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, प्रदेश में महत्वपूर्ण त्योहारों, अतिविशिष्ट महानुभावों के आगमन, लोकतंत्र के महापर्व 'चुनाव' को शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित करने के साथ ही संवेदनशील परिस्थितियों में अग्रिम मोर्चे पर कार्य करता है। पीएसी के अधिकारी व कार्मिक विभिन्न आयामों के माध्यम से न सिर्फ यूपी, बल्कि देश के अंदर यूपी पीएसी बल, एसएसएफ, यातायात पुलिस, प्रतिसार निरीक्षक ड्यूटी, प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षक, एटीएस व एसटीएफ कमांडो के रूप में सेवाएं प्रदान कर कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

## मिलेगा पर्यटक को बढ़ावा

# आज से राजनांदगांव से अयोध्या तक चलेगी ट्रेन



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की रामलला दर्शन यात्रा हेतु विशेष पहल के अंतर्गत भारत गौरव पर्यटक स्पेशल ट्रेन संख्या 08853/ 08854 राजनांदगांव – अयोध्या – राजनांदगांव का संचालन किया जाएगा।

यह स्पेशल ट्रेन कुल 15 आधुनिक एलएचबी कोचों से सुसज्जित होगी, जिसमें 11 सामान्य श्रेणी, 1 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 1 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी तथा 2 पावर कार कम लगेज शामिल हैं। इस स्पेशल ट्रेन का परिचालन राजनांदगांव से आज 18 दिसंबर 2025 तथा अयोध्या से दिनांक 20 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। बता दे कि इस स्पेशल ट्रेन में कुल 15 आधुनिक एलएचबी कोच लगे होंगे, जिसमें 11 सामान्य श्रेणी, 1 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 1 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी तथा 2 पावर कार कम लगेज शामिल हैं। इस पहल से रामलला के दर्शन का अवसर प्राप्त होगा।

## बैठक में तीसरे चरण को मंजूरी दी

# विकसित बिहार के लिए नीतीश कुमार के 7 निश्चय' का तीसरा संस्करण लांच

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार में सात निश्चय कार्यक्रम तीसरे पड़ाव पर पहुंच चुका है, और अब जोर विकसित बिहार बनाने पर है। केंद्र सरकार पहले से ही विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर चल रही है।

अब तो मनरेगा की जगह लेने वाले कानून का नाम भी विकसित भारत से शुरू होता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बिहार कैबिनेट की बैठक में सात निश्चय कार्यक्रम के तीसरे चरण को मंजूरी दी गई। 7 निश्चय 3.0 के जरिए बिहार की एनडीए सरकार ने 2025-2030 के विकास का रोडमैप पेश किया है। 7 निश्चय 3.0 के तहत अगले 5 साल में बिहार के युवाओं के लिए एक करोड़ नौकरियां और रोजगार के मौके बनाने, 50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निजी निवेश लाने और लोगों की आमदनी दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया गया है। साथ ही, शिक्षा, स्वास्थ्य और राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के अलावा पर्यटन को बढ़ावा देने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 7 निश्चय 3.0 लागू किए जाने का ऐलान करते हुए सोशल साइट एक्स पर लिखा है, 24 नवंबर, 2005 को जब से हम लोगों की सरकार बनी।

कार्यक्रमों के अंतर्गत सात निश्चय (2015-2020) और सात निश्चय-2 (2020-2025) में बिहार को सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने हेतु अब सात निश्चय-3 कार्यक्रमों को लागू करने का निर्णय लिया गया है।

## पेज एक का शेष...

### नौसेना के जंगी...

ने दिए हैं। जिसके लिए दोनों देशों की सरकारों के बीच 2020 में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसी के तहत देश के दक्षिण में कोच्चि में स्थित नौसेना के गरुड़ अड्डे पर पूर्व में इन हेलीकॉप्टरों की पहली स्क्वॉड्रन को तैनात किया गया था। अब गोवा में ये दूसरी स्क्वाड्रन बनाई गई है। बताते चलें कि एमएच-60 आर 9/11 आतंकी हमले के मुख्य गुनहगार और अलकायदा के खूंखार आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को मार गिराने के लिए प्रयोग किए गए अमेरिका के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर का समुद्री वर्जन है।

### दुश्मन की पनडुब्बियों ....

हेलीकॉप्टरों के बेड़े के पांच साल के सतत समर्थन के लिए 7 हजार 995 करोड़ के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध में हेलीकॉप्टरों के लिए फॉलो-ऑन सप्लाई और उससे जुड़ा पैकेज शामिल है।

### विकासशील देशों की ....

साथी लोकतांत्रिक देश के साथ भारत की यात्रा को साझा करने का अवसर प्रदान करने के लिए इथोपिया की संसद के अध्यक्ष के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विकासशील देश अपना भविष्य खुद लिख रहे हैं। इथोपिया यात्रा के औपचारिक समापन के प्रतीक के रूप में पीएम मोदी ने अपनी कार में बैठाकर हवाईअड्डे तक छोड़ने के लिए प्रधानमंत्री डॉ.अली के प्रति विशेष आभार जताया। उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी बीते 15 दिसंबर से जॉर्डन, इथोपिया और ओमान की चार दिवसीय यात्रा हैं। बीते 16 दिसंबर को वह जॉर्डन से इथोपिया पहुंचे थे।

**स्मारक पर दी शहीदों को श्रद्धांजलिः** उन्होंने इथोपिया के अदवा शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। पीएम ने अपनी एक्स पोस्ट में इसका जिक्र करते हुए लिखा, ये स्मारक इथोपियाई साहस, एकता और अटूट भावना का एक सशक्त प्रतीक है। जो दुनिया को एक ऐसे गौरवशाली राष्ट्र की याद दिलाता है। जिसने दृढ़ संकल्प और निश्चय के साथ अपनी रक्षा की। साथ ही ये उन बहादुर इथोपियाई सैनिकों को समर्पित है, जिन्होंने 1896 में अदवा की लड़ाई में अपने राष्ट्र की संप्रभुता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। यह स्मारक अदवा के नायकों के अदम्य उत्साह और देश की स्वतंत्रता, गरिमा और मजबूती की गौरवशाली विरासत के लिए सम्मान स्वरूप है।

**शीर्ष नेताओं की वार्ता से निकले 8 दस्तावेजः** विदेश मंत्रालय ने बताया, पीएम मोदी की यात्रा के दौरान दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच हुई उच्च-स्तरीय बैठकों के परिणामस्वरूप कुल 8 दस्तावेज निकलकर सामने आए हैं। जिनमें सबसे पहले द्विपक्षीय संबंधों को सामरिक भागीदारी के स्तर पर ले जाने की पुष्टि की गई है। सीमा शुल्क के मामले में सहयोग पर साझा प्रशासनिक सहयोग को लेकर एक समझौता हुआ, इथोपिया के विदेश मंत्रालय में एक डेटा केंद्र की स्थापना के लिए हुए एमओयू के अलावा यूएन शांति अभियानों से जुड़े प्रशिक्षण के लिए सहयोग से संबंधित व्यवस्था के क्रियान्वयन को लेकर सहमति बनी है।

### 11 वर्षों में ...

लिए अफ्रीका स्किल्स मल्टीप्लायर इनिशिएटिव शुरू करने के अपने प्रस्ताव पर जोर दिया।

### वंदे मातरम का ....

की आम-जनता और सरकार के प्रति आभार जताया। संबंधों के महत्व को रेखांकित करते उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान दोनों पक्षों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में तब्दील किया गया है। पीएम के सम्मान में 16 दिसंबर को दिए गए रात्रिभोज के कार्यक्रम में भी जब मंच पर कलाकारों ने वंदे मातरम गाना शुरू किया। तो सामने बैठे प्रधानमंत्री खुशी से झूम उठे और उन्होंने अपनी प्रसन्नता का इजहार दोनों हाथ उठाकर ताली बजाकर किया।

### मस्कट हवाईअड्डे ....

देशों के आपसी संबंधों से जुड़े हुए तमाम पहलुओं और साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी विस्तार से चर्चा किए जाने की संभावना है। इन बैठकों के अंत में भारत, ओमान के बीच कुछ समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए जा सकते हैं।

### भारत ने बांग्लादेश ....

बजे से बंद कर दिया जाएगा। वहीं, नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब कर ढाका में चरमपंथियों द्वारा भारतीय मिशन के आसपास संकट पैदा करने की साजिश का ऐलान करने को लेकर गंभीर चिंता जताई है। इस संबंध में मंत्रालय ने एक बयान भी जारी किया है।

**बांग्लादेश के लोगों के साथ मजबूत संबंधः** मंत्रालय ने कहा, भारत बांग्लादेश के आम लोगों के साथ बेहद करीबी और मित्रवत संबंध रखता है। जिसकी जड़ें बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम से होती हुई विभिन्न विकास परियोजनाओं तथा लोगों के विकास के लिए उठाए गए अहम कदमों के जरिए मजबूत हुई हैं। भारत बांग्लादेश में शांति और स्थिरता के पक्ष में है। साथ ही एक स्वतंत्र, पारदर्शी, समावेशी और भरोसेमंद रूप से चुनाव कराए जाने के पक्ष में है। जिनका संचालन एक शांतिपूर्ण माहौल में किया जाना चाहिए।

### उजागर हुई युनूस...

के दौरान की गई कार्यवाही से जुड़े मामले को लेकर मौत की सजा सुनाते हुए भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की है।

### खारिज की चरमपंथी ....

से रूबरू कराया है। भारत ने चरमपंथी बांग्लादेशी तत्वों द्वारा हालिया समय की चंद घटनाओं को लेकर बनाई गई मनगढ़ंत कहानियों को सिरे से खारिज किया है। साथ ही कहा कि ढाका की अंतरिम सरकार द्वारा न ही इन मामलों की गहनता के साथ जांच-पड़ताल की गई है और न ही इनके संबंध में नई दिल्ली के साथ कोई ठोस प्रमाण साझा किया गया है। जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत की तरफ से बांग्लादेश को ये भी साफ किया गया है कि उसने कभी भी अपनी जमीन का इस्तेमाल बांग्लादेश के हितों के खिलाफ किसी को भी करने की इजाजत नहीं दी है।

### विदेशी धरती पर....

समय संसद का सत्र चल रहा है। सदन में कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा हो रही है, लेकिन राहुल गांधी प्रवासी भारतीयों को संबोधित करने के लिए जर्मनी में मौजूद हैं। आज म्यूनिख स्थित 'बीएमडब्ल्यू' की फैक्ट्री में राहुल गांधी का पदार्पण हुआ। वहां उन्होंने उत्पादन को लेकर बातें करते हुए उस व्यवस्था की सराहना की और यह भी कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि भारत का उत्पादन अच्छा नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जहां तक उत्पादन का सवाल है, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि आईआईपी, यानी इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन, इस समय एक सकारात्मक ग्रोथ ट्रेंड पर चल रहा है। लेकिन राहुल गांधी को इसमें किसी भी प्रकार का सामंजस्य या सकारात्मकता नजर नहीं आती। उन्हें भारत में कोई अच्छाई दिखाई नहीं देती। 'राहुल और जिम्मेदारी' कभी साथ नहीं चल सकते। जब भी वह देश के बाहर जाते हैं, कहीं न कहीं सदन का और भारत का अपमान करके ही लौटते हैं।

### पृथ्वीराज चव्हाण का .....

जब ऑपरेशन सिंदूर हुआ, तो पहले ही दिन हम हार गए थे, अर्थात भारतवर्ष हार गया था। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के पहले ही दिन भारत की वायुसेना ग्राउंडेड हो गई थी और भारत के लड़ाकू विमानों को स्ट्राइक डाउन कर दिया गया था। यह गद्दारी से भरा हुआ बयान है और आज उन्होंने इस बयान पर माफी मांगने से भी इनकार कर दिया है। भारतवर्ष ने किस प्रकार से पाकिस्तान के भीतर लगभग 100 किलोमीटर अंदर बहावलपुर तक जाकर कार्रवाई की, जहां पहले कभी भारत नहीं पहुंचा था, वहां जाकर भारत ने निर्णायक प्रहार किया। इस दौरान 11 से अधिक हवाई पट्टियों को ध्वस्त किया गया। यह पूरे विश्व ने देखा है। इसके बावजूद पृथ्वीराज चव्हाण का यह कहना कि भारत की सेना एक किलोमीटर भी आगे नहीं बढ़ पाई, अत्यंत आपत्तिजनक है। पात्रा ने कहा कि कहीं न कहीं कांग्रेस पार्टी आज पृथ्वीराज चव्हाण के इस बयान के साथ खड़ी नजर आ रही है। राहुल गांधी भी इस बयान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय दबाव और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह साबित करने की कोशिश की जा रही है कि भारतवर्ष और भारत की सेना को किस प्रकार नीचा दिखाया जा सके, किस प्रकार उसे कमजोर और निचले स्तर पर प्रस्तुत किया जा सके। जब सदन में शांति विधेयक पर चर्चा हो रही है, उसी समय पृथ्वीराज चव्हाण द्वारा भारतीय सेना पर हमला किया गया।

### अजित पवार गुट...

प्रमुख इलाके में मुख्यमंत्री आवास स्कीम के 10 प्रतिशत रिजर्व कोटे का दुरुपयोग करते हुए धोखाधड़ी से चार फ्लैट अपने नाम कराए।

### राज्यसभा में बोले ....

वर्ष दिसंबर महीने तक वाहनों के हाई सिक्योरिटी नबंर प्लेट और फास्टैग के मिलान के साथ सैटेलाइट की मदद से टोल प्लाजा पर टोल की रकम बैंक से सीधे डेबिट हो जाएगी। आंकडों के हवाले से उन्होंने बताया कि फास्ट टैग से सरकार को 5 हजार करोड का मुनाफा हुआ है। यात्रियों का 1500 करोड रुपये का तेल बचा। अब टोल प्लाजा पर ज्यादा से ज्यादा 60 सेकंड में फास्ट टैग की मदद से गाडियां निकल रही हैं। दिग्विजय सिंह ने उठाया सवाल, तुरंत हल दिया गडकरी नेः कांग्रेस के सांसद और मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बैतूल के पास सडक का निर्माण नहीं होने के बाद भी टोल वसूले जाने का मामला उठाया।

### दिल्ली से देहरादून...

45 मिनट में पहुंच रहे हैं। अब दिल्ली से देहरादून तक का सफर महज दो घंटे में पूरा हो सकेगा। जानकारी देते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि संसदीय सत्र के बाद प्रधानमंत्री नव निर्मित शानदार राष्ट्रीय राजमार्ग का उद्घाटन करेंगे। उसके बाद दिल्ली से देहरादून वाली ट्रैफिक मेरठ शहर में नहीं आएगी। दबाव कम होगा। यात्री फर्राटे के साथ चंद घंटे में देहरादून तक का सफर तय करेंगे।

### टोल पर हो ....

किया कि 60-60 मिनट कई टोल प्लाजा पर लगने की शिकायतें लगातार आई हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसी सभी शिकायतें दिसंबर 2026 तक नये सिस्टम के आकर लेते ही दूर हो जाएंगी।

### हर राज्यों को ....

राज्यों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर अगर कोई दुर्घटना हो तो राज्य सरकार की देखरेख में एंबुलेंस घटना स्थल पर जल्द से जल्द पहुंचे ताकि बचाव कार्य को समय पर किया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एंबुलेंस में वाहनों की बॉडी को काटने का यंत्र भी रहेगा ताकि जरूरत पडी तो वाहन को काटकर यात्रियों को बचाया जा सके।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सौरभ, पुत्र हरेंद्र पाल अरोड़ा निवासी ओ-42, गीता एन्क्लेव, वाणी विहार, उत्तम नगर, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1301/2021 भा.द.सं. की धारा 498ए/406/34 के तहत, थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **सौरभ** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **सौरभ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1301/2021 भा.द.सं. की धारा 498ए/406/34 के तहत, थाना निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सौरभ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **29.01.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्यश्री रैना
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (पश्चिम) (महिला कोर्ट)-04
कमरा नं.252, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/16888/OD/2025



## उत्तर रेलवे

संख्या-No:7PUB/TN/Pay&UseToilets/Auction/2022 दिनांक: 16-12-2025

(ई-नीलामी सूचना)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा डीलक्स पे एंड यूज़ शौचालय BOT & MOT के आधार पर अनुबंध लॉटस/ साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल **(https://ireps.gov.in/)** पर पालमई-बोली "जैसा है जहां है" के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती है-

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / साइट |
|---|---|---|
| PaynUse 12-2025 | दिनांक 02.01.2026 को 12:00 बजे | हजरत निज़ामुद्दीन (NZM) 1 साइट, मोदीनगर (MDNR) 1 साइट & आनंदविहार (ANVT) 2 साइट कुल 4 साइट्स / स्थल । |
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |
| ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वपिक्षाएँ | | आईआरईपीएस के ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्य से आयोजित ई नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए: - ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एक मुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एस बी आई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वेआईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामीलीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नयातंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई-नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055, Email: sanitationcell@gmail.com Tel: 011-23743084 |

3888/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ





हेल्थ क्वेस्ट

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब पेट में बार-बार महसूस होता हो दर्द



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मुझे सप्ताह में एक दो बार अपने पेट के बाईं तरफ दर्द महसूस होता है, फिर कुछ देर में ठीक भी हो जाता है। कृपया इसका उपचार बताएं।**

**-प्रकाश, बिलासपुर**

पेट में इस तरह के दर्द के कई कारण हो सकते हैं। कई बार संक्रमण की वजह से ऐसा होता है तो कई बार पाचन क्रिया प्रभावित होना भी इसकी वजह बन सकता है। हालांकि कई लोगों में स्टोन की वजह से भी कभी-कभी दर्द उठता है, इसलिए एक बार डॉक्टर से संपर्क करना ही बेहतर रहेगा। जांच करने के बाद ही इसकी वजह पता चलेगी और इलाज किया जा सकेगा। फिलहाल आप बाहर का फास्ट फूड और अधिक ऑयली फूड खाना बिल्कुल बंद कर दें। घर का बना सादा खाना ही खाएं।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। सर्दी के मौसम में अकसर मेरे चेहरे पर सूजन हो जाती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों होता है और इसका उपचार क्या है?**

**-सेवाराम, महेंद्रगढ़**

आपने यह नहीं बताया कि आपको शुगर की समस्या तो नहीं है। क्योंकि कई बार शुगर बढ़ने की वजह से सूजन आ जाती है। सर्दियों के मौसम में फिजिकल एक्टिविटीज कम हो जाती हैं और शुगर लेवल बढ़ जाता है। अगर ऐसा है तो आपको डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए। अगर शुगर समस्या नहीं है तो भी आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना पड़ेगा वह फिजिकल एग्जामिन करने के बाद ही कुछ बता पाएंगे।

**मेरी उम्र 49 वर्ष है। मुझे बार-बार भूख महसूस होती है। प्लीज बताएं भूख और वेट कैसे कंट्रोल करूं?**

**-भवेश, रायपुर**

सबसे पहले आप शुगर की जांच कराएं। कई बार शुगर बढ़ने के बाद भूख बहुत लगती है। हालांकि आप बता रहे हैं कि आपका वजन भी बढ़ रहा है तो इसकी वजह थायरॉइड भी हो सकती है। इसलिए बगैर जांच किए कुछ कहना ठीक नहीं है। आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। लगभग साल भर से मेरे मुंह में छाले होते रहते हैं। ठीक होकर फिर हो जाते हैं। प्लीज इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-सुनील किशोर, ईमेल से**

अगर लगातार छाले रहते हैं तो यह ठीक नहीं है। आप इसे हल्के में ना लें, तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे आपकी कुछ जांच कराएंगे, जिससे पता चलेगा ये छाले नॉर्मल है या और भी वजह है क्योंकि कई बार गंभीर बीमारी के भी लक्षण हो सकते हैं। इसलिए बगैर देर किए आप डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। मुझे कभी कब्ज तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। इसका स्थाई निदान बताएं।**

**-मनोहर, बिलासपुर**

आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है, जिस वजह से इस तरह की समस्या आ रही है। इसके लिए सबसे पहले आप बाजार का खाना और पैक्ड फूड्स खाना बिल्कुल बंद कर दें। घर का खाना खाएं। दोपहर में खाने के साथ दही और सलाद जरूर खाएं। रात का खाना बिल्कुल हल्का खाना चाहिए। खाने और सोने के बीच में 3 घंटे का गैप जरूर होना चाहिए। इन बदलावों से आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। कुछ महीने पहले मुझे चिकनपॉक्स हुआ था। मेरे चेहरे और बॉडी पर इसके निशान रह गए हैं। कृपया बताएं ये कैसे ठीक होंगे?**

**-कुणाल, दुर्ग**

इसके निशान धीरे-धीरे जाते हैं। कई बार गहरे निशान हुए तो लंबा समय लग जाता है। हालांकि कई बार निशान जाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वे एग्जामिन करके यह बताएंगे कि दाग जाने लायक है या नहीं है और अगर है तो उसके लिए ट्रीटमेंट शुरू कर देंगे। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. प्रवीण कहाले
कार्डियोलॉजिस्ट-कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

सर्दी का मौसम हार्ट पेशेंट्स के लिए काफी रिस्की होता है। इसलिए इस दौरान पेशेंट्स और उनके परिजनों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। डॉक्टर से रेग्युलर चेकअप, दवा लेने के साथ और किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है, यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# सर्दी के मौसम में हार्ट पेशेंट्स ना बरतें जरा भी लापरवाही







हालांकि हर मौसम में दिल की सेहत पर ध्यान देना जरूरी है, किंतु सर्दियों के मौसम में इस संदर्भ में विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि आमतौर पर सर्दियों में अन्य मौसमों की तुलना में रक्त में कहीं ज्यादा गाढ़ापन आ जाता है, जिससे रक्त में थक्का (क्लॉट) बनने लगता है। हार्ट अटैक के ज्यादातर मामले रक्त के थक्कों के बनने से होते हैं। ऐसे थक्के हृदय की धमनियों या रक्त नलिकाओं के मार्ग को बाधित करते हैं, जो कालांतर में दिल के दौरे का कारण बनते हैं।

इसके अलावा, तापमान में गिरावट का दुष्प्रभाव हृदय की धमनियों (कोरोनरी आर्टरीज) पर भी पड़ता है, जिस कारण वे सिकुड़ जाती हैं। ऐसी स्थिति में रक्त संचार प्रक्रिया के दौरान धमनियों की आंतरिक दीवारों पर रक्त का दबाव ज्यादा पड़ता है, यह स्थिति उच्च रक्तचाप को बढ़ाती है।

## हाई बीपी में लापरवाही न बरतें

इंडियन हार्ट एसोसिएशन (आईएचए) के अनुसार उच्च रक्तचाप यानी हाई बीपी, हार्ट अटैक का एक प्रमुख कारण है। इंडियन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार गर्मियों की तुलना में सर्दियों में दिल के दौरों के मामले लगभग 26 फीसदी से अधिक बढ़ जाते हैं। जब धमनियों की आंतरिक दीवार पर रक्त संचार का दवाब 140/90 के पार पहुंच जाता है तो यह स्थिति उच्च रक्तचाप कहलाती है। इस कंडीशन में लापरवाही न बरतें।

## इन लक्षणों पर दें ध्यान

- सीने में भारीपन या दर्द महसूस होना।
- बिना कारण बेचैनी होना।
- बार-बार चक्कर आना।
- बार-बार पसीना आना।
- सांस तेज लेना या फिर सांस फूलना।
- सिर भारी होना या सिरदर्द।



## हाई बीपी पर नियंत्रण जरूरी

वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार अकसर तनावग्रस्त रहना, उच्च रक्तचाप को बुलावा देना है। उच्च रक्तचाप अस्वास्थ्यकर जीवनशैली (समुचित खान-पान और व्यायाम का अभाव और नकारात्मक सोच-विचार) का नतीजा है, जो कालांतर में हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाता है। इसलिए इन सुझावों पर अमल करें।

- असहज महसूस करने पर ब्लड प्रेशर चेक करें।
- अपने रक्तचाप को 120/80 रखने का प्रयास करें। इस संबंध में डॉक्टर से कंसल्ट करें।
- जंक फूड्स से परहेज करें।
- आहार में हरी सब्जियों और फलों को वरीयता दें।
- आमतौर पर एक स्वस्थ व्यक्ति को प्रतिदिन अपने भोजन में विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए 5 ग्राम (आधी छोटी चम्मच) से अधिक नमक का सेवन नहीं करना चाहिए।
- दिनचर्या में योगासन, प्राणायाम, व्यायाम और शारीरिक श्रम से संबंधित अन्य गतिविधियों को शामिल करें।

## क्यों होते हैं हार्ट अटैक

हृदय में तीन प्रमुख धमनियां (आर्टरीज) होती हैं। जब इन तीनों में से किसी एक में या फिर अन्य में कई कारणों (जैसे धमनियों की आंतरिक दीवारों पर रक्त का थक्का जमने से धमनियों में अवरोध या ब्लॉकेज की समस्या उत्पन्न हो जाती है) से अचानक रक्त संचार रुक जाता है, तो इस स्थिति में दिल को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती और उसकी कार्य प्रणाली ठप होने लगती है। इसी तरह एक अर्से तक अत्यधिक वसायुक्त खाद्य पदार्थ ग्रहण करने से धमनियों की आंतरिक दीवारों पर प्लाक (एक प्रकार की वसा) संचित हो जाता है, जिसके कारण भी धमनियां अवरुद्ध हो जाती हैं और दिल को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती। यह स्थिति दिल का दौरा कहलाती है। समस्या की पहचान के लिए ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफी, टीएमटी, एंजियोग्राफी, लिपिड प्रोफाइल और रक्त परीक्षण आदि जांचें की जाती हैं।

## हार्ट अटैक के लक्षण

सीने में तेज दर्द होना, जो कंधे, बाजू और पीठ के पीछे तक जा सकता है। असहनीय बेचैनी होना और पसीना आना आदि।

## समस्या का निदान



धमनियों के अवरोध को दूर करने के लिए इंजेक्शन लगाए जाते हैं। इसके अलावा अगर तीनों धमनियों में अवरोध 70 प्रतिशत से कम है तो एंजियोप्लास्टी की जा सकती है और कुछ मरीजों में जरूरत पड़ने पर बाईपास सर्जरी भी। इस संदर्भ में प्रत्येक मरीज की स्थिति के अनुसार उसके इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाती है।

## सर्दी के मौसम में दें ध्यान

- जो लोग पहले से ही उच्च रक्तचाप या हृदय रोग से ग्रस्त हैं, उन्हें सर्दियों में धूप निकलने के बाद ही टहलने जाना चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि सुबह के वक्त वातावरण का तापमान कम होने से अत्यधिक ठंड होने के कारण धमनियों के सिकुड़ने का खतरा ज्यादा रहता है और यह स्थिति हार्ट अटैक का कारण बन सकती है।
- डॉक्टर द्वारा सुझाई गई दवाओं का नियमित रूप से सेवन करें। बहुत संभव है कि सर्दियों में डॉक्टर आपकी दवाओं की डोज को नए सिरे से सुनिश्चित करें।
- सर्दियों में आलस्य के कारण अनेक लोग अपने व्यायाम कार्यक्रम को स्थगित कर कंबल-रजाई में लिपटे रहना चाहते हैं, या फिर व्यायाम या शारीरिक परिश्रम के लिए समुचित समय नहीं निकालते। यह प्रवृत्ति सेहत के लिए ठीक नहीं है।
- सर्दियों में एक्स्पोजर से स्वयं को बचाएं। पर्याप्त ऊनी कपड़े पहनकर ही घर से बाहर निकलें।
- शराब और धूम्रपान से दूरी बनाएं। सर्दियों में एक बड़ी संख्या में लोग शराब और धूम्रपान के कहीं ज्यादा तलबगार हो जाते हैं। हालांकि डॉक्टर्स के अनुसार शराब और धूम्रपान का सेवन किसी भी मौसम में स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद नहीं है।
- सर्दियों में खून के गाढ़ा हो जाने का खतरा बढ़ जाता है, जिसके कारण धमनियों में रक्त के थक्के जमने लगते हैं। यह स्थिति हाई बीपी का कारण बन सकती है। इससे बचने के लिए अपने डॉक्टर द्वारा प्रिसक्राइब्ड ब्लड थिनर दवा लें।
- लहसुन रक्त को पतला करने वाला एक कुदरती ब्लड थिनर है, जिसका सेवन दिल की सेहत के लिए लाभप्रद है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

## डायबिटिक पेशेंट्स को ज्यादा रिस्क



**वर्ल्ड डायबिटीज** फेडरेशन के अनुसार, रक्त शर्करा के अनियंत्रित रहने से कालांतर में हृदय रोग होने का जोखिम उन लोगों की तुलना में दोगुना बढ़ जाता है, जो इन समस्याओं से ग्रस्त नहीं हैं। इसलिए डायबिटिक रोगी कुछ बातों का ध्यान रखें। जो लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने ब्लड शुगर को डॉक्टर से परामर्श लेकर नियंत्रित रखना चाहिए। मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए अपने डॉक्टर के परामर्श के अनुसार दवाएं लें और सक्रिय जीवनशैली पर अमल करें। मधुमेह से ग्रस्त लोगों को साइलेंट हार्ट अटैक होने का जोखिम ज्यादा रहता है। साइलेंट हार्ट अटैक की मेडिकल कंडीशन में पीड़ित व्यक्ति को हार्ट अटैक से संबंधित लक्षण आमतौर पर महसूस नहीं होते। जैसे ऐसे लोग सीने में तेज दर्द या बेचैनी, चक्कर आना आदि महसूस नहीं करते, लेकिन किसी न किसी रूप में स्वयं को असहज महसूस करते हैं। ऐसी स्थिति में अगर संभव हो, तो पीड़ित व्यक्ति के परिजनों को उसका ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर चेक करना चाहिए या फिर अतिशीघ्र डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

हर्बल जोन

रेखा देशराज

# सर्दी से दिलाए राहत मुलेठी की गर्माहट





सर्दियों में मुलेठी (लिकोराइस) का उपयोग सदियों से होता आ रहा है। सर्दियों में मुलेठी हमारे शरीर को एक नहीं अनेक तरह से राहत पहुंचाती है। यह गले के संक्रमण से बचाव करती है, संक्रमित गले को ठीक करती है, आवाज बैठ जाए या सूखी खांसी का सिलसिला न बंद हो तो मुलेठी ही कारगर होती है। मुलेठी में एंटीइंफ्लेमेट्री और डिमल्सेंट गुण होते हैं, जो गले पर एक स्मूदिंग परत बनाते हैं ताकि गले की जलन कम हो और खांसी में आराम मिले। यह आपकी आवाज को सुचारु रूप से कामकाजी बनाए रखने के लिए और गले की खुश्की को सुधारने में भी सहायक होती है।

**बढ़ाती है इम्यूनिटी:** मुलेठी में ग्लायसिराइजिन यौगिक पाए जाते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इसलिए सर्दियों में बार-बार होने वाली वायरल कोल्ड से बचने में मुलेठी कारगर मानी जाती है। यह हमारे श्वसन तंत्र के लिए भी फायदेमंद है। ठंड में कई बार सांस की नली में कफ जम जाता है, ऐसे में विशेषकर उन लोगों को जो अस्थमा जैसी समस्याओं के शिकार होते हैं, मुलेठी बहुत फायदेमंद साबित होती है, क्योंकि कफ को पतला करती है, म्यूकस मेंब्रेन को शांत करती है, छाती जकड़न में राहत देती है और शरीर की गर्माहट बनाए रखने में मददगार होती है। भारी सर्दियों में शरीर को होने वाले तनाव से भी मुलेठी बचाती है और इस मौसम में होने वाली थकान, कमजोरी या ठंड से ऐंठन में मुलेठी मदद करती है।

**पाचनतंत्र को रखे सही:** सर्दियों में जब हम भारी-भरकम, तले-भुने भोजन अधिक खा लेते हैं तो पेट में जलन पैदा होती है। गैस होती है और अपच की समस्या घेर लेती है। इनसे बचाव का रामबाण तरीका मुलेठी है। यह हमारे पाचनतंत्र को शांत करती है और म्यूकोसा लाइनिंग को हील करती है। त्वचा को रूखेपन से भी मुलेठी बचाती है, क्योंकि मुलेठी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट त्वचा की ड्राइनेस को कम कर देते हैं।

**ऐसे करें सेवन:** मुलेठी को लेने का सबसे आसान तरीका यह है कि इसे मुंह में डालकर चूसते रहें। एक छोटा टुकड़ा पूरे दिन में एक या दो बार डालें और उसे दांतों से दबा-दबाकर चूसते रहें या फिर मुलेठी की चाय पीना भी मुलेठी लेने का एक बढ़िया तरीका है। आधा चम्मच मुलेठी पावडर या एक छोटे टुकड़े मुलेठी को एक कप पानी में हल्का उबालकर पिएं या फिर तुलसी, अदरक और कालीमिर्च के साथ उसका काढ़ा बनाएं, वो बहुत कारगर होता है। चाहें तो बाजार से मुलेठी का पाउडर खरीद लें, लेकिन बिना डॉक्टर के सलाह इसका इस्तेमाल न करें। *

डाइट सजेशन

शिखर चंद जैन

गर्मी की तुलना में सर्दी में लोग कम पानी पीते हैं। लेकिन शरीर में जरूरत के अनुसार हाइड्रेशन मेंटेन रहे, इसके लिए आपको कॉन्शस रहना होगा। विंटर सीजन में हाइड्रेशन मेंटेन करने के कुछ तरीकों के बारे में जानिए।

# सर्दी में ऐसे मेंटेन रहेगा हाइड्रेशन



गर्मी में तो हम धूप और पसीने से बेहाल होने पर जब प्यास लगती है तो पानी पी लेते हैं। लेकिन सर्दी के मौसम में प्यास न लगने पर अकसर पानी बहुत कम पीते हैं। इससे शरीर में डिहाइड्रेशन की शिकायत हो सकती है और कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। सर्दियों में पानी पीने की इच्छा कम होती है, इसलिए आपको कुछ ट्रिक्स अपनानी चाहिए, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो सके।

**ज्यादा सलाद खाएं:** इन दिनों बाजार में सब्जियों और फलों की बहार है। तरह-तरह की सब्जियां और फल अपनी डाइट में शामिल करें। दिन में कम से कम 3-4 सर्विंग फ्रूट सलाद या वेजीटेबल सलाद की लें। कच्ची सब्जियां (टमाटर, मूली, खीरा) पोषक तत्वों और पानी से भरी होती हैं। इसी प्रकार अनार, संतरा आदि न सिर्फ प्रचुर फाइबर और पोषक तत्वों बल्कि पानी की कमी भी पूरी कर सकते हैं।





**पानी पीने का शेड्यूल बना लें:** अपनी कुछ गतिविधियों के साथ पानी पीने की आदत को जोड़ दें। जैसे ऑफिस पहुंचते ही दोपहर को लंच से आधा घंटा पहले। घर पहुंचते ही एक ग्लास पानी पिएं। इसके अलावा कुछ अन्य एक्टिविटीज से भी इसे जोड़ लें। दिन में दो-तीन बार रिफ्रेश होने के लिए पानी पिएं और सबसे अहम है सुबह की शुरुआत एक लीटर गुनगुना पानी से करें। यह पानी रात में तांबे के बर्तन में रखा हो, तो और फायदेमंद होगा।

**हर्बल चाय लें:** कैफीन शरीर का डिहाइड्रेशन करता है। इसलिए इस मौसम में चाय या कॉफी ज्यादा पीने से बचें। इनकी बजाय आप तरह-तरह की हर्बल-टी ट्राई कर सकते हैं। कैनोमाइल, रोज या मिंट-टी का स्वाद आपको खूब भाएगा। इसमें मीठे के लिए चीनी की बजाय शहद डालें। इससे आपको नई ऊर्जा, स्फूर्ति और हाइड्रेशन तीन तरफा फायदा मिलेगा। सीमित मात्रा में गर्म पेय जैसे गर्म पानी, अदरक, तुलसी की चाय या सूप पिएं। ये शरीर को गर्म रखते हैं और हाइड्रेशन में मदद करते हैं।

**चाय नहीं नीबू पानी:** शाम को ठंडी हवाओं के बीच भले ही आपका मन चाय-कॉफी पीने का करता हो, लेकिन आप अपनी सेहत का ख्याल रखते हुए एक गिलास गुनगुने पानी में नीबू का रस मिलाकर पिएं तो बेहतर होगा। इससे हाइड्रेशन तो होगा ही साथ ही इम्यूनिटी सिस्टम स्ट्रांग होगा, सर्दी-जुकाम से बचाव होगा और गले की सूदिंग भी होगी। इसमें जरा-सा काला नमक भी मिला सकते हैं।

**पिएं नारियल पानी:** सॉफ्ट ड्रिंक हानिकारक तत्वों, चीनी आदि से भरे होते हैं। प्यास बुझाने के लिए इनका सेवन भूलकर भी न करें। इनकी बजाय नारियल पानी, छाछ, दही आदि फायदेमंद पेय का सेवन करें। नारियल पानी आपके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स लेवल को ठीक करेगा और दही-छाछ पाचन को दुरुस्त करेंगे।

**पानी को दें नया स्वाद:** पानी में पुदीने की पत्तियां, तरबूज के स्लाइस, खीरे के टुकड़े आदि डालकर इसे नया टेस्ट दे सकते हैं। यह टेस्टी लगेगा और फायदेमंद भी रहेगा। आप अपनी पानी की बोतल में नीबू, अदरक या दालचीनी डालकर भी पी सकते हैं। *

**(न्यूट्रिशनिस्ट पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**

Sure Cure REMEDIES (P) LTD.
SINCE 1998




पंचकुला में आयोजित
आयुर्महोत्सव 2025™
में पौरुष प्राश को नवोन्मेषी उत्पाद के रूप में सम्मानित किया गया

दिन की शुरुआत प्रोटीन के साथ

पौरुष प्राश
स्वाद भी शक्ति भी
पुरुषों एवं महिलाओं में समान रूप से असरकारक

- दुर्लभ, अत्यंत कीमती जड़ी बूटियों और खनिजों से युक्त
- पारंपरिक शास्त्रोक्त विधि से निर्मित
- लाभकारी गुड के गुणों से युक्त
- हर्बल प्रोटीन युक्त
- बलवर्धक एवं नई ऊर्जा का संचार करे
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए
- पाचन एवं श्वसन तंत्र को मजबूती दे

स्वर्ण, रजत, केसर एवं मुक्ता युक्त






पौरुष प्राश का साथ दिलाए जोशीले दिन एवं सुखमय रात

Sure Cure Remedies Pvt. Ltd.
(An ISO 9001:2008 & GMP Certified Company)
C.O. : 704, Ajmera Mid Town, Ramdas Building, Popatwadi Corner, Mumbai - 2
Regd. Office & Works : 363/1, Pawanpuri, Near Shani Temple, Nemawar Road, Indore - 452001
Web : surecureremedies.com | Email : jiwanplus.dubey@gmail.com

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं मध्यप्रदेश में मुख्य वितरक/स्टॉकिस्ट नियुक्त करना है।
इच्छुक व्यापारी आज ही संपर्क करें: सुनील दुबे-7000709035

## 41वीं राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी कुरुक्षेत्र में

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा आगामी 6 से 8 फरवरी, 2026 को जिला कुरुक्षेत्र में 41वीं राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया जाएगा। महत्वपूर्ण आयोजन के लिए सेवा प्रदाता के चयन के लिए आज पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, विभाग के आयुक्त एवं सचिव विजय सिंह दहिया, महानिदेशक डॉ. प्रेम सिंह तथा आपूर्ति एवं निपटान विभाग के संयुक्त निदेशक मोहित कौशिक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के ब्लॉक स्तर के अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूप में जीतू पटवारी के कार्यकाल को दो वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन संगठन के सबसे महत्वपूर्ण आधार माने जाने वाले ब्लॉक स्तर पर अब तक अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं हो सकी है। ग्रास रूट यानी ब्लॉक लेवल को कांग्रेस संगठन की रीढ़ माना जाता है, लेकिन प्रदेशभर में ब्लॉक अध्यक्ष असमंजस की स्थिति में हैं कि वे पद पर बने रहेंगे या हटाए जाएंगे। ब्लॉक स्तरीय कमेटियों की भी बनी हुई है। ब्लॉक स्तर पर अनिश्चितता का सीधा असर पार्टी के कामकाज पर पड़ रहा है। खासकर एसआईआर जैसे संगठनात्मक और चुनावी महत्व के कार्यों में समन्वय की कमी देखी जा रही है। इसमें वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष और उनकी टीम की भूमिका अहम मानी जा रही है, लेकिन असमंजस के बीच वे अपना आउटपुट सौ प्रतिशत नहीं दे पा रहे हैं। पिछले दो महीनों से कांग्रेस में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के बीच में विचार ही चल रहा है, लेकिन यह विचार नियुक्तियों में नहीं बदल सका।

## समाधान योजना में उपभोक्ताओं का पंजीयन

**भोपाल।** विगत 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 का लाभ हजारों बकायादार उपभोक्ता उठा रहे हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में कंपनी कार्यक्षेत्र में अब तक 1 लाख 74 हजार 347 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 191 करोड़ 55 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 101 करोड़ 02 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया जमा राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कंपनी के बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रथम चरण में ही एकमुश्त भुगतान कर इस योजना में शामिल होकर सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश भी देगा अनुकंपा नियुक्ति

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश न केवल हितग्राहियों बल्कि अपने कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। एक अप्रैल से लागू हुए एच आर मैनुअल में कई कर्मचारी हितैषी नीतियों शामिल की गई थी। जिनमें कर्मचारियों को प्रतिवर्ष संविदा अनुबंध के नवीनीकरण की आवश्यकता समाप्त दी गई थी। इसके अतिरिक्त कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के अनुसार वार्षिक वेतन वृद्धि का प्रावधान किया गया था। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा जिले के अंतर्गत स्थानांतरण का प्रावधान भी लागू किया गया था। मिशन द्वारा जारी संविदा नीति में सबसे बड़ा परिवर्तन किसी भी कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु पर अनुकंपा नियुक्ति दिया जाना शामिल है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश अंतर्गत विभिन्न संवर्गों में 32,000 से अधिक संविदा कर्मचारी कार्यरत है तथा कई कर्मचारियों के साथ आकस्मिक मृत्यु जैसी दुखदः घटना पूर्व में देखी गई है।

# जनसेवा शासन की मूल भावना, शिकायतों का सम्मानपूर्वक समाधान करें : सीएम

■ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम परिवेदना समिति की बैठक में शिकायतों पर सुनवाई कर समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनसेवा को शासन की मूल भावना बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालयों में शिकायत लेकर आने वाला हर नागरिक सम्मान और संतोष के साथ लौटे। जनसमस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील निवारण करना केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी भी है, जिसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर निभाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री बुधवार को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

**समाधान शिविरों से आमजन को मिल रहा त्वरित न्याय : मुख्यमंत्री**



*मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निवारण के उद्देश्य से जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में अब तक कुल 40 हजार शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से लगभग 30 हजार शिकायतों का सफलतापूर्वक समाधान किया जा चुका है।*



### जटौली मंडी पैक्स मैनेजर के खिलाफ जांच के निर्देश

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पटौदी क्षेत्र के छिल्लरकी एक शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जटौली मंडी पैक्स के मैनेजर के खिलाफ जांच के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता ने बताया कि मैनेजर की कार्यशैली के कारण किसानों को खाद प्राप्त करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा किसानों के साथ उसका व्यवहार भी संतोषजनक नहीं है।

### ग्वालापहाड़ी में ग्रीन बेल्ट पर अवैध कब्जों की पैमाइश होगी

मुख्यमंत्री ने गांव ग्वालापहाड़ी में मास्टर प्लान के अंतर्गत छोड़ी गई ग्रीन बेल्ट भूमि पर किए गए अवैध कब्जों के मामले का गंभीरता से संज्ञान लिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौके पर पैमाइश कर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए, ताकि वास्तविक तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## इंदौर के एमवाय हॉस्पिटल का 773 करोड़ रुपए की लागत से होगा नवनिर्माण

# राजधानी के प्रमुख मार्गों पर बनने वाले द्वार विरासत से विकास के संकल्प की करेंगे सिद्धि

▶▶ मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को किया संबोधित



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक की हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर गुना जिले के म्याना रेलवे स्टेशन को सम्मानित किया है। म्याना स्टेशन को 9687 यूनिट विद्युत ऊर्जा की बचत के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि म्याना रेलवे स्टेशन का बेस्ट परफॉर्मिंग यूनिट के रूप में सम्मानित होना, प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू ने बैतूल जिले के शिल्पकार बलदेव वाघमारे को राष्ट्रीय शिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया है।

उन्होंने बताया कि भरेवा धातु शिल्प को जीआई टैग प्राप्त हुआ है। गोंड जनजाति की एक उपजाति धातु ढलाई का यह कौशल, पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित करती है। यह शिल्पकार प्रतीकात्मक देवी-देवताओं की मूर्ति, परंपरागत आभूषण, गोंड अनुष्ठान में प्रयुक्त धार्मिक सामान के साथ ही मोर लैंप, बैलगाड़ी, घंटियां, पायल, दर्पण के फ्रेम जैसी सजावटी वस्तुएं का निर्माण करते हैं। इस सामग्री की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत लोकप्रियता है। मुख्यमंत्री ने वाघमारे को बधाई दी।

### 773 करोड़ रुपए लागत से इंदौर में एमवाय हॉस्पिटल का नवनिर्माण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 773 करोड़ रुपए लागत से इंदौर में एमवाय हॉस्पिटल का नवनिर्माण किया जाएगा। नए 1450 बिस्तरीय एमवाय हॉस्पिटल के निर्माण से पुरानी बिल्डिंग की कठिनाईयों से मुक्ति मिलेगी। अस्पताल के साथ ही नर्सिंग हॉस्टल, ऑडिटोरियम आदि का भी निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ने बताया की विमेन टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 (ब्लाइंड) का फाइनल मैच जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल मध्यप्रदेश की तीन दृष्टि बाधित महिला क्रिकेट खिलाड़ियों सुश्री सुनीता सराठे, सुश्री सुषमा पटेल और सुश्री दुर्गा येवले को 25-25 लाख रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जा रही है। प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 10-10 लाख रुपए नगद और 15-15 लाख रुपए की एफडी की व्यवस्था है। टीम के तीनों कोच सर्वश्री सोनू गोलकर, ओमप्रकाश पाल और दीपक पहाड़े को एक-एक लाख रुपए प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि नई दिल्ली में 12, 13 ,14 दिसंबर को मप्र उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें हस्तशिल्प, एक जिला-एक उत्पाद, माटी कला परिषद, पर्यटन आदि के स्टाल लगाए गए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी हुई। सीएम ने कहा कि विधायक मधु वर्मा ने अपने पुत्र का विवाह का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। सीएम ने विधायक वर्मा की ओर से सामाजिक समरसता और शादियों में अपव्यय को रोकने के लिए की गई इस पहल की सराहना की। सीएम ने कहा कि भोपाल को प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धता से जोड़ने के संकल्प के अंतर्गत राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों को समर्पित द्वार बनाने का निर्णय लिया गया था।

**मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को लेकर मंजूरी**

### स्वीकृत अस्थायी पदों को स्थायी पदों में परिवर्तित करने के प्रावधान की स्वीकृति

**भोपाल** । मप्र कैबिनेट ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक निरंतर रखे जाने और योजना के तहत 905 करोड़ 25 लाख रुपए के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई। योजना के तहत प्रदेश के 18-45 वर्ष के स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के लिए 50 हजार से 50 लाख रुपए तक का ऋण बैंक की ओर से स्वीकृत किया जाता है। राज्य शासन की ओर से 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज अनुदान और 7 वर्ष तक ऋण गारंटी फीस अनुदान दिया जाता है। कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। बैठक में आधा दर्जन से अधिक मुद्दों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने भोपाल एवं इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के संचालन और रखरखाव के लिए वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व मद में 90 करोड़ 67 लाख रुपए के बजट की स्वीकृति प्रदान की गई। दोनों महानगरों के मेट्रो प्रोजेक्ट अब लगभग पूर्ण हो चुके हैं। भोपाल मेट्रो का शुभारंभ 20 दिसंबर को होने जा रहा है।

> ▶ मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को वर्ष 2030-31 तक निरंतर रखने की स्वीकृति

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के कार्यों को अनुमति

कैबिनेट की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना में विभाग में 10 लाख या उससे अधिक लागत राशि के कार्य स्वीकृत किए जाने की अनुमति प्रदान की गई। स्वीकृति अनुसार 693 करोड़ 76 लाख रुपए की लागत के लगभग 3810 कार्य पूर्ण किए जा सकेंगे।

### वन विज्ञान केंद्र की के लिए राशि स्वीकृत

कैबिनेट की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक राज्य में 6 वन विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए 48 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति अनुसार प्रदेश में वन क्षेत्र के बाहर वानिकी विस्तार गतिविधियों को बढ़ाने, वन भूमि की उत्पादकता बढ़ाने, काष्ठ के विदोहन से अतिरिक्त आय के साधन के लिए जागरूकता बढ़ाने, वृक्ष खेती को बढ़ावा देने और कृषि वानिकी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वन विज्ञान केंद्र की स्थापना की जा रही है। अशासकीय संस्था की ओर से भी वन विज्ञान केंद्र की स्थापना, वन विभाग की अनुमति से की जा सकेगी।

## स्कूल-विवि अंतर कम करने को वीआईटी भोपाल विवि का 'मंथन 2025' कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने स्कूल और उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से 'मंथन 2025-स्कूल-विश्वविद्यालय अंतर पाटने का कार्यक्रम' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम शनिवार, 13 दिसंबर 2025 को क्लार्क्स अवध, 8, महात्मा गांधी मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र भर से लगभग 70 स्कूल प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। स्कूल शिक्षा में उनके बहुमूल्य योगदान को मान्यता देते हुए, वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय द्वारा भाग लेने वाले प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया, जिसमें भविष्य के लिए तैयार शिक्षार्थियों को आकार देने और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका को स्वीकार किया गया। शाम का मुख्य आकर्षण श्री सृजन पाल सिंह की उपस्थिति थी, जो एक प्रसिद्ध लेखक, सार्वजनिक वक्ता, सामाजिक उद्यमी और डॉ. ए.पी.जे. के सह-संस्थापक और सीईओ हैं। अब्दुल कलाम केंद्र में आमंत्रित वक्ता के रूप में, श्री सिंह ने मंथन 2025 के विषय - एक उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी यात्रा को प्रज्वलित करें, के अनुरूप एक प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने छात्रों को बदलते शैक्षणिक और तकनीकी परिदृश्यों के लिए तैयार करने हेतु स्कूलों और विश्वविद्यालयों के बीच तालमेल की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के मूल विषय के अनुरूप विस्तृत चर्चा आयोजित की गई, जिसमें आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और प्रौद्योगिकी में शिक्षकों के कौशल विकास, तकनीकी, गैर-तकनीकी और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों की सहभागिता बढ़ाने और विद्यालय के पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय की अपेक्षाओं के अनुरूप बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। संवादात्मक विचार-विमर्श ने विद्यालय के नेताओं और विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों को विचारों का आदान-प्रदान करने और सहयोगात्मक अवसरों की खोज करने के लिए एक साझा मंच प्रदान किया। मंथन 2025 के माध्यम से, वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने शैक्षिक नवाचार, अकादमिक सहयोग और शिक्षकों के बीच क्षमता निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिससे भविष्य के लिए तैयार छात्रों और संस्थानों के पोषण के अपने दृष्टिकोण को और मजबूत किया।

**सीएमएचओ पर महिला कर्मचारी ने लगाया आरोप**

# साहब अकेला पाकर करते थे छेड़छाड़ थे, सीएमएचओ बोले-आरोप निराधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा



जिले के स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सीएमएचओ पर आदिवासी महिला कर्मचारी ने छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए है। जिसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। महिला की शिकायत पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने सीएमएचओ आरके सिंह के खिलाफ जांच बैठा दी है।

जांच टीम ने पीड़ित महिला कर्मचारी के बयान दर्ज कर दिए है। उधर पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने आरोपों को गंभीर बताते हुए एफआईआर दर्ज करने की बात कही और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही सीएमएचओ ने खुद पर लगे आरोपों को निराधार बताया है और जांच में सब कुछ साफ होने की बात कही। जानकारी के मुताबिक कलेक्टर के नाम का शिकायत पत्र में पीड़िता ने बताया कि वह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किस्टाराम में पदस्थ थी। लेकिन 21 अगस्त को अचानक उसका ट्रांसफर सीधे सीएमएचओ कार्यालय कर दिया गया। स्थिति तब और संदिग्ध हुई, जब कार्यालय के बजाय उसे सीएमएचओ के घर पर भोजन बनाने की ड्यूटी दे दी गई। पीड़िता के अनुसार खाना बनाते समय अकेला पाकर सीएमएचओ उसे पकड़ते थे और डबल मीनिंग बातें करते थे। इसका विरोध करने पर भी वे अपने पद का दबाव बनाते रहे। यह खुलासा स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त मनमानी और संवेदनशील कर्मचारियों के शोषण को उजागर करता है।

### तत्काल एफआईआर दर्ज हो: कुंजाम

पूर्व विधायक और आदिवासी नेता मनीष कुंजाम ने घटना की निंदा करते हुए कहा यह सीधा पद का दुरुपयोग है। एक आदिवासी महिला कर्मचारी के साथ वरिष्ठ अधिकारी द्वारा छेड़छाड़ किया जाना घोर अपराध है और क्षमा योग्य नहीं है। आरोपी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज हो। कुंजाम ने सवाल उठाया कि स्वास्थ्य विभाग जैसे संवेदनशील दायित्व वाले विभाग में महिला सुरक्षा की स्थिति यदि ऐसी है, तो ग्रामीणों को कौन न्याय दिलाएगा?

### जांच चल रही है

हमारी तरफ से किसी को भी छेड़छाड़ नहीं की गई। शिकायत निराधार है उसके बावजूद जांच चल रही है। जिसमें सब कुछ साफ हो जाएगा।

**महिला को लगाया दो लाख रुपए**

# खाकी के नाम पर धोखा! कलेक्टर ऑफिस में मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

सशस्त्र पुलिस बल का फर्जी जवान बनकर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के मामले मे पुलिस ने आरोपी को बिलासपुर जिले के कोटा से गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि जिले के सोनक्यारी चौकी क्षेत्र के झरगांव निवासी सीमा बाई (29) ने कोतवाली मे दर्ज कराए गए शिकायत में बताया था कि 28 अगस्त को वह अपने काम के सिलसिले में कलेक्टर कार्यालय आई हुई थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात पुलिस की वर्दी पहने हुए एक व्यक्ति से हुआ। उसने अपना नाम पुन्नीलाल अनंत बताते हुए स्वयं को छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का जवान बताया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने स्वयं का उच्चाधिकारियों तक पहुंच होने का झांसा देते हुए सरकारी नौकरी लगवा देने का दावा किया।

# राज्य सरकार को नहीं दी गई मोहलत, अगली सुनवाई आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

प्रमोशन में आरक्षण की नई पॉलिसी को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने अनुरोध किया कि मामले की सुनवाई शीतकालीन अवकाश के बाद की जाए। वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने कहा कि वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बहस संभव नहीं है, इसलिए कोई अगली तारीख दे दी जाए। कोर्ट ने पूछा कि दलीलें पेश करने के लिए कितना समय लेंगे। इस पर वैद्यानाथन ने कहा कि करीब एक घंटे का समय लगेगा। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले की सुनवाई 18 दिसंबर को निर्धारित की है।इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अपनी बहस पूरी कर दी गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व का डाटा भी पेश किया गया है। दावा किया गया है कि आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों को अधिक प्रमोशन दिए गए हैं, जिस कारण एससी व एसटी वर्ग के कर्मचारी ऊंचे पदों पर पदस्थ हैं। वहीं अनारक्षित वर्ग के कर्मचारियों को कम या देरी प्रमोशन दिए गए, जिनके नाम ग्रेडेशन लिस्ट नीचे हैं। आरबी राय के मामले में वर्ष 2016 में हाईकोर्ट ने कहा था कि वर्ष 2002 तक के सभी प्रमोशन निरस्त करें और नए सिरे से ग्रेडेशन लिस्ट जारी करें।

### दायर याचिकाओं में मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती

गौरतलब है कि भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं।

**कहा, श्रमिक प्रदेश को गढ़ने वाले सच्चे सेवक, इनकी मेहनत ही विकास की बुनियाद**

# अनुग्रह सहायता राशि श्रमिकों के बैंक खाते में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की अंतरित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार गरीब, लाचार, श्रमिक, निराश्रित और जरूरतमंद नागरिकों को स्नेह, अपनत्व, स्वावलंबन और आर्थिक सहायता का संबल देती रहेगी। प्रदेश की जनता के सुख-दुख में सरकार हमेशा साथ खड़ी है। डॉ यादव मंगलवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री जनकल्याण सम्बल योजना के तहत सहायता राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के 55 जिलों के 7227 सम्बल हितग्राहियों के बैंक खाते में 160 करोड़ रुपए की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की। डॉ यादव ने कहा कि इस योजना के प्रारंभ वर्ष 2018 से लेकर अब तक 7.76 लाख प्रकरणों में 7383 करोड़ रुपए की सहायता राशि जरूरतमंद हितग्राहियों को दी जा चुकी है।




सीएम ने सम्बल 2.0 योजना के तहत हितग्राहियों को राशि अंतरित की।

### समय के साथ श्रम के स्वरूप भी बदले

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि समय के साथ श्रम के स्वरूप भी बदले हैं। हमारी सरकार ने गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक का दर्जा दिया है। एक मार्च 2024 से इन्हें भी संबल योजना के दायरे में शामिल किया गया है। गरीबों और श्रमिकों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए हमने संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना से भी जोड़ दिया है।


**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नंबर 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

**विषय : परीक्षा का कार्यक्रम**

निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन कर चुके / विषय ज्ञान परीक्षा (एसकेटी) के लिए क्वालीफाइड घोषित हुए उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है:-

| क्र. सं. | विज्ञा. सं. | पद और विभाग का नाम | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 22/2024 | पीजीटी - अंग्रेजी | एसकेटी | 01.02.2026 |
| 2. | 49/2024 | असिस्टेंट प्रोफेसर - पर्यावरणीय विज्ञान | स्क्रीनिंग टेस्ट | 15.03.2026 |
| 3. | 75/2024 | सिविल इंजीनियरिंग में लेक्चरर | एसकेटी | 19.01.2026 |
| 4. | 76/2024 | कंप्यूटर इंजीनियरिंग में लेक्चरर | एसकेटी | 19.01.2026 |
| 5. | 77/2024 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में लेक्चरर | एसकेटी | 21.01.2026 |
| 6. | 80/2024 | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में लेक्चरर | एसकेटी | 20.01.2026 (पूर्वाह्न) |
| 7. | 82/2024 | फार्मेसी में लेक्चरर | एसकेटी | 21.01.2026 |
| 8. | 84/2024 | फोरमैन इंस्ट्रक्टर | एसकेटी | 20.01.2026 (अपराह्न) |

दिनांक : 17.12.2025 हस्ता/- उप सचिव
संवाद-1156/13/368/2026/41254/88/7 दि. 17.12.25 हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

## चिंतन

# दम घोंटता प्रदूषण सबसे गंभीर चुनौती

सर्दी और कोहरे के बढ़ते ही प्रदूषण ने भी लोगों की सांसों पर संकट खड़ा कर दिया है। यह तिहरी मार लोगों को परेशान कर रही है। यह केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती पेश कर रहा है। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर है। देश की राजधानी गैस चैंबर बनी हुई है। लोगों को कहीं भी राहत नहीं मिल रही। दिल्ली का एक्यूआई बुधवार को 385 दर्ज किया गया। वहीं, एयर क्वालिटी मापने वाली स्विस कंपनी आईक्यूएयर के मुताबिक दिल्ली दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा, पहले स्थान पर पाकिस्तान का लाहौर (425 एक्यूआई) और दूसरे पर बोस्निया का सारायेवो (406 एक्यूआई) रहे। दम घोंटता प्रदूषण आज के समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। यह न केवल हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य और आर्थिक विकास को भी प्रभावित कर रहा है। हालांकि सरकारों ने प्रदूषण को कम करने के लिए कई कदम उठाए, लेकिन सभी प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। धूल, धुएं और कोहरे से बनी लेयर ने दृश्यता कमजोर कर दी है। इसके कारण सांस की बीमारियां (अस्थमा, ब्रोंकाइटिस), हृदय रोग, और फेफड़ों के कैंसर बढ़ रहे हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों पर सबसे बुरा असर पड़ रहा है। वहीं, लाखों लोग आंखों में जलन और अन्य बीमारियों की शिकायत करते देखे जा रहे हैं। भारत में हर साल लाखों लोगों की जान प्रदूषण के कारण जा रही है। केंद्र और दिल्ली सरकार ने प्रदूषण कम करने के लिए कई कड़े कदम उठाए हैं। इनमें सभी सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में 50% कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम नियम लागू करना, 16 दिनों तक ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का तीसरा फेज, (ग्रैप-3) लागू रहा। अब ग्रैप-4 लागू किया जा रहा है। इसके तहत दूसरे राज्यों के भारी वाहनों की दिल्ली में एंट्री बंद रहेगी। इसके अलावा पेट्रोल पंपों पर बिना प्रदूषण कंट्रोल सर्टिफिकेट (पीयूसी) वाले वाहनों को फ्यूल नहीं दिया जाएगा। दिल्ली के भीतर निर्माण कार्यों पर रोक रहेगी। निर्माण सामग्री के परिवहन पर भी रोक रहेगी। निर्माण सामग्री का परिवहन करते वाहनों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। कूड़े के ढेर में आग नहीं लगाना, खेल गतिविधियों को बंद करना आदि उपाय शामिल हैं, लेकिन इन सबके बावजूद सार्थक परिणाम सामने नहीं आ रहे हैं। वायु प्रदूषण के बड़े कारणों में वाहनों और उद्योगों से निकलने वाला धुआं, पराली जलाना, औद्योगिक कचरे, सीवेज, प्लास्टिक कचरा, रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक आदि प्रमुख हैं। प्रदूषण रोकने के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी, नियमों को सख्ती से लागू करना होगा। सरकारों, अदालतों को सख्त निर्देश जारी करने होंगे और जनता को जागरूक होना होगा। पराली जलाने, वाहनों के धुएं, औद्योगिक उत्सर्जन जैसे सभी स्रोतों पर तत्काल और साल भर के उपाय करने होंगे, न कि सिर्फ़ सर्दियों में राजनीति करनी होगी, क्योंकि मौजूदा रवैया अक्षम है और केवल आरोप-प्रत्यारोप से बात नहीं बनेगी, बल्कि ठोस नीति ज़रूरी है। सरकार, प्रशासन और जनता की जवाबदेही तय करनी होगी, तभी हम प्रदूषण के खिलाफ सख्त कदम उठा पाएंगे। बता दें कि प्रदूषण एक गंभीर चुनौती है, जिसका समाधान हमें मिलकर निकालना होगा। हमें प्रदूषण के कारणों को समझना होगा और प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को अपनाना होगा। हमें अपने पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए भी काम करना होगा, ताकि हम एक बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकें।



सियासत
उमेश चतुर्वेदी

# नितिन नबीन की ताजपोशी के मायने

> राजनीति में युवाओं को शीर्ष पर बैठाने की परंपरा कम ही रही है, लेकिन बीजेपी ने 45 साल के नितिन नबीन को अपना बॉस घोषित कर दिया है। नितिन को फिलहाल पार्टी ने अपना कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है, ऐसा माना जा रहा है कि अगले साल उन्हें पूर्णकालिक अध्यक्ष के तौर पर चुन लिया जाएगा। 1959 में जब दिग्गज नेताओं के रहते हुए कांग्रेस ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी को अध्यक्ष बनाया, तब इंदिरा की उम्र महज 42 साल थी। अध्यक्ष बनने के छह साल बाद ही इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बन गई थीं। सत्ताधारी बीजेपी ने 45 साल के नितिन पर भरोसा जताया है। नितिन आगे और कितनी ऊंचाई पर जाएंगे, यह देखने के लिए इंतजार करना होगा।

नरेंद्र मोदी के दौर की बीजेपी का जब इतिहास लिखा जाएगा, तब उसकी तमाम खूबियों और खामियों के साथ एक तथ्य को शिद्दत से याद किया जाएगा। वह है पार्टी का हर बार चौंकाने वाला फैसला लेना। राजनीति के लिहाज से 45 साल की उम्र युवा मानी जाती है। राजनीति में युवाओं को शीर्ष पर बैठाने की परंपरा कम ही रही है, लेकिन बीजेपी ने 45 साल के नितिन नबीन को अपना बॉस घोषित कर दिया है। नितिन को फिलहाल पार्टी ने अपना कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है, ऐसा माना जा रहा है कि अगले साल जनवरी के आखिर तक उन्हें पूर्णकालिक अध्यक्ष के तौर पर चुन लिया जाएगा। नितिन की ताजपोशी पर चर्चा से पहले बीजेपी से ही जुड़े अतीत के एक किस्से को याद कर लिया जाना चाहिए। मई 1996 में तेरह दिनी वाजपेयी सरकार के विश्वासमत पर चर्चा के दौरान सुषमा स्वराज ने कांग्रेस के तत्कालीन नेतृत्व से पूछा था, कहां है आपकी सेकंड लाइन ऑफ लीडरशिप। हमारी ओर देखिए, वेंकैया हैं, अनंत हैं, प्रमोद हैं। अटल-आडवाणी और जोशी के दौर की बीजेपी में बिना शक ये तीनों ही नाम शीर्ष नेतृत्व में शामिल थे। पार्टी की दूसरी पांत के नेताओं में सुषमा के बताए तीन नामों के साथ ही उनका भी नाम भी शामिल था। बाद के दिनों में अरूण जेटली को भी इसी पंक्ति में शामिल कर लिया गया था। ऐसे में यह सवाल पूछा जा सकता है कि क्या नितिन नबीन का नाम दूसरी पंक्ति के नेताओं में शुमार होता है। निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। भले ही वे पांच बार के विधायक हों, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर उनका नाम इतना चर्चित नहीं रहा है। बीजेपी के मुख्य संगठन में छत्तीसगढ़ के प्रभार की जिम्मेदारी छोड़ दें तो इसके पहले कोई बड़ी भूमिका भी नहीं सौंपी गई थी। भारतीय जनता युवा मोर्चा की बिहार इकाई के वे अध्यक्ष और इसी मोर्चे के राष्ट्रीय महामंत्री जरूर रहे हैं। युवा मोर्चा संभालना और मुख्यधारा के संगठन को संभालना अलग-अलग है। ऐसे में नवीन के सामने बड़े और दिग्गज नेताओं से भरी बीजेपी को संभालना बड़ी चुनौती होगी। वैसे बीजेपी कैडर आधारित पार्टी है, लिहाजा यह भी माना जा सकता है कि उन्हें ज्यादा दिक्कत नहीं होनी है।

बीजेपी के जानकारों का तर्क है कि नितिन नबीन को राष्ट्रीय भूमिका देकर पार्टी ने एक तरह से पीढ़ीगत बदलाव की शुरुआत की है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में बीजेपी में और भी युवा चेहरों को मौका मिलेगा। वैसे देखा जाए तो आजकल बीजेपी में युवाओं और महिलाओं पर जोर है। हालिया बिहार विधानसभा के चुनाव प्रचार में नरेंद्र मोदी एमवाई का नया विश्लेषण युवा और महिला के रूप में कर ही चुके हैं। वैसे भी वे गरीब, किसान, महिला और जवान की जाति का अक्सर जिक्र करते हैं। कह सकते हैं कि नितिन नबीन भाजपा की इसी नई वर्ग व्यवस्था के सशक्त प्रतीक हैं। हाल के दिनों में बीजेपी में पिछड़ा नेतृत्व पर कुछ ज्यादा ही फोकस किया गया। इससे बीजेपी का पारंपरिक सवर्ण वोट बैंक दबे स्वर से नाराजगी भी जाहिर करता रहा है। विराट उभार से पहले बीजेपी को बाभन-बनिया की पार्टी भी कहा जाता था। इसमें कायस्थ और किंचित क्षत्रिय वर्ग भी जुड़ा हुआ था। नितिन नबीन इन्हीं में से एक कायस्थ वर्ग से आते हैं। वैसे बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान पाटलिपुत्र से कायस्थ उम्मीदवार ना देने की वजह से



बीजेपी का कायस्थ वोटर किंचित नाराज भी दिखा था। इस संदर्भ को देखते हुए एक वर्ग कह रहा है कि नितिन को केंद्रीय नेतृत्व सौंपकर बीजेपी ने अपने पारंपरिक सवर्ण मतदाता वर्ग को साधने की कोशिश की है। वैसे कुछ लोगों का यह भी मानना है कि नितिन नबीन की ताजपोशी आगामी पश्चिम बंगाल चुनाव को भी ध्यान में रखकर की गई है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में लंबे समय तक कायस्थ समाज का दबदबा रहा है। राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे ज्योति बसु और पहले मुख्यमंत्री विधानचंद्र रॉय इसी समुदाय से थे। ज्योति बसु जहां 23 साल तक मुख्यमंत्री रहे, वहीं विधानचंद्र रॉय के हाथ 14 साल तक राज्य की कमान रही। नितिन नबीन के जरिए बंगाल के इस वर्ग के वोटरों को भी पार्टी ने बड़ा संदेश दिया है। नितिन नबीन को नेतृत्व सौंपे जाने को लेकर कुछ महीने पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भाजपा को मिले संकेतों का भी जिक्र किया जा रहा है। संघ ने बीजेपी को संकेत दिया था कि पिछड़े-दलित आदि को शासन और प्रशासन से मिले फायदों का जिक्र भले ही करें, लेकिन संगठन के मामलों में जातीय आधार पर फैसले ना लें। संघ का पार्टी को यह भी संकेत था कि वह संगठन की भूमिकाएं तय करते वक्त कार्यकर्ताभाव और उसकी संगठन क्षमता और निष्ठा को देखें। नितिन नबीन की नियुक्ति को इस निकष पर भी कसा जा सकता है। नबीन पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में सक्रिय रहे हैं। संगठन ने जो भी भूमिका सौंपी, उसे संगठन के लिहाज से पूरा करने की कोशिश की है। छत्तीसगढ़ राज्य में बीजेपी की पिछली जीत ने उनके संगठन कौशल की ओर झांकने का मौका दिया। कह सकते हैं कि उनकी नियुक्ति के पीछे ये भी कारण रहे होंगे। हालांकि आलोचक कह सकते हैं कि नितिन की तुलना में संगठन में खुद को खपाने वाले बहुत लोग अब भी सक्रिय हैं। फिर उन्हें क्यों नहीं मौका मिलना चाहिए। यह तर्क वाजिब हो सकता है, लेकिन यह भी सच है कि राजनीतिक फैसले लेते वक्त कई बिंदुओं पर ध्यान दिया जाता है। बीजेपी अक्सर दावा करती है कि वह पढ़े-लिखे लोगों को तवज्जो देती है। बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान कुछ विपक्षी दलों के प्रवक्ताओं की उनकी आक्रामक और बदतमीज व्यवहार के चलते आलोचना की थी। तब उसने अपने पढ़े-लिखे प्रवक्ताओं पर जोर दिया था। इस आधार पर नितिन नबीन को लेकर बीजेपी असहज हो सकती है।

विपक्षी कह सकते हैं कि पार्टी को अपने अध्यक्ष के लिए पढ़ा-लिखा कार्यकर्ता नहीं मिला। दरअसल, नितिन महज बारहवीं पास ही हैं। बीजेपी अक्सर वंशवाद का विरोध करती है। तकरीबन हर मंच पर वह इसके खिलाफ आवाज उठाती है। जब पार्टी के अंदर के वंशवाद पर विपक्षी खेमे से सवाल उठता रहा, तब पार्टी का तर्क होता था कि शीर्ष पर उसके यहां वंशवाद नहीं रहा। नितिन के संदर्भ में वह क्या जवाब देगी, यह देखना महत्वपूर्ण रहेगा, क्योंकि नितिन के पिता नवीन किशोर सिन्हा बिहार बीजेपी के कद्दावर नेता रहे हैं। बिहार में बीजेपी को खड़ा करने वाले नेताओं में नवीन किशोर का योगदान माना जाता रहा है। आखिर में एक और तथ्य की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। 1959 में जब दिग्गज नेताओं के रहते हुए भी कांग्रेस ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी को अध्यक्ष बनाया, तब इंदिरा की उम्र महज 42 साल थी। अध्यक्ष बनने के सिर्फ छह साल बाद ही इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बन गई थीं। ठीक 66 साल बाद आज की सत्ताधारी बीजेपी ने पैंतालिस साल के नितिन नबीन पर भरोसा जताया है। नितिन आगे और कितनी ऊंचाई पर जाएंगे, यह देखने के लिए इंतजार करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

डॉ. संजय शुक्ला



# मानवता के अग्रदूत बाबा गुरु घासीदास

नैतिक मूल्यों के क्षरण के वर्तमान दौर में मानव समाज अनेक प्रकार के विसंगतियों से जूझ रहा है। मानव सभ्यता के विभिन्न कालखंडों पर गौर करें तो आज मनुष्य सामाजिक और सांस्कृतिक तौर पर काफी विकसित हो चुका है। विकास की अंधाधुंध दौड़ में मानव समाज नैतिक और सामाजिक मूल्यों को तिरोहित करने लगा है। मनुष्य भले ही आज बौद्धिक तौर पर विकसित हो रहा है लेकिन उसमें मानवीय मूल्यों का लगातार हास हो रहा है जिसका दुष्प्रभाव देश और समाज में परिलक्षित हो रहा है। यह अतिश्योक्ति नहीं होगी कि वर्तमान संक्रमण काल में बाबा गुरु घासीदास के संदेश सर्वाधिक प्रासंगिक हैं। छत्तीसगढ़ में अनेक विभूतियां अवतरित हुई है जिन्होंने अंचल में आध्यात्मिक



और सांस्कृतिक चेतना जागृत की इन्हीं विभूतियों में से एक बाबा गुरु घासीदास थे जिनका जन्म 18 दिसंबर 1756 में छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी में हुआ। उनके पिता का नाम मंहगूदास तथा माता का नाम अमरौतिन था। निरक्षर होते हुए भी बाबा गुरु घासीदास में अलौकिक सत्वज्ञान था, उन्होंने सतनामी समाज को रचनात्मक दिशा प्रदान की। जनश्रुतियों के अनुसार साधु प्रवृत्ति के बाबा गुरु घासीदास में बाल्यकाल से ही अलौकिक शक्ति थी। उनका विवाह छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध बौद्ध पुरातात्विक नगरी सिरपुर के अंजोरीदास एवं सत्यवती की सुपुत्री सफुरा बाई से हुआ था लेकिन उन्होंने 40 साल के उम्र में ही गृहस्थ जीवन त्याग दिया था।

सतनाम के मुख्य आधार 'सत्य' के प्रत्यक्ष साक्षात्कार के हेतु बाबा गुरु घासीदास छातागढ़ पहाड़ के औंरा- धौरा पेड़ के नीचे ध्यानस्थ हुए। कठिन तपस्या के बाद बाबा गुरु घासीदास में चमत्कारिक शक्ति का अभ्युदय हुआ और इस शक्ति के जरिए ही वे सतनाम के उन्नायक बनकर अपने जीवन को समाज सुधार और जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया। समाज सुधार और जनकल्याण का लक्ष्य लेकर बाबा गुरु घासीदास ने छत्तीसगढ़ में लगातार यात्राएं की जिसे 'रावटी' की संज्ञा दी गई। इसी रावटी के जरिए उन्होंने अपने अनुयायियों के साथ छत्तीसगढ़ के बस्तर के चिरईपदर, कांकेर, राजनांदगांव के डोंगरगढ़, पानाबरस - मोहला, गंडई, कवर्धा के भोरमदेव और बिलासपुर के दलहा- पोंड़ी की यात्राएं की।

बाबा गुरु घासीदास रावटी के दौरान सरल छत्तीसगढ़ी भाषा में उपदेश देते थे। वे अपने उपदेश में लगातार लोगों को पाखंड - अंधविश्वास और मूर्ति पूजा से दूर रहने, पशु बलि बंद करने और शराब तथा मांसाहार का प्रतिषेध करने की बात करते थे। उनके उपदेशों और सतोपदेश का प्रभाव इतना था कि अन्य समाज और संप्रदाय के लोग उनसे दीक्षा लेकर शिष्य बनने लगे। उनके विचारों और उपदेशों का प्रभाव चहुंओर फैलने लगा जिसके कारण अनेक मंदिरों में पशु बलि प्रथा बंद हो गई। बाबा गुरु घासीदास के अध्यात्मिक ख्याति और समाज सुधारक कार्यों से तत्कालीन सामंतवादियों की चूलें हिलने लगी। इन तत्वों ने उनके रावटियों को बाधा पहुंचाने की भरसक कोशिश की लेकिन सत्य और न्याय के रास्ते चलने वाले बाबा गुरु घासीदास जरा भी विचलित नहीं हुए। सतनाम के ध्वजवाहक बाबा गुरु घासीदास ने भंडारपुरी को अपना कर्मस्थली निश्चित किया और वहां गुरूद्वारा बनाकर जैतखंभ स्थापित किया। इस प्रकार भंडारपुरी भी आस्था के केंद्र के रूप स्थापित हुआ। इतिहासकारों के मुताबिक बाबा गुरु घासीदास का निर्वाण 20 फरवरी 1850 माना गया है। 'मनखे-मनखे एक समान' के सिद्धांत वाले बाबा गुरु घासीदास के संदेश आज इक्कीसवीं सदी में ज्यादा प्रासंगिक है। बाबा गुरु घासीदास के संदेश में जातिगत भेदभाव, सामाजिक असमानता, नारी स्वतंत्रता और स्वालंबन, अंधविश्वास और रूढ़िवाद निर्मूलन, व्यसन और मांसाहार त्याग, जीवदया, दलित उद्धार , जल संरक्षण के भाव निहित हैं। सतनाम के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास ने इस पंथ के लिए सात सिद्धांत 'सतनाम को मानो, मूर्तिपूजा मत करो, जीव हत्या मत करो, परस्त्री गमन निषेध, शराब मत पियो, दोपहर में खेत मत जोतो और वर्ण भेद दूर करो' निर्धारित किया। सतनाम के इन सिद्धांतों पर गौर करें तो इसमें एक ओर जहां भारतीय दर्शन और धर्म का सारांश निहित है वहीं इन सिद्धांतों में जैन धर्म के भगवान महावीर और संत कबीरदास के दर्शन का सार भी समाहित है।

बाबा गुरु घासीदास ने उपरोक्त सिद्धांतों के साथ ही उनके द्वारा संकलित 42 सतोपदेश यानि सत्य उपदेश में जीवन का सार निहित है। उनके सतोपदेश में मनुष्य के लौकिक एवं इहलौकिक उद्देश्यों की पूर्ति के साथ वैयक्तिक आचरण, अनुशासन, समाज सुधार, लोकाचार के यथार्थ पूर्ण उद्देश्य समाहित हैं। इन सतोपदेशों पर गौर करें तो इसमें सत्य को परखने और इसे आत्मसात करने का पथप्रदर्शन है। इन उपदेशों में अंधविश्वास और रूढ़िवाद का त्याग, क्रोध, चुगली, निंदा और भ्रम का त्याग, धरती और तालाब का संरक्षण, जुआ और चोरी का परित्याग, पशु बलि और मूर्ति पूजा का निषेध, सात्विक भोजन, स्त्री समानता, संतों का सम्मान, मेहनत से धन उपार्जन, अतिथि सत्कार का निर्देश है। उनके उपदेशों में कुंआ और तालाब संरक्षण जैसे दूरदर्शी विचार हैं तो दूसरी ओर मंदिरों की जगह धर्मशाला निर्माण के लिए प्रेरणा है।

अक्षर ज्ञान नहीं होते हुए भी बाबा गुरु घासीदास के वचनों में व्यवहारिक ज्ञान और विद्वतापूर्ण भाव निहित हैं लिहाजा बाबा गुरु घासीदास के संदेश सिर्फ सतनामी समाज ही नहीं वरन सर्व समाज के लिए पथ-प्रदर्शक है। बहरहाल बाबा गुरु घासीदास के संदेश और सिद्धांत में 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' का मूलमंत्र है जो विश्वशांति और जनकल्याण के लिए आवश्यक है लिहाजा उन्हें किसी एक धर्म या समाज में सीमित नहीं किया जा सकता। जयंती अवसर पर बाबा गुरु घासीदास को शत-शत नमन।


# चेतना की चौथी अवस्था है शिव तत्व



संकलित
दर्शन

शिव को अनुभव करने का प्रयास न करें। आपको बस उस पल में मौजूद रहना है और निश्चिंत रहना है, शिव तत्व पहले से ही वहां मौजूद है। हमारी चेतना की 3 अवस्थाएं हैं - जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति, और चेतना की एक चौथी अवस्था भी है, जहां हम न तो जाग्रत होते हैं, न स्वप्न देखते हैं और न ही सोते हैं। इसका अनुभव ध्यान में होता है। उस चौथी अवस्था की झलक को ही शिव तत्व कहा जाता है। उपनिषद कहते हैं शिवम्, शांतम्, अद्वैतम्, चतुर्थम, मन्यन्ते, सा आत्मा, सा विज्ञेय। अर्थात शुभ, शांतिपूर्ण चौथी अवस्था, जहां दो नहीं हैं, वह तुम्हारा स्वरूप है, वही जानने योग्य है। आपको क्या लगता है कि आप क्या हैं? आप केवल एक नाम नहीं हैं, मात्र एक रूप नहीं हैं। आप वह प्रकाशमान चेतना हैं जो शिव तत्व है। शिव का मंदिर पत्थरों से नहीं मनुष्य की चेतना से बना है। वह जो संपूर्ण ब्रह्मांड को समाहित करता है, वह सत्ता जिसमें हर जीवन समाया है, वह रहस्यमय शिव तत्व है। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है। ये आनंद है, जो यह नहीं जानता, वह दुःखी होता है, निराश होता है, पीड़ित होता है। जो यह जानता है कि यह संपूर्ण सृष्टि एक नृत्य है, उसे आनंद मिलता है। यह सत्य शिव तत्व है।

# बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### माइक्रो रोबोट ने लिखी सफलता की गाथा

नमक के एक दाने से भी छोटे माइक्रो रोबोट का विचार आज विज्ञान कथा नहीं रहा, बल्कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में आकार ले चुकी एक ठोस वास्तविकता बन चुका है, जहां नैनोमीटर स्तर की इंजीनियरिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऊर्जा-संचयन की नई तकनीकें मिलकर ऐसे यंत्र रच रही हैं जो अपनी सूक्ष्म काया के बावजूद निर्णय लेने, प्रतिक्रिया देने और लक्ष्य के अनुसार काम करने की क्षमता रखते हैं। यह माइक्रो रोबोट न केवल आकार में क्रांतिकारी है बल्कि सोच की दिशा में भी एक नया अध्याय खोलता है क्योंकि इसके भीतर समाहित अल्ट्रा-मिनी कंप्यूटर और संवेदनशील सेंसर इसे आसपास के वातावरण को समझने और उसी के अनुरूप व्यवहार करने में सक्षम बनाते हैं। *-सतीश यादव, धमतरी*

## करंट अफेयर

# सुरक्षा कारणों से ढाका में भारत का वीजा केंद्र बंद

बांग्लादेश की राजधानी ढाका स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) ने मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए बुधवार को अपना कार्यालय बंद कर दिया। ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क (जेएफपी) में स्थित आईवीएसी राजधानी में सभी भारतीय वीजा सेवाओं के लिए मुख्य एवं एकीकृत केंद्र है। आईवीएसी ने एक बयान में कहा, मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि आईवीएसी जेएफपी ढाका आज अपराह्न दो बजे बंद कर दिया जाएगा। आईवीएसी ने कहा कि बुधवार को आवेदन जमा करने के लिए निर्धारित 'अपॉइंटमेंट स्लॉट' वाले सभी आवेदकों के 'अपॉइंटमेंट' बाद की तारीख के लिए पुनर्निर्धारित किए जाएंगे। इससे पहले दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब किया और कुछ चरमपंथी तत्वों द्वारा ढाका स्थित भारतीय मिशन के आसपास सुरक्षा संकट पैदा करने की साजिश के ऐलान को लेकर अपनी गंभीर चिंता जतायी। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हम अंतरिम सरकार से अपेक्षा करते हैं कि वह बांग्लादेश में स्थित मिशन और कार्यालयों की अपने कूटनीतिक दायित्वों के अनुरूप सुरक्षा सुनिश्चित करे।'




## ऑफ बीट

# बुजुर्गों के लिए मददगार हो सकते हैं वर्चुअल इंसान

सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ जाने के कारण अकेलेपन से जूझ रहे कई बुजुर्गों के लिए वर्चुअल इंसान का साथ मददगार साबित हो सकता है।



अभी तक केवल 'साइंस फिक्शन' (वैज्ञानिक काल्पनिक कहानियों) में नजर आने वाले ये वर्चुअल इंसान चल सकते हैं, बात कर सकते हैं और आपके सोफे पर बैठ सकते हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमारे सबसे अच्छे मित्रों में कम्प्यूटर जनित इंसान भी शामिल होंगे, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ अकेलेपन की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। विकसित होती प्रौद्योगिकी के बीच हमारी बदलती जनसांख्यिकी हमें इन वर्चुअल मनुष्यों की ओर ले जा सकती है। एशिया, यूरोप और उत्तर अमेरिका में कई ऐसे विकसित देश हैं, जिनके समाज की औसत आयु तेजी से बढ़ रही है। इसके कारण कुशल कार्यबल में कमी आने और स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं पर अप्रत्याशित दबाव पड़ने की समस्या पैदा हो सकती है, जिनके समाधान की आश्यकता है। बुजुर्ग होती आबादी की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक समस्या सामाजिक स्तर पर अलग-थलग हो जाना है।

## ट्रेंड

### वंदे मातरम् की प्रस्तुति



इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली द्वारा आयोजित भोज में इथियोपियाई गायकों ने वंदे मातरम की मधुर प्रस्तुति दी। यह एक अत्यंत भावपूर्ण क्षण था और वह भी ऐसे समय में जब हम वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भाजपा के संस्कार



अपने सामने ही अपना कोई योग्य प्रतिनिधि उत्तराधिकारी बने और अपने से कम आयु का बने इससे बड़ी कोई खुशी की बात नहीं हो सकती और यही भाजपा के संस्कार है..

-मनोहर लाल, सांसद भाजपा

### दिल्ली मेट्रो म्यूजियम



दिल्ली मेट्रो म्यूजियम सभी के लिए खोल दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर बना यह म्यूजियम दिल्ली मेट्रो की गौरवशाली यात्रा को दर्शाता है। आज इस म्यूजियम का उद्घाटन किया। आप यहां जरूर आएं और दिल्ली के विकास में दिल्ली मेट्रो के योगदान का अनुभव करें।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### साज़िश का पर्दाफाश



नेशनल हेराल्ड अखबार 1938 में शुरू किया गया था। 16 दिसंबर के अदालत के फैसले ने मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर लगाये गए झूठे आरोप, साज़िश और बदले की भावना का पूरी तरह से पर्दाफाश कर दिया है।

-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में प्रश्नों के लिखित उत्तर में बताया

# 6117 रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा उपलब्ध, 1731 स्टेशनों पर सीसीटीवी

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं






हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रेलवे के 6117 रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध वाई-फाई सेवा का उपयोग करने के लिए ओटीपी के लिए मोबाइल नंबर के अलावा कोई भी व्यक्तिगत जानकारी नहीं मांगी जाती है। स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा से संबंधित समस्या होने पर रेलवे प्रशासन द्वारा तुरंत उचित कार्रवाई की जाती है। यह जानकारी केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में प्रश्नों के लिखित उत्तर में दी। उन्होंने कहा कि स्टेशनों और डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया जारी है। अब तक, रेल यात्रियों की सुरक्षित यात्रा के लिए 1731 स्टेशनों और 11,953 डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का खर्च पूंजीगत व्यय के अंतर्गत आता है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रवेश/निकास द्वार, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्म जैसे बाहरी क्षेत्रों और प्रतीक्षा कक्ष, टिकट काउंटर जैसे आंतरिक क्षेत्रों में पहले से ही सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे। हालांकि, 15 फरवरी, 2025 के बाद नई दिल्ली स्टेशन परिसर में कुछ नए क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वर्तमान में, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 250 सीसीटीवी कैमरे हैं।

## राज्यसभा जीरो ऑवरः करदाताओं को स्टेशन, हवाई अड्डे पर विशेष सुविधा की मांग

राज्यसभा के सभापति की सहमति से 17 जनहित के मुद्दे मंगलवार को उठाये गये। भाजपा के गोविंद भाई लालजी भाई ढोलकिया ने करदाताओं को रेलवे स्टेशन, हवाईअड्डे समेत अन्य सार्वनजिक स्थानों पर विशेष सहूलियतें दिये जाने के लिए कानूनी प्रावधान करने का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश में ज्यादा से ज्यादा लोग कर चुकायें इस नीति के तहत करदाताओं को बेहतर सुविधा देखकर निश्चित रूप से करदाताओं की संख्या में वृद्धि होगी। भाजपा की धर्मशीला गुप्ता ने दिल्ली से पटना जाने वाली संपूर्णक्रांति ट्रेन में जनरल डिब्बों की संख्या बढ़ाये जाने की मांग की। भाजपा के नरेश बंसल ने उत्तराखंड में अंग प्रत्यारोपण अस्पताल की मांग करते हुए कहा कि मधुमेह, लीवर, किडनी, दिल से संबंधित बढती हुई बिमारियों के मद्देनजर अंग प्रत्यारोपण की मांग देश में बढ़ी है। लिहाजा उत्तराखंड में एक उच्चस्तरीय अस्पताल की स्थापना की जानी चाहिए।

मनोनीत सांसद पीटी उषा ने वायनाड स्थित कॉफी बोर्ड की स्थिति दुरुस्त करने की मांग की। सभापति से प्रमोदी तिवारी ने मांग किया कि शून्यकाल के दौरान विपक्षी सांसदों को ज्यादा समय दिया जाना चाहिए। कुल 17 सवालों में 13 सवाल भाजपा के सांसदों के हिस्से आ गया। इस पर सभापति ने कहा कि शून्यकाल में सवालों का चयन लॉटरी के मार्फत सभी के समक्ष होता है आप भी हमारे कक्ष में आकर लॉटरी में भाग ले सकते हैं।

'सबका बीमा, सबकी सुरक्षा' विधेयक पर राज्यसभा की लगी मुहर

## इंश्योरेंस सेक्टर में बंपर रोजगार के अवसर होंगे पैदा, सौ फीसदी विदेशी निवेश को मिली संसद की मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

देश में अब इंश्यारेंस सेक्टर में काम करने वाली तमाम वैश्विक कंपनियां अब अपनी शाखायें खोल सकेंगी। बड़ी संख्या में न सिर्फ युवाओं को रोजगार का साधन मिल सकेगा बल्कि इंश्योरेंस चाहने वालों को बेहतर मूल्य पर बेहतरीन प्रोडक्ट मिलेंगे।

राज्यसभा में 'सबका बीमा, सबकी सुरक्षा' विधेयक पास होने के साथ कानूनन विदेशी इंश्योरेंस कंपनियों के लिए रास्ता साफ हो गया। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन को जानकारी देते हुए कहा कि पहले 26 फीसदी के साथ इंश्योरेंस सेक्टर में विदेशी निवेश का रास्ता बना तब भी और आज जब सौ फीसदी विदेश विदेशी निवेश का रास्ता खुल रहा है तब भी देश के लोगों में बेहतर इंश्यारेंस पॉलिसी लेने की आतुरता बढ़ेगी। इंश्योरेंस उत्पादों के बीच प्रतियोगिता बढ़ेगी तो प्रीमियम पर अंकुश लगेगा। देश की जनता का फायदा होगा। उन्होंने कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल द्वारा उठाये गये सवाल का जवाब देते हुए कहा कि ये 'सबका बीमा, सबकी सुरक्षा' विधेयक को दो बरसों तक सभी स्टेकहोल्डर्स से, राज्य सरकारों से यहां तक की आम नागरिकों से विमर्श के बाद विधेयक को आकार दिया गया है। सदन को आश्वस्त करते हुए केंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि इंश्योरेंस सेक्टर में सौ फीसदी विदेशी निवेश आने के बाद लेवल प्लेइंग फील्ड का विस्तार होगा। समूचे सेक्टर को नई दिशा मिल सकेगी। देश के युवाओं के लिए रोजगार के नए साधन खुलेंगे। इससे पहले विधेयक पर विभिन्न दलों के सांसदों ने अपने विचार रखे। जिसका जवाब भी केंद्रीय वित्तमंत्री ने विस्तार से दिया। जवाब के साथ राज्यसभा से 'सबका बीमा, सबकी सुरक्षा' विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विपक्षी सांसदों ने विधेयक को संसदीय स्थायी समिति में और विमर्श को भेजने की मांग की थी।

### खबर संक्षेप

### ट्रक से टकराई कार 4 की मौके पर मौत

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड में कोहरा के चलते ऋषिकेश में मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे एक कार



सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की छत क्षतिग्रस्त होकर अलग हो गई थी। जान गंवाने वाले कार सवार के शरीर के टुकड़े हो गए।

### मोकिम का सोनिया को लिखा पत्र भाजपा से प्रेरित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि निष्कासित कांग्रेस नेता



मोहम्मद मोकिम का हाल में सोनिया गांधी को लिखा गया पत्र 'भाजपा की मानसिकता' से तैयार किया हुआ लगता है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर सवाल उठाने वाला यह पत्र भाजपा के

### दिल्ली में जनवरी से शुरू होगी भारत टैक्सी सर्विस

**नई दिल्ली।** सरकार की सहकारी कैब सर्विस भारत टैक्सी की दिल्ली एनसीआर में शुरूआत एक जनवरी 2026 से कर दी जाएगी। इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट को शुरू भी कर दिया गया है। जिसके कुछ समय बाद इस सेवा को पूरे भारत में शुरू किया जाएगा।

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# बंद कीजिए 9 टोल प्लाजा, मौजूदा उपायों को ही प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गहराते संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनएचएआई और एमसीडी को दिल्ली की सीमाओं पर बने नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि केवल प्रोटोकॉल तैयार करने के बजाय मौजूदा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है, क्योंकि प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है।

सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आइए इस खतरे के व्यावहारिक और कारगर समाधानों के बारे में सोचें। सुनवाई के दौरान दिल्ली के कई टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम के चलते होने वाले प्रदूषण पर सीजेआई सूर्यकांत ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाए। उन्होंने इस पर फैसला लेने के लिए एक हफ्ते की समयसीमा भी तय की। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को यह अनुमति दे दी कि वह ऐसे पुराने वाहनों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कर सकती है, जो भारत स्टेज-IV (बीएस-IV) उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं करते। यानी डीजल वाहन अगर 10 साल से पुराने हैं या पेट्रोल वाहन 15 साल से पुराने हैं, लेकिन वे बीएस-IV मानकों का पालन करते हैं, तो उन्हें फिलहाल राहत मिलेगी।



*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की ओर से क्यों नहीं कहा जाता है कि जनवरी तक कोई टोल प्लाजा नहीं रहेंगे। सीजेआई सूर्यकांत ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाए। उन्होंने इस पर फैसला लेने के लिए एक हफ्ते की समयसीमा भी तय की*




बुधवार सुबह धुंध में समाया इंडिया गेट

### स्कूल की छुट्टियां जारी रहेंगी

सुनवाई के दौरान वकील मेनका गुरुस्वामी ने दलील देते हुए कहा कि हर बार जब स्कूल बंद किए जाते हैं तो गरीब बच्चों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है, क्योंकि वे मिड-डे मील जैसी सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं। इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें इस मामले को विशेषज्ञों पर छोड़ देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों की छुट्टियां जारी रहेंगी। हम दुआ करते हैं कि छुट्टियां खत्म होने से पहले प्रदूषण कम हो जाए। सुनवाई के दौरान एक वकील ने दलील देने की कोशिश की। जिस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमारी समस्या है कि ऐसे मामलों में हमें विशेषज्ञों की सलाह कम मिलती है और उनकी जगह वकील ही विशेषज्ञ बन जाते हैं।

### निर्माण मजदूरों के पैसे अन्य लोगों के खातों में न जाएं

सुनवाई के दौरान मजदूरों के संगठन की ओर से पेश वकील ने भत्ते के भुगतान न होने का मुद्दा उठाया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों की जांच करने और उनके खातों में पैसे भेजने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों को वैकल्पिक काम उपलब्ध कराने पर विचार करने को कहा। दिल्ली सरकार ने दलील दी कि 2.5 लाख निर्माण श्रमिकों में से 7,000 का सत्यापन हो चुका है और उनके खातों में धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि श्रमिकों के खातों में स्थानांतरित किया गया पैसा गायब नहीं होना चाहिए, न किसी अन्य खाते में चला जाना चाहिए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल सिंह पुत्र** सुरेन्दर प्रताप सिंह **निवासः** म.नं. P-4/200, सुलतानपुरी, दिल्ली एवं D-2/239, सुलतानपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 190/2020 U/s 454/380/411/34 IPC. थानाः राजेन्द्र नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विशाल सिंह** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विशाल सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 190/2020 U/s 454/380/411/34 IPC. थानाः राजेन्द्र नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विशाल सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
प्रीति
एसीजेएम-03, कमरा नं. 150
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15949/CD/2025
(Court Notice)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मानव, पुत्रः मनोज, निवासीः मकान नंबर–229, के ब्लॉक एमसीडी फ्लैट्स, सुंदर नगरी, दिल्ली–110093** ने **FIR No.: 84/23, SC/397/2025, पुलिस थाना उत्तम नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मानव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मानव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना उत्तम नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **मानव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 20.01.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव मेहता
एएसजे (एफटीएससी) (पोक्सो–01),
कमरा नंबर 504, छठी मंजिल,
द्वारका कोर्ट, दिल्ली

DP/16897/DW/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल सिंह पुत्र** सुरेन्दर प्रताप सिंह **निवासः** म.नं. P-4/200, सुलतानपुरी, दिल्ली एवं D-2/239, सुलतानपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 190/2020 U/s 454/380/411/34 IPC. थानाः राजेन्द्र नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विशाल सिंह** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विशाल सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 190/2020 U/s 454/380/411/34 IPC. थानाः राजेन्द्र नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विशाल सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
प्रीति
एसीजेएम-03, कमरा नं. 150
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15949/CD/2025
(Court Notice)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संगीता पत्नी अजय निवासी ई-39 के पीछे, मंसा राम पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली** ने एफआईआर नं./एस केस नं. **1072/2024 अंतर्गत धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम, थाना बिंदापुर, दक्षिण-पश्चिम ज़िला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संगीता** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संगीता** फरार हो गए/गई हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं./एस केस नं. **1072/2024 अंतर्गत धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम, थाना बिंदापुर, दक्षिण-पश्चिम ज़िला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संगीता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.01.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**हरलीन सिंह**
अतिरिक्त सत्र न्यायधीश - 04
कमरा नं. 609, छटा तल
द्वारका जिला न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/16748/DW/2025**
**(Court Matter)**

सैलजा ने हरियाणा की उपेक्षित रेलवे परियोजनाओं का मुद्दा

# कहा, 410 करोड़ रुपये की सिरसा-फतेहाबाद-अग्रोहा रेलवे लाइन परियोजना का न सर्वेक्षण पूरा हुआ है और न ही निर्माण कार्य आरंभ

बताया, रोहतक से महम-हांसी तक नई रेलवे लाइन का निर्माण कार्य पूरा पर नियमित यात्री रेल सेवाएं शुरू नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा, विशेषकर पश्चिमी हरियाणा के लोगों से जुड़े लंबे समय से लंबित रेलवे प्रोजेक्ट को लेकर संसद के पटल पर, केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया। सांसद ने कहा कि वर्षों से महत्वपूर्ण रेल परियोजनाएं केवल घोषणाओं और फाइलों तक सीमित हैं, जिससे प्रदेश का संतुलित विकास बाधित हो रहा है और जनता में निराशा बढ़ती जा रही है। अब समय आ गया है कि सरकार केवल वादे न करें, बल्कि काम करके दिखाएं, ताकि प्रदेश के विकास को नई दिशा मिल सके। कुमारी सैलजा ने सिरसा-फतेहाबाद-अग्रोहा रेलवे लाइन परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि लगभग 410 करोड़ की राशि घोषित होने के बावजूद आज तक न तो इसका समुचित सर्वेक्षण पूरा हुआ है और न ही निर्माण कार्य आरंभ किया गया है। यह स्थिति न केवल अग्रवाल समाज के पवित्र तीर्थ स्थल अग्रोहा धाम की उपेक्षा को दर्शाती है, बल्कि पश्चिमी हरियाणा के विकास के साथ भी अन्याय है। सैलजा ने यमुनानगर-रायपुर रानी-अंबाला रेल परियोजना को भी सरकार की उदासीनता का उदाहरण बताया और कहा कि यदि यह परियोजना पूरी होती है तो इससे औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कुरुक्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर भी जोर दिया। सैलजा ने सिरसा-भादरा नई रेल लाइन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह परियोजना हरियाणा और राजस्थान को जोड़ने के साथ-साथ उत्तर भारत को जयपुर और मुंबई से जोड़ने वाला एक रणनीतिक रेल कॉरिडोर बन सकती है। उन्होंने इस परियोजना को राष्ट्रीय महत्व की घोषित करने की मांग की।

उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि घोषणाओं से आगे बढ़ते हुए इन सभी रेलवे परियोजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में रोहतक से महम-हांसी तक नई रेलवे लाइन का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था, जो अब पूरी तरह बनकर तैयार है, किंतु हैरानी की बात है कि इस पर अब तक नियमित यात्री रेल सेवाएं शुरू नहीं की गई हैं। कुमारी सैलजा ने मांग की कि इस मार्ग पर तुरंत यात्री ट्रेनें चलाई जाएं तथा बठिंडा-हिसार-हांसी-रोहतक होते हुए वंदे भारत एक्सप्रेस प्रारंभ की जाए, जिससे सिरसा से दिल्ली की यात्रा में लगभग एक घंटे की बचत होगी और पूरे पश्चिमी हरियाणा को सीधा लाभ मिलेगा।

## गांधी परिवार और कांग्रेस को बदनाम करने का प्रयास किया गयाः खरगे

# नेशनल हेराल्ड मामले में कोर्ट के फैसले पर कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी और शाह से मांगा इस्तीफा

सिंघवी ने कहा- कोर्ट के फैसले ने साबित किया कि यह केस बिना किसी सबूत और बुनियाद के बदले की भावना से दर्ज हुआ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की चार्जशीट पर कोर्ट द्वारा संज्ञान लेने से इनकार किए जाने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग की। खरगे ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया करते हुए पत्रकारों से कहा कि नेशनल हेराल्ड अखबार 1938 में स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा शुरू किया गया था, जिसे भाजपा सरकार मनी लॉन्ड्रिंग जैसे निराधार आरोपों से जोड़कर बदनाम करने का प्रयास कर रही है। उजांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर मोदी सरकार ने कई विपक्षी नेताओं को भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर किया और कई राज्यों में सरकारें बनाई गईं। उसी तर्ज पर गाँधी परिवार को निशाना बनाया जा रहा है।

डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में आरोप आधारहीन थे। यह मामला राजनीतिक द्वेष के साथ-साथ लापरवाही से भी भरा हुआ है। मनी लॉन्ड्रिंग के किसी मामले में पैसे या अचल संपत्ति का स्थानांतरण होना आवश्यक होता है, लेकिन इस मामले में न तो पैसे का स्थानांतरण हुआ और न ही अचल संपत्ति का। आज भी सभी अचल संपत्तियां एजेएल कंपनी के पास ही हैं।

सिंघवी ने कहा कि एजेएल को ऋण-मुक्त करने के लिए एक नई कंपनी 'यंग इंडियन' बनाई गई थी, ताकि ऋण को ट्रांसफर किया जा सके। यह प्रक्रिया आज भारत की लगभग हर कंपनी अपनाती है। यहां ऋण 'यंग इंडियन' को स्थानांतरित किया गया और इसी आधार पर इसे मनी लॉन्ड्रिंग बताया जा रहा है, जो पूरी तरह हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि 'यंग इंडियन' भी एक गैर-लाभकारी कंपनी है और इसके निदेशकों को न कोई वेतन मिलता है, न कोई डिविडेंड, न कोई भत्ता और न ही कोई इंसेंटिव।

सिंघवी ने बताया कि यह मामला 2014 में सुब्रमण्यम स्वामी की निजी शिकायत से शुरू हुआ, जिस पर समन का आदेश दिया गया था। इस मामले में सीबीआई और ईडी ने अपनी फाइलों में लिखित रूप से दर्ज किया था कि इसमें कोई प्रेडिकेट ऑफेंस यानी मूल अपराध नहीं बनता। इसी कारण सात वर्षों तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बावजूद अचानक जून 2021 में ईडी ने ईसीआईआर दर्ज कर दी। उन्होंने कहा कि जब सात वर्षों तक संयुक्त सहमति थी, तो फिर केस दर्ज किया जाना राजनीतिक द्वेष का स्पष्ट प्रमाण है। जज ने कहा कि केवल अधिकृत जांच एजेंसी ही एफआईआर दर्ज कर सकती थी, जो नहीं की गई। इसी आधार पर कोर्ट ने संज्ञान लेने से इनकार कर दिया।

उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश ने यह साफ कर दिया है कि यह एजेंसियों के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष उदाहरण है और यह केस बिना किसी सबूत तथा कानूनी बुनियाद के बदले की भावना से दर्ज किया गया था।

# इंडिगो प्रवर्तक अपना कारोबार ऊंचाई तक पहुंचाने वालों में शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडिगो के प्रवर्तक राहुल भाटिया और राकेश गंगवाल अपने दम पर कारोबार को ऊंचाई पर पहुंचाने वाले 10 शीर्ष उद्यमियों में शामिल हैं। दोनों ने विमानन कंपनी को 2025 तक 2.2 लाख करोड़ रुपये के मूल्यांकन तक पहुंचाया है। हुरुन इंडिया की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया।

- दोनों ने इंडिगो को 2 .2 लाख करोड़ रुपए के मूल्यांकन तक पहुंचाया

इस सूची में इटर्नल के दीपेंद्र गोयल शीर्ष पर हैं। उनके व्यवसाय का मूल्यांकन 3.2 लाख करोड़ रुपये है जो पिछले वर्ष की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने एवेन्यू सुपरमार्ट्स के राधाकिशन दमानी को पीछे छोड़ दिया जिनके व्यवसाय का मूल्यांकन पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत घटकर तीन लाख करोड़ रुपये रहा।

## हुरुन इंडिया ने जारी की शीर्ष उद्यमियों की सूची, इस सूची में इटर्नल के दीपेंद्र गोयल शीर्ष पर

### इंडिगो की देश के विमान बाजार में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी

हुरुन की रिपोर्ट के अनुसार, इंडिगो के संस्थापक भारत के विमानन बाजार में घरेलू क्षेत्र में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ इस शीर्ष सूची में जगह बनाने में कामयाब रहें। रिपोर्ट में कहा गया, '' विमानन कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से विस्तार किया है और सतत विमानन पहलों को भी अपनाया है जिनमें जैव ईंधन का परीक्षण और ईंधन-कुशल विमानों की तैनाती शामिल है।'' इसमें कहा गया कि गोयल पहली बार इस सूची में शीर्ष पर आए हैं।



**सूची 25 सितंबर 2025 तक के आंकड़ों पर तैयार**
'आईडीएफसी फर्स्ट प्राइवेट एवं हुरुन इंडिया' की अपने दम पर कारोबार को नई ऊंचाई पर पहुंचाने वाले 200 शीर्ष उद्यमियों की सूची को 25 सितंबर 2025 तक के आंकड़ों के आधार पर तैयार किया गया है। इंडिगो के संस्थापक इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

### अरब डॉलर वाली कंपनियां हुई 128 हुई

*अपने दम पर स्थान बनाने वाले उद्यमियों द्वारा स्थापित अरब डॉलर मूल्यांकन वाली कंपनियों की संख्या 128 हो गई है जो पिछले वर्ष 121 थी। सूची में शामिल होने के लिए न्यूनतम मूल्यांकन सीमा बढ़कर 4,300 करोड़ रुपये कर दी गई है। बेंगलुरु, सूची में शामिल कंपनियों के आधार स्थल के रूप में शीर्ष पर बना रहा। वहां 52 कंपनियां स्थित हैं। हालांकि इस संख्या में पिछली सूची के मुकाबले 14 की कमी आई है।*

***लेंसकार्ट का मूल्यांकन बढ़कर 60 फीसदी :*** *बाजार में हाल ही में सूचीबद्ध लेंसकार्ट का मूल्यांकन भी 60 प्रतिशत बढ़कर 67,000 करोड़ रुपये हो गया जिससे इसके सह-संस्थापक पीयूष बंसल, अमित चौधरी, नेहा बंसल और सुमीत कपाही सूची में 10वें स्थान पर रहे। सूची में शामिल सभी कंपनियों का कुल मूल्यांकन वर्ष 2025 में 42 लाख करोड़ रुपये रहा।*

### पेटीएम के संचालक ने 67 फीसदी की छलांग लगाई

रिपोर्ट में खाद्य वितरण कंपनी की सराहना की गई है, जो 800 शहरों में संचालन कर रही है। इसके प्रतिस्पर्धी ब्रांड स्विगी के सह-संस्थापक श्रीहर्ष मजेटी और नंदन रेड्डी सूची में पांचवें स्थान पर हैं। उनकी कंपनी का मूल्यांकन पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.06 लाख करोड़ रुपये रहा। पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा ने 67 प्रतिशत की सबसे बड़ी छलांग के साथ 72,900 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ सूची में आठवें स्थान पर हैं।

### रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर से उबरा

**मुंबई।** रुपया बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में अपने अबतक के सबसे निचले स्तर से उबरने में कामयाब रहा और 55 पैसे चढ़कर 90.38 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में हाल की गिरावट मुख्य रूप से बाहरी कारकों के कारण हुई है, न कि घरेलू आर्थिक कमजोरी की वजह से। बदलते आर्थिक एवं भू-राजनीतिक संकेतों के बीच विदेशी मुद्रा बाजार में व्यापक अस्थिरता जारी रहने का अनुमान है। अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता में आशाजनक प्रगति न होने और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया है।

## एसबीआई के आर्थिक शोध विभाग ने जारी की रिपोर्ट

# अगले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में रुपया कर सकता है मजबूत वापसीः एसबीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी के भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क के कारण मुख्य रूप से कमजोर हो रहा भारतीय रुपया, अगले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में मजबूत वापसी कर सकता है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक शोध विभाग की एक रिपोर्ट में बुधवार को यह कहा गया।

अमेरिका ने दो अप्रैल, 2025 से सभी अर्थव्यवस्थाओं पर बड़े पैमाने पर शुल्क बढ़ोतरी की घोषणा की। तब से भारतीय रुपया, डॉलर के मुकाबले 5.7 प्रतिशत कमजोर हुआ है। यह प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा है। हालांकि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद बनने के कारण बीच-बीच में मजबूती के दौर भी आए।

### शुल्क विनिमय दर में गिरावट का बड़ा कारण

रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि भारतीय रुपया बाकियों के मुकाबले सबसे ज्यादा कमजोर हुआ है, लेकिन यह सबसे ज्यादा अस्थिर नहीं है। इसमें कहा गया है, ''यह स्पष्ट रूप से बताता है कि भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत शुल्क रुपये की विनिमय दर में मौजूदा गिरावट पीछे प्रमुख कारणों में से एक है।''



### 90 से 91 प्रति डॉलर पहुंचने में 13 दिन लगे

*एसबीआई के अध्ययन में कहा गया है, ''हमारे विश्लेषण के अनुरूप, रुपया वर्तमान में मूल्य में गिरावट के दौर से गुजर रहा है। रुपये के इस दौर से बाहर निकलने की संभावना है...। हमारा यह भी मानना है कि अगले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में रुपये में जोरदार उछाल आने की संभावना है।'' घरेलू मुद्रा को 90 से 91 प्रति डॉलर तक पहुंचने में सिर्फ 13 दिन लगे।*

- अमेरिकी शुल्क के कारण कमजोर हो रहा रुपया
- शुल्क वृद्धि से रुपया डॉलर के मुकाबले 5 .7 फीसदी कमजोर हुआ
- भारतीय रुपया बाकियों के मुकाबले सबसे ज्यादा कमजोर हुआ पर अस्थिर नहीं

### निवेश प्रवाह भी रुपए को प्रभावित कर रहा

शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014 से पहले पोर्टफोलियो निवेश प्रवाह अधिक रहना रुपये में उतार-चढ़ाव का मुख्य कारण था। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, ''व्यापार समझौते में देरी के कारण उत्पन्न भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के चलते अब ऐसी स्थिति नहीं है...। व्यापार आंकड़ों से पता चलता है कि भारत ने लंबे समय तक अनिश्चितता, बढ़ते संरक्षणवाद और श्रम आपूर्ति में आए झटकों से निपटने में उल्लेखनीय मजबूती दिखायी है।''

***निवेशकों का बड़ा पूंजी प्रवाह अब बीते दिनों की बात :*** *भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के साथ निवेशकों का बड़ा पूंजी प्रवाह अब बीते दिनों की बात है। पिछले रुझान बताते हैं कि वर्ष 2007 से वर्ष 2014 के दौरान, शुद्ध पोर्टफोलियो प्रवाह औसतन 162.8 अरब डॉलर था।*

***जोखिम सूचकांक में कमी आई :*** *'रुपये पर भरोसा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि अप्रैल 2025 से भू-राजनीतिक जोखिम सूचकांक में कमी आई है, लेकिन अप्रैल-अक्टूबर 2025 के लिए सूचकांक का मौजूदा औसत मूल्य इसके दस साल के औसत से कहीं अधिक है।*

### विदेशी मुद्रा भंडार 703 अरब डॉलर पहुंचा



हालांकि, बुधवार को रुपये में तेजी से सुधार हुआ और यह डॉलर के मुकाबले 55 पैसे बढ़कर 90.38 पर बंद हुआ। भारत का विदेशीमुद्रा भंडार जून 2025 में 703 अरब डॉलर तक पहुंच गया था, लेकिन पांच दिसंबर, 2025 को समाप्त सप्ताह में यह घटकर 687.2 अरब डॉलर रह गया। जिसका मुख्य कारण बाजार से पूंजी की निकासी और विनिमय दर में उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में संभावित हस्तक्षेप है।

### अगले साल नौ प्रतिशत वेतन वृद्धि का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के औसत वेतन में अगले साल करीब नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस दौरान कंपनियां बोनस, कौशल और प्रदर्शन को भी ज्यादा अहमियत देंगी। वैश्विक सलाहकार कंपनी 'मर्सर' की वेतन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2026 के मुताबिक, , कंपनियां अब वेतन और लाभ की ऐसी व्यवस्था बना रही हैं, जिसमें कर्मचारी को सिर्फ पैसा ही नहीं, बल्कि करियर में आगे बढ़ने और बेहतर कामकाजी अनुभव भी मिले।

**वेतन वृद्धि में ये कारण प्रमुख कारक**
रिपोर्ट कहती है कि वेतन बढ़ोतरी के फैसले में कर्मचारी का व्यक्तिगत प्रदर्शन, महंगाई का असर और नौकरी बाजार में कंपनी की प्रतिस्पर्धी स्थिति जैसे प्रमुख कारक अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

निविदा सं. 322391RT — दिनांक 17.12.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना | 322391RT |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थान | "आरसीएनके में बोगी शॉप की डिसअसेंबली और असेंबली लाइन की आउटसोर्सिंग, जिसमें पेंटिंग, डैम्पर टेस्टिंग और कोच को नीचे उतारने और ऊपर उठाने का काम शामिल है।" |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 79472972.07/– जीएसटी @ 18% सहित |
| 4 | बयाना राशि | रु. 547400/– |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से चौबीस महीने |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि व समय | दिनांक 07.01.2026 समय 15:00 बजे |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — 3898/25

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ विनय पुत्रः नन्द किशोर पताः मकान नं. 3/399, नन्द नगरी, दिल्ली** ने **FIR No. 1359/2022 U/s 379/411 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ विनय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ विनय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1359/2022 U/s 379/411 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ विनय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 11.02.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–11
केन्द्रीय, कोर्ट नं. 138, पहली मंजिल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/15961/N/2025 (Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया है अभियुक्त नामः **हमेश उर्फ महुआ, पुत्रः चंद्र भूषण, निवासीः मकान नंबर आरजेड–44, सीतापुरी, डाबरी, नई दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.118/2018 Dt.21.03.2018 U/S 420/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना विकास पुरी, पश्चिमी जिला, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **हमेश उर्फ महुआ** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **हमेश उर्फ महुआ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.118/2018 Dt.21.03.2018 U/S 420/34 IPC, थाना विकास पुरी, पश्चिमी जिला, नई दिल्ली** के अभियुक्त **हमेश उर्फ महुआ** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **21.01.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, श्री ऋषभ कपूर
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
कोर्ट नंबर–09, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली
DP/16851/WD/2025
(अदालती मामला)

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 120 अंक टूटा

- विदेशी निवेशकों की निरंतर बिकवाली जारी रही
- निफ्टी में भी 42 अंक की गिरावट दर्ज की गई

**मुंबई।** विदेशी निवेशकों की निरंतर बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 120 अंकों की गिरावट दर्ज की गई जबकि निफ्टी करीब 42 अंक फिसल गया। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 120.21 अंक गिरकर 84,559.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 263.88 अंक टूटकर 84,415.98 के स्तर पर आ गया था। निफ्टी 41.55 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,818.55 अंक पर बंद हुआ, जो एक सप्ताह का निचला स्तर है। विदेशी निवेशक अपना पैसा निकाल रहे हैं और उभरते बाजार संघर्ष कर रहे हैं। जबकि विकसित अर्थव्यवस्थाएं मजबूत बनी हुई हैं। इससे पता चलता है कि निवेशक उभरते बाजारों को लेकर अधिक सतर्क हो रहे हैं।''



### ट्रेंट में सबसे अधिक गिरावट दर्ज

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट में सबसे अधिक 1.61 प्रतिशत की गिरावट आई और एचडीएफसी बैंक का शेयर करीब एक प्रतिशत टूटा। इनके अलावा अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन और एशियन पेंट्स के शेयर में सबसे ज्यादा गिरावट रही।

### एसबीआई में रही तेजी

इसके उलट, भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 1.51 प्रतिशत चढ़ा। इन्फोसिस, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर में भी तेजी रही।

# चांदी की कीमत रिकॉर्ड दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू और वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग से चांदी की कीमत में बुधवार को 7,300 रुपये का उछाल आया और राष्ट्रीय राजधानी में यह पहली बार दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी का भाव बुधवार को 2,05,800 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। मंगलवार को इसका बंद भाव 1,98,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। स्थानीय सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये चढ़कर 1,36,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गईं जबकि मंगलवार को यह 1,35,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोने की कीमत 18.59 अमेरिकी डॉलर यानी 0.43 प्रतिशत बढ़कर 4,321.06 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई। इसके अलावा, हाजिर चांदी ने विदेशी बाजार में पहली बार 66 डॉलर प्रति औंस का आंकड़ा पार कर लिया। चांदी की कीमत में 2.77 अमेरिकी डॉलर यानी 4.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 66.52 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल


**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।


**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।


**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।


**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।


**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।


**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।


**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

# म्यूचुअल फंड में पारदर्शिता और प्रक्रिया सरल करने जोर

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी के निदेशक मंडल की बुधवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण सुधारों को मंजूरी दी गई। इन सुधारों का मकसद कंपनियों और निवेशकों दोनों के लिए प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाना है। निदेशक मंडल ने कंपनियों के लिए कोष जुटाने के समय पेश किए जाने वाले निर्गम दस्तावेज को सरल बनाने का प्रस्ताव मंजूर किया। इससे निवेशकों को निवेश के फैसले लेने में आसानी होगी और वे कम समय में ही मुख्य बिंदुओं की जानकारी जुटा पाएंगे। इसके अलावा, म्यूचुअल फंड योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए समग्र खर्च अनुपात (टीईआर) को अलग-अलग घटकों में तोड़ने की मंजूरी दी गई। इससे निवेशक यह समझ सकेंगे कि टीईआर में से कितनी राशि स्टांप शुल्क, प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे कानूनी मदों में जा रही है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बॉन्ड या ऋण निर्गम में भी विशेष श्रेणी के निवेशकों को प्रोत्साहन देने की अनुमति दी। निदेशक मंडल ने बड़ी कंपनियों पर अनुपालन का बोझ कम करने के लिए उच्च ऋण मूल्य वाली सूचीबद्ध इकाइयों (एचवीडीएलई) की पहचान के लिए ऋणसीमा को 1,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव भी मंजूर किया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया है अभियुक्त नामः **निखिल, पुत्रः अशोक कुमार, निवासीः मकान नंबर 778, नई बस्ती मुकीम पुरा, सब्जी मंडी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.000259/2019 U/S 380/411/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना रूप नगर, उत्तरी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **निखिल** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **निखिल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.000259/2019 U/S 380/411/34 IPC, थाना रूप नगर, उत्तरी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **निखिल** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **21.02.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री राशि रहेजा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–13,
केंद्रीय जिला न्यायालय, कोर्ट नंबर 33,
भूतल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/16919/N/2025
(अदालती मामला)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
UADD Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक /598/न.पा.प./ लो.क.वि./2025 — अहिवारा दिनांक 16.12.2025


एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | अनु. लागत लाख में | निविदा आनलाईन करने की प्रारंभिक / अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Palika Parishad, Ahiwara under SBM 2.0 (1st call) | 181893 | 437.06 Lakh | Bid Start Date- 16.12.2025, 17.00 PM<br>Bid Due Date - 08.01.2026, 17.00 PM<br>Physical FDR & Affidavit Submission<br>End Date - 12.01.2026, 14.00 PM<br>Bid open Date (Suheduled) - 12.01.2026, 17.00 PM<br>Prebid Meeting (Online) Meeting Link: meet.google.com/dej-pyiz-qfi<br>Date- 22-12-2025, 12.00 pm to 12.30pm |

विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईड http://eproc.cgstate.gov.in से डॉउनलोड / देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अहिवारा

## शब्द पहेली - 6081




**बाएँ से दाए**
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सर्द, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी -2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा -2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरुर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा -2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

**शब्द पहेली - 6080 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | य | ती | म | खा | ना | | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | | हा | | ना | ह | क | | र | म |
| हा | | ना | न | सें | स | | र | मा | | जा |
| नी | र | व | ता | | सु | र | | न | म | न |
| का | | खे | | अ | र | क्त | | | सी | |
| र | वा | ना | हो | ना | | पा | ल | न | हा | र |
| | ह | | | चा | ह | त | | का | | च |
| का | न | न | | र | म | | ब | र | सा | ना |
| म | | र | ज | | स | का | र | ना | | का |
| धा | र | | खि | ला | फ | | स | | भो | र |
| म | स | ख | रा | | र | म | ता | जो | गी | |



# वरुण चक्रवर्ती ने टी20 रैंकिंग में हासिल की नई ऊंचाई, बनाया 818 अंकों का रेटिंग पॉइंट

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है और अपने करियर की नई उच्चतम रेटिंग हासिल कर ली है। आईसीसी के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही पांच मैचों की घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में लगातार तीसरी बार दो विकेट लेने के बाद भारतीय गेंदबाज ने 818 अंकों का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया है।



### चक्रवर्ती टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल

दाएं हाथ के लेग स्पिनर ने श्रृंखला के पहले तीन मैचों में छह विकेट लिए हैं, जिनमें धर्मशाला में खेले गए तीसरे भारत-दक्षिण अफ्रीका टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार ओवरों में 2/11 के उनके प्रभावशाली आंकड़े शामिल हैं, जिन्होंने भारत की सात विकेट की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 818 रेटिंग अंकों के साथ, चक्रवर्ती अब दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी (699) से 119 अंकों की बड़ी बढ़त पर हैं। 34 वर्षीय चक्रवर्ती टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में सर्वकालिक शीर्ष 10 में भी शामिल हो गए हैं।



### वनडे में रोहित की बादशाहत कायम

वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग की बात करें तो रोहित शर्मा 781 और विराट कोहली 773 रेटिंग अंकों के साथ पहले और दूसरे नंबर पर काबिज हैं। शुभमन गिल पांचवें नंबर पर हैं। उनके 723 रेटिंग अंक हैं। श्रेयस अय्यर को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वह 10 वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### अर्शदीप चढ़े चार पायदान ऊपर

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के तीसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर 16वां स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की रैंकिंग में भी कई सुधार देखने को मिले हैं। मार्को जानसेन 14 पायदान ऊपर चढ़कर 25वें स्थान पर, लुंगी एनगिडी 11 पायदान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर और ओटनेल बार्टमैन शीर्ष 100 से बाहर से छलांग लगाकर 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



### भारत के दो बल्लेबाज शीर्ष पांच में शामिल

आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के दो बल्लेबाज शीर्ष पांच में शामिल हैं। तिलक वर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शानदार पारियों के बाद दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथा स्थान हासिल कर लिया है। उनके साथी खिलाड़ी अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी आरामदायक बढ़त बनाए हुए हैं, वहीं दक्षिण अफ्रीका के एडन मार्कराम और क्विंटन डी कॉक ने भी उल्लेखनीय प्रगति की है। मार्कराम आठ पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि डी कॉक हाल के कुछ उत्साहजनक प्रदर्शनों के बाद 14 पायदान ऊपर चढ़कर 43वें स्थान पर आ गए हैं। सूर्यकुमार यादव एक स्थान फिसलकर नंबर 10 पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श एक स्थान ऊपर आठवें पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट 2 रैंक ऊपर 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## खबर संक्षेप

### टी20 विश्व कप: गैर भारतीय ग्रुप मैच के टिकट 100 रुपये से शुरू

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने बुधवार को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के दौरान ईडन गार्डन्स में होने वाले मुकाबलों के लिए टिकट की कीमतों की घोषणा की जिसमें ग्रुप चरण और नॉकआउट मुकाबलों के लिए कीमत अलग-अलग हैं। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का 10वां सत्र सात फरवरी से शुरू होगा। बांग्लादेश बनाम इटली, इंग्लैंड बनाम इटली और वेस्टइंडीज बनाम इटली के ग्रुप मैच के लिए टिकट की कीमतें इस प्रकार तय की गई हैं: प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी (बी प्रीमियम) 4,000 रुपये। लोअर ब्लॉक बी और एल एक हजार रुपये, लोअर ब्लॉक सी, एफ और के 200 रुपये, लोअर ब्लॉक डी, ई, जी, एच और जे 200 रुपये और अपर ब्लॉक बी1, सी1, डी1, एफ1, जी1, एच1, के1 और एल1 100 रुपये। वेस्टइंडीज बनाम बांग्लादेश और इंग्लैंड बनाम बांग्लादेश ग्रुप मैच के टिकट की कीमतें अधिक रखी गई हैं। प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी (बी प्रीमियम) टिकट की कीमत 5,000 रुपये होगी जबकि लोअर ब्लॉक बी और एल की कीमत 1,500 रुपये है।

HOCKEY INDIA LEAGUE

### सीनियर टीम में जगह बनाने पर जूनियर खिलाड़ियों की निगाह

**नई दिल्ली।** विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों की निगाह अब आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में अच्छा प्रदर्शन करके सीनियर टीम में जगह बनाने पर टिकी है। भारत ने हाल ही में समाप्त हुए जूनियर विश्व कप में तीसरे स्थान के मैच में अर्जेंटीना को 4-2 से हराकर कांस्य पदक जीता था। पुरुषों की एचआईएल लीग 3 जनवरी को चेन्नई में जबकि महिलाओं की लीग 28 दिसंबर को रांची में शुरू होगी। जूनियर खिलाड़ी इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि सीनियर टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन एचआईएल के दौरान उनके खेल पर कड़ी नजर रखेंगे।

### टी20 विश्व कप : मैडसेन करेंगे इटली की कप्तानी

**रोम।** इटली को पहली बार टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कराने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज जो बर्न्स भारत और श्रीलंका में अगले साल के शुरू में होने वाली प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उपलब्धता से संबंधित समस्या उनके और इटली क्रिकेट महासंघ के बीच हुए अनुबंध में बाधा बन रही है। महासंघ ने 36 वर्षीय बर्न्स की जगह वेन मैडसेन को कप्तान नियुक्त किया है।



### श्रीधर बने श्रीलंका टीम के फील्डिंग कोच

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर को अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप के आखिर तक अपनी राष्ट्रीय टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया। श्रीधर 2014 से 2021 तक भारत के फील्डिंग कोच रहे थे। उन्होंने इस साल की शुरुआत में श्रीलंका के राष्ट्रीय हाई परफार्मेंस सेंटर में 10 दिन का विशेष फील्डिंग शिविर भी आयोजित किया था। श्रीलंका क्रिकेट ने कहा, 'श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के समापन तक श्रीलंका राष्ट्रीय टीम के फील्डिंग कोच के रूप में आर श्रीधर की नियुक्ति की घोषणा करता है।'

## एशेज : कैरी और ख्वाजा के नाम पर रहा तीसरे टेस्ट मैच का पहला दिन

# एलेक्स कैरी के तूफानी शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत, इंग्लैंड के खिलाफ 326/8 का स्कोर

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी के कॅरियर के तीसरे शतक और स्टीव स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण अंतिम समय में टीम में जगह बनाने वाले उस्मान ख्वाजा की 82 रन की लाजवाब पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुरुआती झटकों से उबरकर आठ विकेट पर 326 रन बनाए। कैरी ने अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए ऐसे समय में क्रीज पर कदम रखा जब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 94 रन था। उन्होंने 143 गेंद का सामना करके 106 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल है। इससे पहले ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटकों से उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कैरी ने स्टीव स्मिथ को पछाड़ा

कैरी का यह शतक एशेज में 12 साल बाद किसी ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज के बल्ले से आया पहला शतक है। आखिरी शतक ब्रैड हेडिन ने दिसंबर 2013 में जड़ा था। इस शतकीय पारी की बदौलत कैरी अब साल 2025 में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने स्टीव स्मिथ को पछाड़ दिया है। वह इस साल छठे सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उनसे आगे अब सिर्फ शुभमन गिल (983) केएल राहुल (813), रवींद्र जडेजा (764), यशस्वी जायसवाल (745) और जो रूट (732) हैं।



### स्टेडियम में मौजूद रहे 56 हजार से अधिक दर्शक

तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल देखने के लिए 56298 दर्शक स्टेडियम में मौजूद थे जो एडिलेड ओवल में नया रिकॉर्ड है। उन्होंने कैरी का भरपूर समर्थन किया, जिन्होंने एशेज में अपने पहले टेस्ट शतक को अपने दिवंगत पिता को समर्पित किया। कैरी ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, 'यह क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा दिन था। एडिलेड में 56000 दर्शकों की मौजूदगी वास्तव में खास है। अपने घरेलू प्रशंसकों और परिवार के सामने शतक जड़ना बेहद खास पल था।'

### ख्वाजा को स्मिथ के बीमार होने पर मिली टीम में एंट्री

ख्वाजा को स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण बाहर हो जाने से जल्दबाजी में टीम में शामिल किया गया। ख्वाजा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे। जब वह पांच रन पर खेल रहे थे तब उन्हें जीवनदान मिला। उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाकर मार्नस लाबुशेन (19) के साथ 61 रन की और कैरी के साथ 91 रन की दो महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाई। कैरी ने जोश इंग्लिश (32) के साथ 59 रन और इस मैच में वापसी करने वाले कप्तान पैट कमिंस (13) के साथ 50 रन की साझेदारी की। दिन का खेल समाप्त होने के समय मिशेल स्टार्क 33 रन पर खेल रहे थे जबकि नाथन लियोन ने अभी अपना खाता नहीं खोला है।

### आर्चर ने 29 रन देकर लिए तीन विकेट

तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इंग्लैंड के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 29 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। उनके अलावा तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और स्पिनर विल जैक्स ने दो-दो विकेट हासिल किए हैं। कैरी और ख्वाजा ने शानदार बल्लेबाजी की और मैच का पहला दिन काफी हद तक ऑस्ट्रेलिया के नाम सुनिश्चित किया। इन दोनों ने स्लॉग-स्वीप शॉट खेल कर अपना विकेट गंवाया। ख्वाजा ने जैक्स की गेंद पर स्लॉग-स्वीप शॉट खेला जो सीधे आउटफील्ड में जोश टोंग के हाथों में चला गया। कैरी ने भी इसी स्पिनर पर स्लॉग-स्वीप करने के प्रयास में विकेटकीपर जेमी स्मिथ को कैच दिया।

# श्रीचरणी को आंध्र प्रदेश सरकार ने भेंट की 2.5 करोड़ की राशि

### महिला विश्व कप में लिए थे 14 विकेट



एजेंसी ▶▶| अमरावती

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला वनडे विश्व कप जीता था। विश्व विजेता भारतीय महिला टीम की सदस्य श्रीचरणी को बुधवार को आंध्र प्रदेश की सरकार ने सम्मानित किया।

आंध्र प्रदेश सरकार के शिक्षा और आईटी मंत्री नारा लोकेश ने श्रीचरणी से उनके उंडावल्ली स्थित घर पर मुलाकात की और उन्हें सरकार की तरफ से 2.5 करोड़ रुपए का चेक सौंपा। कैश इनाम के अलावा, सरकार ने उन्हें विशाखापत्तनम में एक आवासीय प्लॉट भी दिया है। उनकी डिग्री पूरी होने के बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने नौकरी का भी भरोसा दिया है। इससे संबंधित आदेश जारी किए गए हैं। सरकार की तरफ से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह कदम राज्य सरकार के खेल में बेहतरीन प्रदर्शन को बढ़ावा देने और आंध्र प्रदेश की युवा महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ खेलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

### खिताब दिलाने में निभाई थी अहम भूमिका

कडप्पा जिले की रहने वाली श्रीचरणी ने भारतीय टीम को महिला विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। बाएं हाथ की इस स्पिनर ने 9 मैचों में 14 विकेट लिए थे और टूर्नामेंट की चौथी सफल गेंदबाज रही थीं। 21 साल की चरणी ने अप्रैल 2025 में भारतीय टीम के लिए डेब्यू किया था। कुल 18 वनडे में 23 और 5 टी20 में 10 विकेट ले चुकी चरणी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बड़ी स्टार के रूप में उभरी हैं।

# भारत और श्रीलंका के बीच 21 दिसंबर से टी20 सीरीज

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम वनडे विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ 21 दिसंबर से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भाग लेने के लिए रवाना हो गई। इस श्रृंखला के पहले दो मैच 21 और 23 दिसंबर को विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे, जबकि बाकी तीन मैच 26, 28 और 30 दिसंबर को तिरुवनंतपुरम में होंगे। चमारी अटापट्टू के नेतृत्व वाली टीम सीनियर और युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है।

श्रीलंका ने पिछले लंबे समय से टीम के नियमित सदस्य रहे कुछ खिलाड़ियों को लगातार खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर कर दिया है। इन खिलाड़ियों में अनुष्का संजीवनी, उदेशिका प्रबोधनी, सुगंधिका दासनायके और अचिनी कुलसुरिया शामिल हैं। संजीवनी की अनुपस्थिति में कौशिनी नुथ्यांगना विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल सकती है। 17 वर्षीय स्पिनर शशिनि गिम्हानी और 19 वर्षीय मध्यम गति की गेंदबाज रश्मिका सेवंदी की टीम में वापसी हुई है।



# प्रतिस्पर्धी मुकाबले में 6 साल बाद आनंद की वापसी गुकेश से होगी भिड़ंत

**कोलकाता।** यह एक गुरु और उनके शिष्य के बीच एक जबरदस्त मुकाबला होगा जब पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद छह साल बाद प्रतिस्पर्धी मुकाबले में वापसी करेंगे और 7 से 11 जनवरी तक यहां सातवें टाटा स्टील शतरंज में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश और अपने दूसरे पूर्व शिष्यों का सामना करेंगे। पिछली बार 2019 में टूर्नामेंट खेलने वाले आनंद भारतीय सितारों की नई पीढ़ी के खिलाफ वापसी करेंगे, जिसमें गुकेश सबसे आगे हैं। आनंद ने गुकेश का हाल के वर्षों में अपनी वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में करीब से मार्गदर्शन (मेंटर) किया है। यह पहली बार होगा जब ये दोनों विश्व चैंपियन भारतीय धरती पर किसी व्यक्तिगत टूर्नामेंट में आपस में भिड़ेंगे। टाटा स्टील शतरंज इंडिया 'धोनो धन्यो ऑडिटोरियम' में आयोजित किया जाएगा, जिसमें रैपिड और ब्लिट्ज दोनों प्रारुप में ओपन और महिला दोनों वर्ग होंगे और दोनों वर्ग के लिए समान पुरस्कार राशि होगी। ओपन वर्ग में फिडे विश्व कप उप विजेता वेई यी, पूर्व अमेरिकी चैंपियन वेस्ली सो, हेन्स नीमेन, वोलोडार मुर्जिन और आर प्रज्ञानानंदा तथा अर्जुन एरिगेसी सहित एक मजबूत भारतीय दल भी शामिल होगा। अन्य भारतीयों में विदित गुजराती, अरविंद चिदंबरम, दिव्या देशमुख, वैशाली आर, वंतिका अग्रवाल और रक्षिता रवि शामिल हैं।

# 2025 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने डेम्बेले और बोनमाटी, फीफा ने पुरस्कार से नवाजा

एजेंसी ▶▶| दोहा

उस्मान डेम्बेले और ऐताना बोनमाटी को फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के पुरस्कारों में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में 2025 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

इन दोनों खिलाड़ियों ने इससे पहले बैलोन डीओर का प्रतिष्ठित पुरस्कार भी जीता था। डेम्बेले ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को उसके पहले चैंपियंस लीग खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई। बोनमाटी ने इस वर्ष स्पेन और बार्सिलोना की तरफ से शानदार खेल दिखाया था। फीफा पुरस्कारों के लिए दुनिया भर के राष्ट्रीय टीम के कप्तान, कोच, मीडिया और प्रशंसक मतदान करते हैं। यूरोप के दो कोच को सर्वश्रेष्ठ कोच चुना गया। इनमें महिला वर्ग में सरीना विगमैन शामिल हैं, जिन्होंने इंग्लैंड को लगातार दूसरी बार महिला यूरो खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पुरुष वर्ग में यह पुरस्कार लुई एनरिक को मिला, जिन्होंने पीएसजी को चैंपियंस लीग और फ्रांसीसी लीग का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



## मिनर्वा एकेडमी ने भारतीय फुटबॉल के जमीनी ढांचे को नई दिशा दी

# मेस्सी ने वर्ल्ड यूथ चैंपियन मिनर्वा एकेडमी एफसी को किया सम्मानित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब फुटबॉल के महानायक लियोनेस मेस्सी ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित मिनर्वा एकेडमी फुटबॉल क्लब (एमएएफसी) की वर्ल्ड यूथ चैंपियन टीम को स्वयं सम्मानित किया। यह ऐतिहासिक सम्मान मिनर्वा एकेडमी की अंडर-15 टीम को मिला, जिसने अगस्त 2025 में यूरोप में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए गोथिया कप (स्वीडन), डाना कप (डेनमार्क) और नॉर्वे कप जीतकर ऐतिहासिक यूरोपियन ट्रेबल हासिल किया था। ऐसा कारनामा करने वाली मिनर्वा एकेडमी भारत की पहली और इकलौती टीम बनी। पिछले दस वर्षों में मिनर्वा एकेडमी ने भारतीय फुटबॉल के जमीनी ढांचे को नई दिशा दी है। अंडर-15 टीम की यह उपलब्धि भारतीय फुटबॉल के लिए मील का पत्थर मानी जा रही है।



### भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल होगा : मेस्सी

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने अपने संक्षिप्त दौरे के दौरान शानदार मेहमाननवाजी के लिए आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भारत का फुटबॉल में भविष्य उज्ज्वल होगा। मेस्सी ने अपने भारत दौरे में चार शहरों का दौरा किया और इस दौरान हजारों प्रशंसक अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी की एक झलक पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। जामनगर में अनंत अंबानी की ओर से स्थापित वंतारा वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र का दौरा करने के लिए भारत में अपना प्रवास एक दिन के लिए बढ़ाने के बाद मेस्सी बुधवार को मियामी के लिए रवाना हो गए।

### भारत का दौरा अदभुत

मेस्सी ने कहा, 'दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और कोलकाता का दौरा अद्भुत रहा। पूरे दौरे के दौरान आपने जिस गर्मजोशी से स्वागत, उदार आतिथ्य सत्कार और प्रेम भाव दिखाया उसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। मुझे उम्मीद है कि भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है।'' मेस्सी ने ऐसे समय में भारतीय फुटबॉल को शुभकामना दी है जबकि वह अपने बुरे दौर से गुजर रही है। कोई व्यावसायिक साझेदार नहीं मिलने के कारण घरेलू सत्र शुरू नहीं हो पा रहा है जबकि राष्ट्रीय टीम का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा है। विश्व के सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय खिलाड़ियों में से एक मेस्सी ने इस यात्रा के दौरान कोई भी प्रतिस्पर्धी फुटबॉल मैच नहीं खेला। इस दौरे के दौरान उनके साथ उरुग्वे के महान खिलाड़ी और उनके करीबी मित्र लुई सुआरेज और अर्जेंटीना के साथी खिलाड़ी रोड्रिगो डी पॉल भी थे।

# घने कोहरे के कारण चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय रद्द

### *बीसीसीआई के कार्यक्रम पर उठे सवाल*


**लखनऊ (भाषा)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच बुधवार को खराब दृश्यता के कारण रद्द कर दिया गया जब घने कोहरे की एक परत ने इकाना स्टेडियम को घेर लिया जिससे सर्दियों के महीनों में उत्तरी भारत में मुकाबले कराने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कार्यक्रम पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पूरी श्रृंखला के लिए नवंबर और दिसंबर के दौरान न्यू चंडीगढ़, धर्मशाला, लखनऊ, रांची, रायपुर, विशाखापत्तनम, कटक, अहमदाबाद, गुवाहाटी और कोलकाता को आयोजन स्थल के तौर पर चुना गया था। यह वह समय होता है जब लखनऊ, न्यू चंडीगढ़ और धर्मशाला जैसे मेजबान शहरों में प्रदूषण का स्तर आमतौर पर सबसे खराब होता है। चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय आधिकारिक तौर पर 'अत्यधिक कोहरे' के कारण बिना एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया लेकिन सच्चाई यह थी कि प्रदूषण और कोहरे की एक मोटी चादर ने इकाना स्टेडियम को घेर लिया था जिससे दृश्यता बहुत कम हो गई थी। बुधवार को लखनऊ में वायु गुणवत्ता सूचकांत (एक्यूआई) 400 से ऊपर खतरनाक स्तर में रहा जिससे खिलाड़ियों के कल्याण के प्रति बीसीसीआई की प्रतिबद्धता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को मैच से पहले भारतीय टीम के वार्म-अप के दौरान प्रदूषण से बचने के लिए सर्जिकल मास्क पहने देखा गया।






## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद में 10 स्कूलों को मिली बम की धमकी



**अहमदाबाद।** यहां के 10 निजी स्कूलों को बुधवार को बम विस्फोट की धमकी वाले ईमेल मिले। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों द्वारा की गई तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, जिसके बाद यह धमकी झूठी साबित हुई। जोन-1 के पुलिस उपायुक्त हर्षद पटेल ने बताया कि एहतियात के तौर पर स्कूलों ने दोपहर की शिफ्ट के लिए छुट्टी घोषित कर दी। ईमेल सुबह की शिफ्ट समाप्त होने के बाद मिले थे और सभी स्कूलों को एक ही तरह का संदेश भेजा गया था। पटेल ने पत्रकारों को बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच की।

### ग्लोबल साउथ तय करेगा दुनिया का एआई एजेंडा



**नई दिल्ली।** भारत 2026 की शुरुआत में एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करने जा रहा है। 19-20 फरवरी के बीच होने वाला ये समिट 'ग्लोबल साउथ' के देशों के लिए एक बड़ा अवसर होगा। वे न सिर्फ एक साथ मिलकर समाधानों पर चर्चा करेंगे, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एआई के एजेंडे को सक्रिय रूप से आकार भी देंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी। 'इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आयोजन 19-20 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### 140 करोड़ देशवासियों की तरफ से पूरी विनम्रता, कृतज्ञता के साथ पीएम ने स्वीकार किया यह सम्मान

# इथोपिया के सर्वोच्च सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथोपिया' से सम्मानित हुए प्रधानमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बीते मंगलवार को इथोपिया के सर्वोच्च सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथोपिया' से सम्मानित किया गया है। इथोपिया के प्रधानमंत्री डॉ.अबी अहमद अली ने राजधानी अदीस अबाबा के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित किए गए एक विशेष समारोह में पीएम को अपने देश का यह महत्वपूर्ण सम्मान प्रदान किया। इसी के साथ प्रधानमंत्री को दुनियाभर के देशों से अब तक प्रदान किए गए सर्वोच्च सम्मानों की कुल संख्या 25 के करीब हो गई है। वहीं, वह दुनिया के ऐसे पहले वैश्विक नेता बन गए हैं। जिन्हें इथोपिया के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है।

सम्मान समारोह को संबोधित करते सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विश्व की अति-प्राचीन और समृद्ध इथोपियाई सभ्यता द्वारा सम्मानित किया जाना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। मैं, 140 करोड़ भारतवासियों की ओर से इस सम्मान को पूरी विनम्रता और कृतज्ञता के साथ स्वीकार करता हूं। साथ ही उन्होंने इथोपियाई प्रधानमंत्री डॉ.अली के प्रति भी हृदय से आभार जताया। विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है।

#### असंख्य भारतीयों के योगदान को सराहा

उन्होंने कहा, ये सम्मान उन अनगिनत भारतीयों का भी है, जिन्होंने दोनों देशों की साझेदारी को आकार देने में योगदान दिया है। 1896 के संघर्ष में सहयोग देने वाले गुजराती व्यापारियों से लेकर इथोपिया की मुक्ति के लिए लड़ने वाले भारतीय सैनिक या शिक्षा, निवेश के माध्यम से भविष्य संवारने वाले भारतीय शिक्षक और उद्योगपति तक इसमें शामिल रहे हैं। यह सम्मान इथोपिया के हर उस नागरिक का भी है, जिसने भारत पर विश्वास रखा और इस संबंध को हृदय से समृद्ध किया।

#### इथोपिया यात्रा 'नॉर्मन डिप्लोमेटिक विजिट' नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरी ये इथोपिया यात्रा कोई सामान्य कूटनीतिक यात्रा नहीं है। क्योंकि अगर ऐसा होता तो उसके लिए शायद बहुत समय लग जाता। लेकिन इथोपियाई लोगों का प्यार और अपनापन ही था। जो मुझे महज 24 दिनों के अंदर यहां खींच लाया। पिछले नवंबर महीने में दक्षिण-अफ्रीका में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर पीएम अली के साथ हुई मुलाकात का विशेष तौर पर उल्लेख करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि इस दौरान ही आपने बेहद स्नेह और अधिकार के साथ मुझसे इथोपिया की यात्रा करने का अनुरोध किया था। मैं अपने प्रिय मित्र, भाई का यह स्नेह निमंत्रण भला कैसे टाल सकता था। इसलिए पहला मौका मिलते ही मैंने इथोपिया आने का निश्चय किया।

**इथोपिया के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित होने वाले पहले वैश्विक नेता बने भारत के प्रधानमंत्री**



#### बताई 'सा विद्या या विमुक्तये' वाली सोच

पीएम मोदी ने शिक्षा को किसी भी राष्ट्र की आधारशिला बताया और भारत की 'सा विद्या या विमुक्तये' यानी ज्ञान हमें आजादी देता है वाली सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि मुझे गर्व है कि दोनों देशों के संबंधों में सबसे बड़ा योगदान हमारे शिक्षकों का रहा है। इथोपिया की महान संस्कृति ने इन्हें यहां आकर्षित किया। जिसकी वजह से ये लोग यहां आए और इन्हें यहां की कई पीढ़ियों को तैयार करने का सौभाग्य मिला है। प्रधानमंत्री ने बताया कि आज भी कई भारतीय इथोपियाई विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च-शिक्षण संस्थानों में बतौर फैकल्टी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

#### विजन+भरोसा= भविष्य की साझेदारी

उन्होंने कहा कि भविष्य केवल उन्हीं साझेदारियों का होता है। जो विजन और भरोसे पर आधारित होती हैं। भारत, इथोपिया के साथ ऐसे सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। जो बदलती हुई वैश्विक चुनौतियों का समाधान भी करे और नई संभावनाओं का निर्माण भी करे।


#### ग्लोबल साउथ पर टिकी सबकी निगाहें

वर्तमान में पूरी दुनिया की नजरें ग्लोबल साउथ पर टिकी हुई हैं। ऐसे में इथोपिया का स्वाभिमान, स्वतंत्रता और आत्म-गौरव की चिरकालीन परंपरा हम सभी के लिए सशक्त प्रेरणा है। ये सौभाग्य की बात है कि इस महत्वपूर्ण कालखंड में इथोपिया की बागडोर डॉ.अबी के कुशल हाथों में है। 'मेडेमर' की सोच और विकास के संकल्प के साथ वह जिस तरह से इथोपिया को प्रगति के पथ पर आगे ले जा रहे हैं। वो पूरी दुनिया के लिए एक उज्जवल उदाहरण है। पर्यावरण संरक्षण से लेकर समावेशी विकास हो या फिर विविधता भरे समाज में एकता बढ़ाना, उनके प्रयास, प्रयत्नों तथा प्रतिबद्धता की मैं हृदय से सराहना करता हूं।

#### यात्रा में मिला अविस्मरणीय अनुभव

पीएम ने इथोपिया की धरती पर की गई अपनी इस यात्रा को सौभाग्य की बात बताते हुए कहा कि यहां आते ही मुझे इथोपियाई लोगों से एक अद्भुत अपनापन और आत्मीयता मिली है। प्रधानमंत्री अबी मुझे हवाईअड्डे पर लेने के लिए आए, फ्रेंडशिप पार्क और साइंस म्यूजियम लेकर गए। यहां के शीर्ष नेतृत्व से मेरी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई है। यह सब कुछ अपने आप में एक अविस्मरणीय अनुभव है।

## ईरान के तट पर साइलेंट गार्जियन



**तेहरान।** भारतीय तटरक्षक बल का अत्याधुनिक जहाज 'आईसीजीएस सार्थक' ईरान के रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह पर लंगर डाल चुका है। ओमान की खाड़ी में लहरों का शोर वही है, लेकिन हवाओं का रुख बदल चुका है। बुधवार को जब इंडियन कोस्ट गार्ड का जहाज आईसीजीएस सार्थक ईरान के चाबहार बंदरगाह पर पहुंचा, तो कूटनीतिक गलियारों में हलचल मच गई। इसे हिंद महासागर में भारत की बदलती और आक्रामक रणनीति के तौर पर देखा जाने लगा। भारत का यह 'साइलेंट गार्जियन' अब दुश्मन की दहलीज के ठीक बगल में खड़ा है, जिसने समंदर की बिसात पर भारत की स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है।

### राहुल ने म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू प्लांट देखा

## कहा-भारत में मैन्युफैक्चरिंग में तेजी से आ रही है गिरावट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को जर्मनी में कहा, मैन्युफैक्चरिंग मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ होती है। दुर्भाग्य से भारत में मैन्युफैक्चरिंग में गिरावट आ रही है। विकास को तेज करने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करना होगा। मैन्युफैक्चरिंग का इकोसिस्टम बनाना होगा। राहुल गांधी प्रोग्रेसिव अलायंस के आमंत्रण पर तीन दिन के दौरे पर आज जर्मनी पहुंचे। ये अलायंस दुनियाभर की 117 प्रगतिशील राजनीतिक पार्टियों का एक प्रमुख समूह है। राहुल ने पहले दिन म्यूनिख स्थित ऑटोमोबाइल कंपनी बीएमडब्ल्यू के मुख्यालय का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न कारों और मोटरसाइकिलों के बारे में जानकारी ली।



बीएमडब्ल्यू बाइक पर राहुल गांधी

### राष्ट्रपति ट्रंप का नया फरमान

## अमेरिका ने सीरिया और माली समेत 39 देशों में ट्रैवल बैन बढ़ा दिया

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने पूर्ण यात्रा प्रतिबंध के दायरे में आने वाले देशों की सूची का विस्तार करते हुए सीरिया समेत सात और देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगा दी है।



व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप ने प्रतिबंध के लिए घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कदम के तहत बर्किना फासो, माली, नाइजर, दक्षिण सूडान, सीरिया और फलस्तीनी प्राधिकरण द्वारा जारी यात्रा दस्तावेजों वाले नागरिकों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस कार्रवाई के तहत लाओस और सिएरा लियोन पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिन पर पहले केवल आंशिक प्रतिबंध लागू थे। यह विस्तारित प्रतिबंध एक जनवरी से प्रभावी होगा।

यह कार्रवाई ट्रंप के उस वादे के बावजूद की गई है जिसमें उन्होंने सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शारा के साथ नवंबर में हुई वार्ता के बाद सीरिया को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही थी।

#### यूएस ने वेनेजुएला में तेल टैंकरों को घेरा

*अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बड़ा कदम उठाते हुए वेनेजुएला में आने और वहां से जाने वाले सभी प्रतिबंधित तेल टैंकरों पर पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया है। यह कदम वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है। ट्रंप के इस नए कदम से दक्षिण अमेरिकी देश की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ने वाला है।*

### बदलती वैश्विक परिस्थितियों पर वित्त मंत्री ने कहा

## मुल्कों ने शुल्कों को वैश्विक व्यापार के लिए हथियार की तरह इस्तेमाल किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को वैश्विक व्यापार की बदलती और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शुल्कों और अन्य उपायों के जरिए वैश्विक व्यापार को तेजी से 'हथियार' बनाया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस माहौल में भारत को बहुत सावधानी से अपना रास्ता तय करना होगा, और देश की समग्र आर्थिक मजबूती उसे एक अतिरिक्त लाभ प्रदान करेगी। वित्त मंत्री ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि अब यह पूरी तरह साफ हो चुका है कि वैश्विक व्यापार 'मुक्त और निष्पक्ष' नहीं रह गया है। भारत पर अक्सर लगाए जाने वाले आरोपों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, भारत को यह कहकर लेक्चर दिया जा सकता है कि आप बहुत अंतर्मुखी हैं, आप 'टैरिफ किंग' हैं, वगैरह। लेकिन हकीकत यह है कि आज टैरिफ को ही हथियार बना दिया गया है।



### भारतीय सेना की मारक शक्ति में एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया

# उड़ता हुआ टैंक कहे जाने वाले 3 अपाचे हेलिकॉप्टर अमेरिका ने भारत को सौंपे, अब पाकिस्तान से सटी सीमा पर होंगे तैनात

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सेना की युद्ध क्षमता में मंगलवार को एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया। अमेरिका ने एएच-64ई अपाचे अटैक हेलिकॉप्टरों का दूसरा और अंतिम बैच भारतीय सेना को सौंप दिया है। इस डिलीवरी के साथ ही सेना को अपने सभी 6 अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर मिल गए हैं, जिससे देश की सीमा सुरक्षा और आक्रामक क्षमता को नई धार मिली है।

अमेरिका से आए ये तीन अत्याधुनिक अपाचे हेलीकॉप्टर गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर उतरे। इसके बाद इन्हें राजस्थान के जोधपुर में स्थित 451 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन में शामिल किया जाएगा, जहां से ये रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इलाकों में तैनात किए जाएंगे। इन अपाचे हेलीकॉप्टरों को भारतीय सेना ने सनातन हिंदू परंपरा के अनुसार विधिवत पूजन के साथ अपने बेड़े में शामिल किया। मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि के साथ हुए इस पूजन ने यह स्पष्ट किया कि भारत में आधुनिक युद्ध तकनीक और हजारों वर्षों पुरानी सैन्य परंपराएँ साथ-साथ चलती हैं। सेना के जवानों द्वारा किया गया यह पूजन न केवल आस्था का प्रतीक था। बल्कि यह संदेश भी कि भारत अपने शस्त्रों को केवल हथियार नहीं, बल्कि राष्ट्र रक्षा का माध्यम मानकर सम्मान देता है।



पूजन करते सेना के अधिकारी

#### अपाचे को फ्लाइंग टैंक भी कहते हैं

अमेरिका में निर्मित एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर को दुनिया के सबसे घातक और भरोसेमंद मल्टीरोल अटैक हेलीकॉप्टरों में गिना जाता है। इसकी असाधारण मारक क्षमता और युद्ध क्षेत्र में टिके रहने की ताकत के कारण इसे फ्लाइंग टैंक कहा जाता है। अपाचे हेलीकॉप्टरः हेलफायर मिसाइल, 70 मिमी रॉकेट, 30 मिमी चेन गन से लैस होते हैं, जिससे यह दुश्मन के बंकरों, टैंकों, सैन्य ठिकानों और एयर डिफेंस सिस्टम को सटीक तरीके से नष्ट करने में सक्षम है।

#### अमेरिकी दूतावास ने किया स्वागत

एएच-64ई अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर्स की अंतिम खेप भारत पहुंचने पर अमेरिकी दूतावास ने इसका स्वागत किया। दूतावास ने कहा कि भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी की तहत किए गए वादे को पूरा किया गया है। इन हेलिकॉप्टर्स की डिलीवरी में पहले कई बार देरी हुई थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109